RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 231
नई दिल्ली, बुधवार, 29 जून, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर



कैटरीना कैफ की फोन भूत अक्टूबर में होगी रिलीज
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# भाजपा ने राज्यपाल से की फ्लोर टेस्ट की मांग

**महाराष्ट्र संकट**

- भगत सिंह कोश्यारी से मिले देवेंद्र फडणवीस, कहा- उद्धव सरकार अल्पमत में, बहुमत साबित करने को कहा जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, नई दिल्ली



नई दिल्ली में जेपी नड्डा के आवास से निकल कर बाहर आते देवेंद्र फडणवीस

**शिवसेना** के नेता एवं मंत्री एकनाथ शिंदे की बगावत से महाराष्ट्र में उत्पन्न राजनीतिक स्थिति में एक सप्ताह तक इंतजार करने के बाद भारतीय जनता पार्टी मंगलवार को हरकत में आई और पार्टी नेता देवेंद्र फडणवीस ने रात में राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। इससे पहले दिन में दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने वाले फडणवीस रात करीब 10 बजे राजभवन पहुंचे और कोश्यारी से मुलाकात की।

फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, हमने राज्य में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए राज्यपाल को एक पत्र सौंपा। हमने राज्यपाल कोश्यारी से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, हमने कोश्यारी को बताया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार अल्पमत में है क्योंकि शिवसेना के 39 विधायक कांग्रेस और राकांपा से नाता तोड़ना चाहते हैं। इससे पहले महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उठापटक के बीच राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। शिवसेना खेमे में विद्रोह के बाद फडणवीस बेहद सक्रिय देखे जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अगर एमवीए सरकार अल्पमत में आती है तो भाजपा, शिवसेना के बागियों के साथ सरकार बना सकती है। माना जा रहा है कि फडणवीस ने दोनों नेताओं को महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रमों से अवगत कराया और राज्य में पार्टी की भावी रणनीति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, फडणवीस ने भाजपा सांसद और वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी के साथ शाह से मुलाकात की।

फडणवीस की भाजपा के शीर्ष नेताओं से यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब बागी नेता शिंदे ने दावा किया कि गुवाहाटी में उनके साथ 50 विधायक हैं और वे स्वेच्छा से तथा हिंदुत्व की राजनीति को आगे ले जाने के लिए यहां पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि फडणवीस और जेठमलानी ने शाह के साथ शिवसेना के बागी विधायकों और कुछ निर्दलीय विधायकों के साथ सरकार बनाने के विकल्पों और इससे संबंधित कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। शाह से मुलाकात के बाद फडणवीस ने पार्टी अध्यक्ष नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की ( शेष पेज 8 )

## उद्धव ने की बागी विधायकों से लौट आने की भावुक अपील

- शिंदे ने आदित्य ठाकरे व राउत के बयानों का हवाला दे किया करारा पलटवार
- मुख्यमंत्री ने एक सप्ताह में तीसरी बार विधायकों से मुम्बई आकर बातचीत करने की बात कही

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**एक-एक** कर नौ मंत्रियों समेत 40 से अधिक विधायकों के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने गुवाहाटी पहुंचने के बावजूद अभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। संकट का समाधान तलाशने के लिए ठाकरे ने मंगलवार को भावुक अपील करते हुए विद्रोह करने वाले विधायकों से वापस लौटने को कहा।

मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि नाराज विधायक मुम्बई लौट आएं और मुझसे अपनी बात रखें, ताकि राजनीतिक संकट को खत्म किया जा सके। हालांकि, मुख्यमंत्री द्वारा बागी विधायकों से लौटने की अपील करने के कुछ घंटों बाद ही शिंदे ने उनका जवाब देते हुए ट्वीट कर कहा कि एक तरफ आपका बेटा आदित्य ठाकरे और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने पूज्य बालासाहेब ठाकरे के शिवसैनिकों को सूअर, गटर-बक, कुत्ते, मवेशी, मूर्ख, लाश आदि कहा और यहां तक कि उनके पिता का नाम भी बीच में घसीटा गया, दूसरी ओर उद्धव ठाकरे उन्हीं विधायकों से वापस लौटने की अपील कर रहे हैं। इसका क्या मतलब निकाला जाए?

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उद्धव ने शिवसेना के सभी विधायकों से लौटने की अपील की है। ठाकरे ने कहा कि शिवसेना परिवार के मुखिया के रूप में उन्होंने नाराज विधायकों के विचारों का सम्मान किया और अपने दिल से यह स्पष्ट कर ( शेष पेज 8 )

# मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति से की मुलाकात



अबुधाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से वार्ता करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भाषा।** अबुधाबी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर व्यक्तिगत संवेदना व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, एक विशेष सद्भाव के तहत, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ, प्रधानमंत्री से मिलने के लिए अबूधाबी हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मोदी ने अरबी एवं अंग्रेजी भाषाओं में ट्वीट किया, मैं अपने भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के विशेष सद्भाव से प्रभावित हूं जो मेरी अगवानी के लिए अबुधाबी हवाई अड्डे पर आए। उनका आभारी हूं।

पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात के नेता के नए राष्ट्रपति के रूप में चुनाव के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात है। शेख मोहम्मद के साथ अपनी मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने शेख खलीफा के निधन पर व्यक्तिगत रूप से संवेदना व्यक्त की। शेख खलीफा का लंबी बीमारी के बाद 73 साल की आयु में 13 मई को निधन हो गया था। मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए उन्हें एक महान राजनेता और दूरदर्शी नेता बताया था जिनके नेतृत्व में दोनों देशों के संबंध समृद्ध हुए। भारत ने शेख खलीफा के निधन के बाद एक दिन के राजकीय शोक की भी घोषणा की थी। शेख खलीफा संयुक्त अरब अमीरात के संस्थापक राष्ट्रपति शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान के सबसे बड़े पुत्र थे। वह तीन नवंबर 2004 से अपनी मृत्यु तक संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक रहे। मोदी जर्मनी में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद यहां संक्षिप्त यात्रा पर पहुंचे।

प्रधानमंत्री ने जर्मनी में शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व के कई नेताओं से मुलाकात की और वैश्विक कल्याण एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई 2019-20 में चीन और अमेरिका के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार ( शेष पेज 8 )

# नूपुर शर्मा के बयान का समर्थन करने पर हिंदू दर्जी की गला काट कर हत्या

- राजस्थान में दो कट्टरपंथी युवकों ने जघन्य वारदात को दिया अंजाम

**एजेंसियां।** जयपुर




दर्जी कन्हैयालाल से कपड़ों के लिए नापजोख करता रियाज। बाद में उसने अपने साथी गौस मुहम्मद की मदद से उनका गला रेत दिया

**राजस्थान** में उदयपुर के धानमंडी थानाक्षेत्र में सोमवार को दो कट्टरपंथी युवकों रियाज और गौस मुहम्मद ने मिलकर एक हिंदू दर्जी की गला काटकर हत्या कर दी और सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर कहा कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा किया। माना जा रहा है कि दर्जी ने नूपुर शर्मा के विवादित बयान का समर्थन किया था।

उसी के बाद उसे धमकियां दी गयीं और बाद में गला काट कर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद प्रदेशभर में आगामी 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद किए जाने, सभी जिलों में आगामी एक माह तक धारा 144 लागू करने, उदयपुर के सात थाना क्षेत्रों में अगले आदेश तक कर्फ्यू लगा दिया गया है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। दिन दहाड़े हत्या को अंजाम देने वाले दोनों शख्स ( शेष पेज 8 )

## केंद्र ने एनआईए की टीम भेजी

**नई दिल्ली।** केंद्र उदयपुर में एक दर्जी की नृशंस हत्या को आतंकवादी हमला मान रहा है और मंगलवार रात आतंकवाद निरोधी जांच एजेंसी एनआईए की एक टीम वहां भेजी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर कहा कि प्रथम दृष्टया यह किसी आतंकी हमले की तरह लग रहा है।

# मोहम्मद जुबैर से पूछताछ के लिए हिरासत की अवधि चार दिन बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पुलिस हिरासत में पत्रकार मोहम्मद जुबैर

**दिल्ली** की एक अदालत ने एक हिंदू देवता के खिलाफ 2018 में एक आपत्तिजनक ट्वीट करने से जुड़े मामले में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर से पूछताछ के लिए हिरासत की अवधि मंगलवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट स्निग्धा सरवरिया ने दिल्ली पुलिस और आरोपी की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुनाया।

दिल्ली पुलिस ने जुबैर की हिरासत में पूछताछ की एक दिन की अवधि समाप्त होने के बाद उसे मंगलवार को सरवरिया के समक्ष पेश किया और आरोपी की हिरासत पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध अदालत से किया। पुलिस ने अदालत से कहा कि आरोपी जांच एजेंसी के साथ सहयोग नहीं कर रहा और उस उपकरण के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उससे हिरासत में पूछताछ जरूरी है जिससे आरोपी ने ट्वीट किया था। सुनवाई के दौरान मोहम्मद जुबैर की ओर से वकील ने अदालत में कहा कि आरोपी ने ट्वीट में जिस तस्वीर का इस्तेमाल किया था वह 1983 में आई ऋषिकेश मुखर्जी की हिंदी फिल्म किसी से ना कहना की है और उस फिल्म पर रोक नहीं लगी थी।

हालांकि, अदालत ने इस दलील को खारिज कर दिया। न्यायाधीश ने तीन पन्नों के आदेश में कहा, कथित ट्वीट को पोस्ट करने के लिए आरोपी मोहम्मद जुबैर द्वारा इस्तेमाल उसके मोबाइल फोन या लैपटॉप को उसके बताए अनुसार उसके बेंगलोर आवास से बरामद करना है और आरोपी ने अब तक ( शेष पेज 8 )




## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,177 | ↑ 16 | |
| निफ्टी | 15,850 | ↑ 18 | |
| सोना | 50,770 | ↑ 52 | /10g |
| चांदी | 60,128 | ↓ 60 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ओएनजीसी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**नई दिल्ली।** सार्वजानिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के तीन कर्मचारियो समेत चार लोगों की मंगलवार को अरब सागर में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से मौत हो गई। कंपनी के अनुसार, पवन हंस के नए हेलीकॉप्टर में दो पायलट सहित नौ लोग सवार थे। यह हादसा मुंबई तट से 50 समुद्री मील दूर करीब 11:45 बजे हुआ। इस मामले की जानकारी से पूरी तरफ वाकिफ ओएनजीसी के अधिकारियों ने बताया कि यह हेलीकॉप्टर छह सिकोरस्की एस-76डी हेलीकॉप्टरों का हिस्सा था। इसे पवन हंस ने हाल ही में माइलस्टोन एविएशन ग्रुप से पट्टे पर लिया था। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना का शिकार होने से पहले हेलीकॉप्टर अपने गंतव्य यानी ओएनजीसी के सागर किरण रिग से लगभग चार से पांच मिनट दूर था।

# सोशल मीडिया पर 54 फीसदी लोगों को पक्का भरोसा

- तथ्यों को साझा करने वाले 87 फीसदी लोग समझते हैं इन्हें सही
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के वैश्विक अध्ययन में किया गया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**गलत** सूचनाओं और झूठे दावों को लेकर चिंताओं के बावजूद, दुनिया भर के सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का मानना है कि जो जानकारी वे ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर पढ़ते और साझा करते हैं, वह तथ्यात्मक रूप से सही होती है। वहीं उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसके विश्वास का स्तर सबसे अधिक होता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) के एक वैश्विक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई कि भारत में कम से कम 54 फीसदी लोग तथ्यात्मक जानकारी की तलाश में सोशल मीडिया का रुख करते हैं।

अध्ययन में पाया गया कि भारत में, सोशल मीडिया से जानकारी साझा करने वाले 87 फीसदी लोग इसकी सत्यता में विश्वास रखते हैं, जो वैश्विक औसत तीन तिहाई से थोड़ा अधिक है। ओयूपी इंडिया की प्रबंध निदेशक सुमंत दत्ता ने कहा कि 87 फीसदी से अधिक भारतीय सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली सूचनाओं पर उनका भरोसा है, ऐसे में तथ्यात्मक अशुद्धियों और गलत सूचनाओं के संभावित प्रभाव को समझने ( शेष पेज 8 )

# रिलायंस जियो से मुकेश अंबानी का इस्तीफा, पुत्र आकाश को मिली कमान

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस में नई पीढ़ी को उत्तराधिकार सौंपने की प्रक्रिया शुरू होती दिख रही है। रिलायंस के प्रमुख मुकेश अंबानी ने दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो के चेयरमैन पद से इस्तीफा देकर और अपने बड़े पुत्र आकाश अंबानी को इसकी कमान सौंपकर उत्तराधिकार योजना पर अमल के संकेत दे दिए हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में शीर्ष स्तर पर हुए इस बदलाव की जानकारी दी। इसके मुताबिक कंपनी के निदेशक मंडल की 27 जून को हुई बैठक में गैर-कार्यकारी निदेशक आकाश को चेयरमैन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके पहले 65 वर्षीय मुकेश अंबानी ने रिलायंस जियो के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था। जियो रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ( शेष पेज 8 )

# पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर डकैती डालने वाले बदमाशों से मुठभेड़

## दो आरोपियों के पैर में लगी गोली, एक सप्ताह पहले की थी वारदात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

करीब 9 दिनों पहले ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर डकैती करने वाले 5 बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के दौरान 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी है। जबकि, तीन बदमाशों को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार जिस दौरान बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर किया जा रहा था, उस समय इन बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए गोली चलाना शुरु कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दो बदमाशों के पैर में लगी है। इसी दौरान तीन बदमाश मौके से भाग रहे थे, लेकिन पुलिस ने उनको भी दबोच लिया है। इन बदमाशों ने ग्रेटर नोएडा में करीब 9 दिनों पहले ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर डकैती की थी ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 9 दिनों पहले ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर एक वारदात हुई थी।



घायल बदमाशों को ले जाती पुलिस।



वारदात में प्रयोग में लाई गई कार

एक वैगनआर गाड़ी में सवार करीब 5 बदमाशों ने एक ट्रक चालक से ट्रक लूट लिया था। यह ट्रक फरीदाबाद से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से होता हुआ ग्रेटर नोएडा की तरफसे रवाना हो रहा था।

बदमाशों ने दादरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आजायब पुर इलाके में अपनी वैगनआर गाड़ी को ट्रक के आगे लगाकर पहले चालक के साथ मारपीट की और फिर उसको बंधक बना लिया। इस मामले में पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने उसको गाड़ी में बंधक बनाकर काफी समय तक एक्सप्रेसवे पर घुमाया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई थी। मारपीट करने के बाद बदमाशों ने ट्रक चालक को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जिसकी वजह से वह बेहोश हो गया और बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।



बरामद हथियार।

इस मामले में मंगलवार की सुबह बिसाहड़ा अंडरपास के नीचे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में 2 बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। जिनकी पहचान अकबर और कुलदीप के रूप में हुई है। दोनों बदमाश बागपत के रहने वाले है।

इसके अलावा अरमान, अब्बास और सोनू उर्फनिजाम को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से पुलिस ने देसी तमंचा, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की एक कार बरामद की है।

# 20 गांवों में बनेंगे खेलकूद के मैदान, जमीन चिन्हित

**● योगा केंद्र, जिम और जॉगिंग ट्रैक की भी होगी सुविधा**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के 20 गांवों में खेलकूद के मैदान बनेंगे। इन खेलकूद के मैदानों में योगा केंद्र, जिम और जॉगिंग ट्रैक भी होंगे।

ग्रेटर नोएडा में खेलकूद के साथ ही ग्रामीणों में सेहत के प्रति जागरुकता लाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडल के कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर खेलकूद के मैदानों में इन सुविधाओं को भी शामिल किया गया है। इन 20 गांवों में जमीन भी चिंहित कर ली गई है। ग्रेटर नोएडा से तमाम खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहीं हैं।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडल के कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह की मंशा है कि गांवों में खेलकूद की और अधिक सुविधाएं विकसित की जाएं। वे हर गांव में खेलकूद की सुविधाएं विकसित करना चाहते हैं। इसीलिए नियोजन, भूलेख व प्रोजेक्ट विभाग को जमीन चिंहित करने के निर्देश दे चुके हैं।

इस पर अमल करते हुए प्राधिकरण अब तक 20 गांवों में खेलकूद के मैदान चिंहित कर चुका है। ये गांव बादलपुर, धूम मानिकपुर, सैनी, खोदना खुर्द, जलपुरा, पतवाड़ी, ऐमनाबाद, खेड़ा चौगानपुर, हल्दौनी, हबीबपुर, रिठौरी, पाली, कुलीपुरा, रौनी, अमीनाबाद उर्फ नियाना, अमरपुर, दादूपुर दनकौर अस्तौली, घंघोला, रामपुर माजरा हैं।

सीईओ ने हाल ही में समीक्षा बैठक करते हुए इन गावों में खेलकूद के मैदान षीघ्र विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इन खेलकूद के मैदानों में योगा केंद्र, जिम और जॉगिंग ट्रैक की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, ताकि हर उम्र के लोग अपनी सेहत बना सकें। उनको और अधिक सेहतमंद बनने के लिए जागरूक किया जा सके। समीक्षा बैठक में सीईओ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अन्य विकास परियोजनाओं, मसलन फु टओवर ब्रिज, सामुदायिक केंद्र, वेंडर मार्केट, एलईडी स्ट्रीट लाइट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सीईओ ने इन परियोजनाओं को भी तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय से पहले निपटाने के निर्देश दिए।

# 12 करोड़ में बनेगा बायोडायवर्सिटी पार्क, नगर निगम ने मांगे टेंडर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए टेंडर मांगने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

यह पार्क नया बस अड्डा महामाया स्टेडियम के पीछे करीब 36 एकड़ जमीन में बनाया जाएगा। इस जमीन पर कभी साई उपवन विकसित किया गया था। मगर चमन कॉलोनी के गंदे नाले का पानी भर जाने के कारण इस जमीन पर खड़े करीब 64 हजार पेड़ सूख गए। तब से यह जमीन खाली है। इस जमीन पर नगर निगम अभी लंबे समय से कूड़ा डालता आ रहा था। अब नगर निगम इस जमीन पर ही बायोडायवर्सिटी पार्क को विकसित करेगा। नगर निगम अब इस पार्क को विकसित करने के लिए टेंडर मांगने की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। अब जल्दी ही टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूरी होगी।

वैसे इससे पहले भी दो बार निगम इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर मांग चुका है। तब दोनों बार में एक ही टेंडर आया था। इस बार निगम को उम्मीद है कि मानक के हिसाब से तीन या इससे अधिक टेंडर आ रहे है। उद्यान विभाग को इस पार्क को विकसित करने के लिए पहले ही पैसे का आवंटन किया जा चुका है।

# यूपी बोर्ड स्कूलों में दाखिले के लिए दौड़, जुलाई से नया सत्र

**● जिलेभर के कई स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

*" एक जुलाई से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो जाएगा। 9वीं में अबतक सीटों से अधिक आवेदन आ चुके हैं। काफी बच्चों को दाखिला देना मुश्किल हो रहा है। मार्कशीट आने के बाद 11वीं में भी दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।"*

**-डॉ धर्मवीर सिंह**
जिला विद्यालय निरीक्षक

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित होने के बाद स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले के लिए दौड़ शुरू हो गई है।

कई स्कूलों ने तो मार्कशीट आने से पहले ही 11वीं कक्षा में प्रवेश लेने भी शुरू कर दिए हैं, हालांकि कुछ स्कूल मार्कशीट आने तक का इंतजार कर रहे है, जबकि 9वीं कक्षा में अधिकांश बड़े स्कूलों में दाखिले पूरे हो चुके हैं। इसका कारण कोरोना काल में सीबीएसई स्कूलों की फीस में बढ़ोत्तरी होना है, अभिभावक बच्चों को यूपी बोर्ड के स्कूलों में भेजना पसंद कर रहे हैं। कोरोना काल में बहुत से अभिभावकों का रोजगार चला गया।

वह अब बच्चों को सीबीएसई के महंगे स्कूलों में पढ़ाने में असमर्थ हो गए हैं। वहीं स्कूल खुलने के साथ ही स्कूलों ने फीस और परिवहन शुल्क में भी 80 फीसद तक इजाफा कर दिया, इस कारण उनका हाथ और तंग हो गया। परेशानियों को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यूपी बोर्ड के स्कूलों में कुछ सीटें सीबीएसई और अन्य बोर्ड के छात्रों के लिए आरक्षित कर दी थी।

# चीनी जासूसी मामले की जांच करेगी एसटीएफ

**● सभी दस्तावेज किए हासिल, आरोपियों ने उगले कई राज**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

चीनी जासूसों और उन्हें शरण देने वालों की गिरफ्तारी के बाद देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मामले की जांच यूपी एसटीएफने शुरू कर दिया है। यूपी एसटीएफके एसपी कुलदीप नारायण ने बताया कि यूपी पुलिस के महानिदेशक देवेंद्र सिंह चौहान के आदेश पर देर रात को इस मामले की जांच एसटीएफने अपने हाथों में ले लिया है।

उन्होंने बताया कि एसटीएफने मंगलवार की सुबह इससे संबंधित सारे दस्तावेज हासिल कर लिया है। एक विशेष टीम बनाकर इस मामले की जांच की जा रही है। एसटीएफ के अधिकारी सोमवार से गिरफ्तार 4 आरोपियों से भी गहनता से पूछताछ कर रहे हैं। इस दौरान आरोपियों ने कई गरे राज उगले है। चीनी जासूसों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार घरबरा गांव स्थित गेस्ट हाउस के मालिक रवि नटवरलाल ने पूछताछ में कई राज उगले हैं। आरोपी ने बताया कि नियम के अनुसार भारत में कारोबार करने वाली चीन की कंपनी में भारतीय निदेशक की नियुक्ति अनिवार्य है। इसका लाभ उठाने के लिए रवि ने कई कंपनियां तैयार कर ली थी। इन कंपनियों के नाम पर मोबाइल से जुड़े पार्ट्स और अन्य सामान की खरीद फरोख्त करता था। आरोपी आयात कर चोरी करके राजस्व को क्षति पहुंचा रहा था।



आरोपी ने चीन के दो नागरिकों के नाम भी उगले हैं, जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है। उनमें घरबरा स्थित गेस्ट हाउस का एग्रीमेंट करने वाला जानसन और दूसरा उसका साथी बिन बताया जा गया है। इसे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इसके तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रवि नटवरलाल को गिरफ्तार किया इससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इसके तीन अन्य सहयोगियों पुष्पेंद्र, हैलूंग नेइले नेवमें उर्फ एलन और प्रदीप को गिरफ्तार किया है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर किसानों को मुआवजा बांटना शुरू

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर.18 और सेक्टर.20 के 21 हजार आवंटियों के लिए प्राधिकरण ने किसानों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 64.7 प्रतिशत मुआवजा बांटना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने 353 किसानों को मुआवजा बांट दिया है। इससे सेक्टर-18 और सेक्टर.20 में प्राधिकरण के विकास कार्यों में आ रही रुकावट दूर हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार यमुना प्राधिकरण ने किसानों ने जमीन पर पजेशन देना शुरू कर दिया है। यमुना प्राधिकरण जल्द ही अधूरे पड़े सेक्टर.18 और सेक्टर.20 का निर्माण कार्यों को पूरा करेगा। इसके बाद दोनों सेक्टरों के 21 हजार आवंटियों को पजेशन मिलना शुरू हो जाएगा। जिससे आवंटी तय समय पर अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाइप लाइन टूटी, नंदग्राम में कई परिवार पानी को तरसे

**गाजियाबाद।** नंदग्राम की दीनदयालपुरी कॉलोनी में पानी की मेन लाइन पिछले करीब दस दिनों से टूटी हुई है। यहां के करीब पांच सौ से अधिक परिवार पीने के पानी को लेकर तंग है। इसके बाद भी नगर निगम यहां पाइप लाइन को ठीक नहीं कर पाया है। आरोप है कि नगर निगम और ठेकेदार यह कार्य एक दूसरे पर करने की बात कहकर टाल रहे है। नंदग्राम की दीनदयालपुरी कॉलोनी में पानी की सप्लाई के लिए एक ठेकेदार ने पाइप लाइन को तोड़ दिया। खुदाई के दौरान पाइप लाइन के टूट जाने के बाद सुबह और सायं हर रोज कई हजार लीटर पानी सडक पर बह रहा है। इस पाइप लाइन को ठीक नहीं होने से इस कॉलोनी की आधा दर्जन से अधिक गलियों में रहने वाले लोग काफी परेशान है। काफी दिनों से परेशान लोग पीने के पानी को खरीद कर पी रहे है।

### पांच थाना प्रभारियों को एसएसपी की चेतावनी

**गाजियाबाद।** बीती देर रात कप्तान मुनिराज ने एक साथ दो सर्किलों के पांच थानों मधुबन बापूधाम, कविनगर, कौशांबी, इंदिरापुरम व खोड़ा का ओआर किया। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों विशेषकर पांचों थानों के थानेदारों को निर्देश देते हुए कप्तान ने कहा कि लंबित एसआर केसेज व विवेचनाओं का निस्तारण करने में देरी ना लगायें। साथ ही वांछित बदमाशों को दबोचने और सक्रिय बदमाशों को भी जेल भेजने का काम तेज करें। इसके अलावा कप्तान ने उन्हें गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कप्तान ने दस्तावेजों के उचित रखरखाव व हिस्ट्रीशीटरों पर पैनी निगाह रखने के लिए भी उन्हें निर्देशित किया। कप्तान के सख्त तेवरों को देखकर एसी रूम में भी कई थानेदारों के माथे पर पसीना साफदिखाई दिया।

### हत्या के मामले में पति गिरफ्तार, दस पर केस दर्ज



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार किया है। मृतका के मायके वालों ने मृतका के पति सहित 10 लोगों पर दहेज के लिए मानसिक उत्पीड़न कर हत्या करने का आरोप लगाया था। ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में सोमवार को एक 23 वर्षीय विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला था। शिकायत में मृतका के पिता इंदर ने लिखा कि 2 वर्ष पहले ही उन्होंने अपनी बेटी की शादी विपिन नाम के युवक से की थी लेकिन उसके परिवार वाले लगातार दहेज का दबाव बना रहे थे और उसकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मृतका के पति विपिन को गिरधरपुर गांव के बाहर से गिरफ्तार कर लिया।

### ग्रेटर नोएडा में पॉलिथीन के इस्तेमाल पर लगेगी रोक



नोएडा। पर्यावरण के लिए घातक बन रहे पॉलिथीन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए आरएसीई का बुधवार से आगाज होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है। इसके अंतर्गत जन जागरुकता अभियान के साथ ही पॉलिथीन के इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई भी शामिल है। उत्तर प्रदेश में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगने जा रही है। एक जुलाई से पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफकार्रवाई भी होगी। जुर्माने के साथ ही कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है।

### बंधक बनाकर लाखों की लूट

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की वसुंधरा कॉलोनी के भवन संख्या 15/377 में रहने वाले ललित जोशी नामक अधेड़ को बंधक बनाकर अल्मारी में रखे 70 हजार से अधिक रुपए और लाखों के जेवरात लूटकर भाग गये। पुलिस को दी गई तहरीर में ललित जोशी ने बताया जब उनकी पत्नी जॉब पर गई हुई थीं, तब कुछ बदमाश उनके मकान पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश पिछले दिनों भी कई बार उनके यहां किराये का कमरा लेने के बहाने चाय.पानी पी चुके थे। इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने लूट के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिये। इस संदर्भ में एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि लूट के खुलासे के लिये कई टीम बनाई गई हैं।

# ग्रेनो प्राधिकरण को लगा करोड़ों का चूना

**● कौड़ियों के भाव में किसानों से खरीदी गई जमीन का प्राधिकरण से मोटी रकम का मुआवजा लिया गया**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में भी यमुना प्राधिकरण की तरह मास्टर प्लान से बाहर जमीन खरीदने का मामला सामने आया है। पहले कई भूमाफिया और प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों के रिश्तेदारों के नाम से जमीन खरीदी गई। यह जमीन अथॉरिटी के मास्टर प्लान से बाहर वाले गांवों में खरीदी गया। उसके बाद जमीन को प्राधिकरण ने खरीद लिया। कौड़ियों के भाव में किसानों से खरीदी गई जमीन का प्राधिकरण से करोड़ों रुपये मुआवजा लिया गया है। पता चला है कि यह जमीन 105 मीटर चौड़ा रोड बनाने के नाम पर 10 साल पहले खरीदी गई थी, लेकिन यह रोड आज तक बोड़ाकी गांव से आगे नहीं बढ़ पाई है।

ग्रेटर नोएडा में परी चौक से लेकर बुलंदशहर के गांवों कोटा.सनोटा के पास गंग नहर के किनारे-किनारे होते हुए हापुड़ और फिर पुरकाजी-हरिद्वार तक 105 मीटर चौड़ी सड़क बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। उस वक्त प्राधिकरण में दखल रखने वाले भूमाफिया और अफसरों के रिश्तेदारों ने प्रस्तावित सड़क का एलाइनमेंट हासिल किया। इसके रास्ते में पड़ने वाले खेतों की जमीन को रातों-रात खरीद लिया। यह सारे गांव ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मास्टर प्लान में शामिल नहीं थे। लिहाजा, जमीनों की कीमत बहुत कम थी।

### इन 17 गांवों में खरीदी जमीन

ग्रेटर नोएडा से 105 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए प्राधिकरण में 17 गांवों में जमीन की खरीद की थी। ये गांव बोड़ाकी, नई बस्ती, फूलपुर, खटाना धीरखेड़ा, घनुबास, उपरालसी, मुठियानी, गुलावठी, जारचा, बादलपुर, सादोपुर, धूम मानिकपुर, जोनसमाना समेत 17 गांव में जमीन खरीद डाली है।

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री टावर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति(यों) का विवरण, ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती रीना वर्मा (कर्जदार) श्री मुकुल वर्मा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00005243194/ एलबीडीईएल00005259497 | आइटम नंबर 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 20, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम कम्भीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरु साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस) एसआर(के)/48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरु विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16 /2013-14/6878/2013-14 दिनांकित 20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 47'-00" फीट, दक्षिणी साइड : 51'-40" फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30'-33" पश्चिमी साइड : 30'-00" फीट, कुल परिमाप : 1484 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 19, दक्षिण : साइट नंबर 21<br>आइटम नंबर 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 21, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम कम्भीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरु साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस) एसआर(के)/48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरु विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16 /2013-14/6878/2013-14 दिनांकित 20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 51'-40" फीट, दक्षिणी साइड : 55'-80" फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30'-33" पश्चिमी साइड : 30'-00" फीट, कुल परिमाप : 1617 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 20, दक्षिण : प्राइवेट सम्पत्ति | रू. 1,21,77,327.42/- (02 जून, 2022 को) | रू. 92,80,000/- / रू 9,28,000/- | 06-07-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | 21-07-2022 को पूर्वा. 11.00 से मध्या. 12.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – www.disposalhub.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 20-07-2022 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री टावर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068 में 20-07-2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करना चाहिए तथा उसके बाद उनको अपनी ऑफर, ईएमडी के भुगतान के प्रमाण हेतु डीडी की बैंक रसीद की स्कैन इमेज के साथ, उपरिवर्णित वेबसाइट पर 20-07-2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले, जमा करनी चाहिए। कृपया नोट करें कि संभावित बिडर अपनी ऑफर वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुत करने में असफल रहने की स्थिति में निविदा दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री टावर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068 में 20-07-2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में बेंगलुरू में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 9844542086/8008999536 पर अथवा मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के 9810029926/01244233933 पर सम्पर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेन्सीज 1. मैटेक्सनेट प्राइवेट लिमिटेड 9886643162 पर और 2. मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को भी इस सम्पत्ति की बिक्री सुकर बनाने हेतु अनुबंधित किया गया है।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : www.icicibank.com/n4p4s

तिथि : 29-06-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्णिमा/ नारायण कुमार यादव/ LBGUR00005409035 | डीडीए मिग फ्लैट नंबर-201, ग्राउंड फ्लोर, अक्षरधाम अपार्टमेंट, पॉकेट-3, सेक्टर-19, द्वारका, दिल्ली/ जून 24, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 1,91,340/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | राज कुमार/ विनय कुमार तिवारी/ LBDEL00004958887/ LBDEL00005105049 | डीडीए लिग, फ्लैट नंबर-239, पॉकेट-बी 2, चौथी मंजिल, लोकनायकपुरम, दिल्ली/ जून 24, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 15,49,516/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जून 29, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# उमस ने रुलाया, बिजली की रिकॉर्ड मांग

## खपत 7595 मेगावाट के पार पहुंची, 2 जुलाई 2019 को 7409 मेगावाट सबसे ज्यादा दर्ज हुई थी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में गर्मी के साथ बिजली की खपत का रिकार्ड टूट रहा है। इस मौसम में सबसे अधिक मांग रहने के साथ ही पिछले वर्ष का रिकार्ड भी टूट गया है। मंगलवार को दोपहर सवा तीन बजे मांग 7595 मेगावाट तक पहुंच गई।

इससे पहले 2 जुलाई 2019 को सबसे ज्यादा 7409 मेगावाट मांग दर्ज हुई थी। इस बार जिस तरह से मई और जून में ही खपत बढ़ी है। उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द ही बिजली की मांग का यह रिकार्ड भी टूट जाएगा।

बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उमस भरी गर्मी के कारण एयर कंडीशन, कूलर आदि का इस्तेमाल ज्यादा हो रहा है। इस कारण बिजली की खपत बढ़ी है।



पिछले कई दिनों से अधिकतम मांग सात हजार मेगावाट से ऊपर रह रही थी। मई के पहले पखवाड़ में यह सबसे अधिक रही।

मई में इससे पहले सिर्फ वर्ष 2018 और वर्ष 2019 में बिजली की मांग दर्ज की गई थी। दोनों वर्ष 6499 मेगावाट से ऊपर गई थी लेकिन माह के अंतिम सप्ताह में वर्ष 2020 में और वर्ष 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान यह मांग बहुत कम रही थी। वहीं इस साल मई के दूसरे सप्ताह में ही माग 62 सौ मेगावाट से ऊपर दर्ज की गई थी। अधिकारियों का दावा है कि मांग के बावजूद बिजली आपूर्ति में कहीं पेरशानी नहीं है। मांग के अनुरूप बिजली उपलब्ध हो रही है।

इस बीच मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली के कुछ हिस्सों में मंगलवार को हल्की बारिश हुई, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा कि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने कहा कि बुधवार और बृहस्पतिवार को शहर में गरज के साथ या बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। आसमान में बादल छाए रहेंगे। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में मंगलवार दोपहर को हल्की बारिश हुई। इनमें आईटीओ, मंडी हाउस, तिलक मार्ग, रिंग रोड, डीडीयू मार्ग, विकास मार्ग और लक्ष्मी नगर शामिल हैं। बुधवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 42 डिग्री सेल्सियस और 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। आईएमडी ने कहा कि दिल्ली के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों में कुछ राहत की उम्मीद की जा सकती है क्योंकि इस क्षेत्र में मानसून की शुरुआत के लिए स्थितियां अनुकूल हो रही हैं।

अरब सागर और गुजरात के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ हिस्सों, मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, पूरे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, पंजाब के कुछ हिस्सों, हरियाणा, चंडीगढ़ और पूरी दिल्ली में अगले 48 घंटों के दौरान यानी 30 जून से एक जुलाई तक मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। पहले 10 दिनों में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है।



राजधानी में उमस और गर्मी के चलते दोपहर को अपने दुपट्टे से धूप से बचाव करती बच्चियां। फोटो रंजन डिमरी।



# मुखर्जी नगर में दो शराबियों ने तीन लोगों को चाकू मारा

● दो दिन पहले बदमाशों के पार्क में आने पर युवक ने जातई थी आपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में शराब के नशे में धुत दो बदमाशों ने एक उद्यान के भीतर तीन लोगों को कथित तौर पर चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। एक घायल युवक ने बताया कि दो दिन पहले

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना मुखर्जी नगर इलाके के ढाका गांव में स्थित एक उद्यान के अंदर सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई। उसने बताया कि उसे घटना की जानकारी परमानंद अस्पताल प्रशासन से मिली, जहां तीनों घायलों रोहित (29), शिवम (27) और मनीष (34) का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक ये तीनों लोग उद्यान में बैठे थे, तभी दो युवक उनके पास आए और किसी दीपक नामक व्यक्ति के बारे में पूछने लगे। उसने बताया कि दोनों लोगों ने कथित रूप से शराब पी रखी थी। वे दीपक नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानते, जिसके बाद बदमाशों ने उन पर चाकू से वार करना शुरू कर दिया।

मनीष ने अपने बचाव में एक बदमाश को ईंट मारी, जिसके बाद वे घटनास्थल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को परमानंद अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि पीड़ितों के हाथों और पेट पर सतही चोटें आई हैं।

वे ठीक हैं और उनकी हालत स्थिर है। रोहित ने खुलासा किया कि दो दिन पहले, उसने इन्हीं दो युवकों को उद्यान के भीतर नशे की हालत में घूमते देखा था। रोहित ने उन्हें अगली बार से उद्यान में नहीं आने की चेतावनी दी थी।

# सौ करोड़ की ठगी में खनन माफिया धरा

● सात साल बाद आया पकड़ में, सीबीआई ने बैंक से 25 करोड़ के लोन मामले में 2018 में भी दर्ज की थी एफआईआर



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सौ करोड़ से अधिक की कर चुके खनन माफिया प्रदीप पालीवाल को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान के 4 मामलों में वह भगोड़ा घोषित था। पिछले सात सालों से कई राज्यों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। दौरान वह न केवल ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था बल्कि पुलिस को भी लगातार चकमा दे रहा था। इसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी होने पर जांच एजेंसियों से बचने के लिए वह सड़क मार्ग से ही सफर करता था और जिम्बाब्वे के नंबर से अपने परिचितों को व्हाट्सएप कॉल करता था। उसके अन्य साथी विनायक को भी पकड़ा गया जिसे सीबीआई के हवाले कर दिया गया है। संयुक्त आयुक्त छाया शर्मा ने बताया कि शकुंतला नामक एक महिला ने आर्थिक अपराध शाखा में एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत में बताया था कि उसे आरोपी ने 20 करोड़ रुपये में एक जमीन यह कहकर बेची थी यहां पर ग्रेनाइट की माइनिंग होती है।

इस जमीन का उसे 50 लाख रुपये महीना किराया मिलेगा। इसके बाद उसने यह जमीन खरीद ली लेकिन जब वह मौका मुआयना करने पहुंची तो पता चला कि यहां पर किसी प्रकार के ग्रेनाइट की माइनिंग नहीं है। इसके बाद उन्होंने आर्थिक अपराध शाखा में एफआईआर कराई थी। आर्थिक अपराध शाखा में आरोपी के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

# कांवड़ यात्रा के लिए 175 शिविर लगवाएगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार कांवड़ियों की सुविधा के लिए 175 शिविर स्थापित कराएगी, ताकि आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान उन्हें कोई असुविधा ना हो। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कोविड-19 महामारी के कारण कांवड़ यात्रा इस साल 14 जुलाई से 26 जुलाई तक दो साल के अंतराल के बाद आयोजित की जाएगी। कांवड़िया (भगवान शिव के भक्त) यात्रा के तहत अपने क्षेत्रों के शिव मंदिरों में चढ़ाने के लिए उत्तराखंड के हरिद्वार से गंगाजल लेकर आते हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह निर्णय लिया गया कि कांवड़ियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सरकार कांवड़ियों के लिए 175 शिविर लगवाएगी।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I have applied for issuance of certified copies of lost documents of Flat No. 1282 SFS Cat. 3 Gr. Floor, Kishangarh New Delhi 110070 in DDA. The original documents; Possession Letter & NOC to Water & Electricity have been lost. An NCR LR No. 416738 dated 19.5.22 to this effect has been lodged online. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with the undersigned at above address Mob No. 9582492653 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (SFS) Housing, D Block 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi.

P.C.Kulleen
1282 SFS Cat.3, Gr Floor
Kishangarh, New Delhi-70

**PUBLIC AUCTION**

I, on behalf of my client M/s Amrit Humifresh Preservation Pvt. Ltd., hereby give a public notice that my client possesses a lien upon 15 full boxes of Himachal Apples (Shimla), stored in the cold storage of my client situated at Piau Manihari, Narela Road, Kundli, Sonepat, Haryana, owing to the default in payment of Rs. 60,000/- which is due and payable by PG Fruit & Vege Co. My client is conducting a public auction on 'as is where is basis', which will be held on 30th June 2022 at 11 AM at the cold storage of my client. Successful bidder/auctioneer shall have to make/deposit the payment upon the delivery of the material on the date of public auction. The decision of my client shall be final and binding in this regard. For any further queries/further clarifications, you may send an email at : ahppl01@gmail.com.

PANKAJ GUPTA ADVOCATE
A-67, Second Floor, Defence Colony New Delhi-110024
Mob. : 9811022227

# मटियाला की अनधिकृत बस्तियों के पुनर्विकास के लिए 26 करोड़

● 19 किमी से अधिक सड़कों पर कंक्रीट के फुटपाथ बनाए जाएंगे



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मटियाला क्षेत्र में अनधिकृत कॉलोनियों के पुनर्विकास और वहां के निवासियों को बेहतर सड़क संपर्क प्रदान करने के लिए 26.69 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि परियोजना के तहत, क्षेत्र में 19 किमी से अधिक सड़कों पर कंक्रीट के फुटपाथ बनाए जाएंगे और एक बेहतर जल निकासी व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

सिसोदिया ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने इन अनधिकृत कॉलोनियों पर कोई ध्यान नहीं दिया और नतीजतन, उनके पास बुनियादी सुविधाएं तक नहीं है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल सरकार अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों के लिए काम कर रही है। सिसोदिया ने कहा, सरकार ने मटियाला में जल निकासी व्यवस्था में सुधार के लिए तूफानी जल निकासी और सीवर लाइनों के निर्माण की परियोजना को मंजूरी दे दी है, साथ ही अन्य क्षेत्रों के साथ इसकी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए निर्वाचन क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनियों में 153 से अधिक सड़कों का पुनर्विकास किया जाएगा। परियोजना के तहत शामिल किए जाने वाले क्षेत्र तारा नगर, हरि विहार (ब्लॉक ए, बी और सी), पटेल गार्डन एक्सटेंशन (ब्लॉक बी, सी, डी और ई) और उत्तम नगर (ब्लॉक यू) हैं।

उपमुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया और यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान आम जनता को कोई असुविधा न हो। बयान में कहा गया है कि यमुना नदी को साफ करने के दिल्ली सरकार के मिशन के तहत मटियाला विधानसभा क्षेत्र की कई कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने का काम भी जारी है।

# कश्मीरी गेट आईएसबीटी में यात्रियों को मिलेंगी सुविधाएं

● बस-वे, पार्किंग एरिया, कनेक्टिविटी और परिवहन के अन्य साधनों की उपलब्धता से भीड़-भाड़ होगी कम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कश्मीरी गेट अंतर्राज्यीय बस अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। परिवहन विभाग, मौजूदा ट्रांजिट हब को फिर से आकार देने, पुनर्गठित करने, यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और वहां भीड़ को कम करने का प्रयास कर रहा है।

विभाग द्वारा प्रस्तावित नई योजना के अनुसार, कश्मीरी गेट आईएसबीटी में इंट्रासिटी सरकारी बसों के लिए बस-बे होंगे जो यात्रियों को इंट्रा सिटी सरकारी बसों में चढ़ने और उतरने में मदद करेंगे और इमारत में प्रवेश किए बिना सीधे आईएसबीटी तक पहुंच सकेंगे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को कश्मीरी गेट पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निरीक्षण किया और आईएसबीटी मुख्य प्रवेश द्वार के करीब, इंट्रा सिटी सरकारी बसों तक सीधे पहुंचने के लिए चल रही



सुधार योजना की समीक्षा की। कैलाश गहलोत ने कहा कि आईएसबीटी के अंदर और बाहर जो नए सुधार कर रहे हैं, इससे कश्मीरी गेट आईएसबीटी एक विश्व स्तरीय ट्रांजिट हब होगा, जिस पर दिल्ली को गर्व होगा। पिछली व्यवस्थाओं के अनुसार, डीटीसी और क्लस्टर इंट्रासिटी बसों ने यात्रियों को कश्मीरी गेट आईएसबीटी से लगभग 400 से 500 मीटर की दूरी पर मोरी गेट बस स्टॉप पर उतारती है। इसके अतिरिक्त, डीटीसी, क्लस्टर और अंतरराज्यीय, इंटरसिटी बसें जीटी करनाल सड़क किनारे से प्रवेश करती हैं, जिससे मुख्य सड़क पर भारी भीड़भाड़ होती है। एक बार जब यह बस-वे शुरु हो जाएगा, तो यह आईएसबीटी के आसपास की मुख्य सड़कों पर भीड़भाड़ कम हो जाएगी।

इन बस- वे और आईएसबीटी दोनों से यात्री सुविधाजनक तरीके से पहुंच सकेंगे। चूंकि यह बस- वे बस टर्मिनल के मुख्य प्रवेश द्वार के पीछे हैं और यह कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 8 तक सीधा पहुंचेगा।

## सतीश शर्मा बने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की मंगलवार को शपथ ग्रहण की।

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उपराज्यपाल के सचिवालय राज निवास में एक समारोह के दौरान न्यायमूर्ति शर्मा को शपथ ग्रहण कराई। न्यायमूर्ति शर्मा इससे पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। जस्टिस शर्मा के पदभार संभालने से पहले तक दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस विपिन सांघी पदभार संभाल रहे थे। उनको अब उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।





न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा को पद व गोपनियता की शपथ दिलाते उपराज्यपाल।

## नालों से गाद निकालने के काम में भी भ्रष्टाचार : कांग्रेस

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस के नेता का कहना है कि राजधानी दिल्ली में मानसून दस्तक देने वाला है लेकिन दिल्ली सरकार भारी बारिश से निपटने के प्रति उदासीन है।

पीडब्लूडी मंत्री मनीष सिसोदिया सड़कों के सौदर्यीकरण में व्यस्त है जबकि मानसून के समय जल भराव, नालों की सफाई और सड़कों पर गड्ढों को भरना बेहद जरुरी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि हर साल की तरह नालों से गाद निकालने का काम जहां 31 मई तक पूरा हो जाना चाहिए। ऐसे में पीडब्लूडी और एमसीडी की यह घोषणा कि डिसिल्टिंग का काम चल रहा है और 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

# एडिटर्स गिल्ड ने की मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी की निंदा

## कई संगठनों ने एकजुट होकर शासन से ऑल्ट न्यूज के पत्रकार को तत्काल रिहा करने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोपों में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी की एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया और मुंबई प्रेस क्लब समेत कुछ पत्रकार संगठनों ने निंदा करते हुए मंगलवार को जुबैर को तत्काल रिहा किए जाने की मांग की है।

मीडिया संस्थाओं ने इस बात की ओर इशारा किया कि जुबैर के खिलाफ कार्रवाई उस दिन की गई है जब भारत ने जी-7 देशों के सम्मेलन में भाग लिया और ऑनलाइन तथा ऑफलाइन बोलने की आजादी को संरक्षण की वकालत की। गिल्ड ने



एक बयान में कहा कि स्पष्ट है कि ऑल्ट न्यूज की सतर्कता उन लोगों को रास नहीं आई जो दुष्प्रचार को समाज के ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल करते हैं। गिल्ड ने कहा कि जुबैर को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 153 तथा 295 के तहत गिरफ्तार किया गया है। यह अत्यंत निराशाजनक है क्योंकि जुबैर और उसकी वेबसाइट ऑल्ट न्यूज ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े तथ्यात्मक तरीके से फर्जी खबरों का पता लगाने तथा दुष्प्रचार अभियानों को धता बताने के लिए उत्कृष्ट काम किया है। गिल्ड ने कहा कि यह जरूरी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जर्मनी में जी-7 सम्मेलन में किए गए वादों को पूरा किया जाए ताकि ऑनलाइन और ऑफलाइन सामग्री की रक्षा करके एक लचीला लोकतंत्र बनाया जा सके। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने कहा कि जुबैर को हड़बड़ी में गिरफ्तार करने की दिल्ली पुलिस की कार्रवाई दिखाती है। मुंबई प्रेस क्लब ने कहा, जुबैर को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से भी इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं। ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक प्रतीक सिन्हा ने आरोप लगाया कि जुबैर को उस मामले में गिरफ्तार किया गया जिसके लिए पुलिस ने कोई नोटिस नहीं दिया था। इससे पहले डिजिटल मीडिया संस्थानों के एक निकाय ने जुबैर की गिरफ्तारी की निंदा की थी और दिल्ली पुलिस से जुबैर के खिलाफ मामला तत्काल वापस लेने को कहा। डिजिपब ने बयान जारी कर कहा कि लोकतंत्र में सभी लोगों को अभिव्यक्ति और बोलने की आजादी का अधिकार है, ऐसे में इस तरह के सख्त कानूनों को पत्रकारों के खिलाफ औजार के तौर पर इस्तेमाल करना न्यायोचित नहीं है।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया आपातकाल

ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वुमन्स एसोसिएशन की सदस्य कविता कृष्णन ने मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि मैं विश्व में लोकतंत्रों के नेताओं और अंतरराष्ट्रीय मीडिया से अधिक अपेक्षा रखती हूं। जब प्रधानमंत्री मोदी अंतरराष्ट्रीय मंच पर जाते हैं तो उनसे भारत में पत्रकारों और कार्यकर्ताओं के साथ बर्ताव के बारे में पूछा जाना चाहिए। अनहद की संस्थापक शबनम हाशमी ने आरोप लगाया कि यह वक्त आपातकाल से भी बुरा है। एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया के बोर्ड के अध्यक्ष आकार पटेल ने कहा कि भारतीय प्राधिकार जुबैर पर इसलिए निशाना साध रहे हैं क्योंकि वह फर्जी खबरों और दुष्प्रचार में वृद्धि के खिलाफ काम कर रहे हैं।

### मदनी ने गिरफ्तारी को भेदभावपूर्ण बताते हुए शाह को लिखा पत्र

जमीयत उलेमा-ए-हिंद (महमूद मदनी समूह) के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने ऑल्ट न्यूज़ के सह संस्थापक मोहम्मद ज़ुबैर की गिरफ्तार को भेदभावपूर्ण बताते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में कहा कि जो लोग खुलेआम नफरत फैलाने वाले भाषण देते हैं, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता है जबकि इन्हें बेनकाब करने वाले पत्रकारों को व्यवस्थित रूप से परेशान किया जा रहा है और धमकाया जा रहा है।

**INDAG**

इन्डैग रबर लिमिटेड

(सीआईएनः एल74899डीएल1978पीएलसी009038)

पंजी. कार्यालय: 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017

फोनः 011-26963172/73, ई-मेल आईडी: info@indagrubber.com, वेबसाइट www.indagrubber.com

**इंडैग रबर लिमिटेड की तैतालीसवीं वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **इंडैग रबर लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की तैतालीसवीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022 को दोपहर के 3.00 बजे,** एजीएम नोटिस में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित करने हेतु **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से** आयोजित की जाएगी, जो कि कम्पनी अधिनियम, 2013 और तदधीन विरचित नियमों के प्रावधानों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021 तथा 2/2022 क्रमानुसार दिनांकित 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 05 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 08 दिसंबर 2021, 14 दिसंबर 2021 तथा 05 मई 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 क्रमानुसार दिनांकित 12 मई, 2020 15 जनवरी, 2021 और 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर्स") (सामूहिक रूप से "संबद्ध सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के अनुपालन में है।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएगी, जिनके नाम 01 जुलाई, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर में दिखाई देता है और जिनके ईमेल पते कंपनी / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट / डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) के साथ पंजीकृत हैं। उपर्युक्त दस्तावेज www.indagrubber.com पर कंपनी की वेबसाइट पर और www.bseindia.com में बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट पर और www.evoting.nsdl.com में एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आगामी एजीएम में भाग ले सकते हैं और भाग ले सकते हैं और ऐसे सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से की जाएगी। सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित किसी भी संकल्प पर अपना वोट डालने के लिए दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की जाती है। सदस्यों के पास एजीएम से पहले या एजीएम के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करके अपना वोट डालने का विकल्प है। दूरस्थ ई-मतदान के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है।

**सदस्यों द्वारा ई-मेल पता पंजीकरण/अद्यतनीकरण की विधि :**

- यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार कार्ड (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) तथा ईसीएस आदेशपत्र ई-मेल द्वारा admin@skylinerta.com अथवा info@indagrubber.com को उपलब्ध करवाएं।
- यदि शेयर अभौतिक (डीमैट) रूप में धारित हैं, कृपया डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकीय डीपीआईडी + सीएलआईडी अथवा 16 अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार कार्ड (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) तथा ईसीएस आदेशपत्र अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को उपलब्ध करवाएं।

**ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विधि :**

- अभौतिक, भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों द्वारा तथा जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, उनके लिए रिमोटली वोटिंग ("रिमोट ई-वोटिंग") की विधि एजीएम नोटिस में दी जाएगी। विस्तृत विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.indagrubber.com पर भी उपलब्ध होगा।
- इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम से वोट डालने की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजीएम में उपस्थित सदस्य, जिनके द्वारा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला गया है, वे एजीएम में वोट डाल सकेंगे।
- ई-वोटिंग से वोट डालने के लिए लॉगइन प्रत्ययपत्र सदस्यों को ई-मेल द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। सदस्यगण, जिनको ई-मेल प्राप्त नहीं होती है अथवा जिनका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंट्स) के पास पंजीकृत नहीं है, वे एजीएम नोटिस में दिए अनुदेशों का पालन कर लॉगइन प्रत्ययपत्र बना सकते हैं।
- इन लॉगइन प्रत्ययपत्रों का प्रयोग वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु किया जा सकता है।

निदेशक मंडल ने 23 अप्रैल, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में रू. 2/- प्रत्येक के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर पर रू. 1.50/- प्रति इक्विटी शेयर का अंतिम लाभांश संस्तुत किया है। एजीएम तथा वित्तीय वर्ष 2021-2022 के अंतिम लाभांश के उद्देश्य हेतु बही बंदी तिथि शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022 से बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022 (दोनों तिथियां शामिल हैं) तक होगी। अंतिम लाभांश शेयरधारकों द्वारा आगामी बैठक में अनुमोदित किए जाने पर एजीएम की तिथि से 30 दिन के भीतर 27 अगस्त, 2022 को अथवा पूर्व, विभिन्न ऑनलाइन ट्रांसफर विधियों के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा उन शेयरधारकों को अदा किया जाएगा, जो अपना बैंक विवरण कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंट्स) के पास अद्यतित करवा चुके हैं। जिन शेयरधारकों ने अपना बैंक विवरण अद्यतित नहीं करवाया है, उनको लाभांश वारंट/डिमांड ड्राफ्ट उनके पंजीकृत पते पर, डाक सेवाओं की उपलब्धता पर निर्भर अनुसार, भेजे जाएंगे। लाभांश राशि के सीधे क्रेडिट के लिए, शेयरधारकों से अपना बैंक विवरण डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंट्स) (जहां शेयर अभौतिक रूप में धारित हैं) तथा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट (जहां शेयर भौतिक रूप में धारित हैं) के पास अद्यतन करवाने का अनुरोध किया जाता है।

वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा लागू किए गए परिवर्तनों के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा 01 अप्रैल, 2020 के बाद भुगतान अथवा वितरित किए गए लाभांश सदस्यों के हाथों में करयोग्य होंगे तथा कम्पनी को सदस्यों को भुगतान किए गए लाभांश से स्रोत पर कर (टीडीएस) की कटौती निर्धारित दरों पर करनी होगी। टीडीएस दर सदस्य की आवासीय स्थिति के अनुसार तथा उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए और कम्पनी द्वारा प्राप्त किए गए दस्तावेजों के अनुसार परिवर्तनशील होगी। कम्पनी 20 जुलाई, 2021 को उन शेयरधारकों को व्यक्तिगत सूचना भी प्रेषित कर चुकी है, जिनकी ई-मेल आईडी कम्पनी/आरटीए के पास पंजीबद्ध है। कृपया अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट लिंक https://indagrubber.com/uploads/document/Email_to_Shareholders_reg__TDS_on_Final_Div__2020-21.pdf देखें। शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपना पैन आरटीए (यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं) के पास तथा डिपॉजिटरीज के पास (यदि शेयर अभौतिक रूप में धारित हैं) अद्यतन करवाएं।

यह सूचना एमसीए तथा सेबी द्वारा जारी संबद्ध सर्कुलर्स के अनुपालन में कम्पनी के सभी शेयरधारकों की जानकारी और हित के लिए जारी की जा रही है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता./-
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 29 जून, 2022
स्थान : नई दिल्ली

# मेडिकल छात्रों को कौशल प्रशिक्षण देने को रोटरी क्लब में हेल्थ स्किल सेंटर शुरू

## सेंटर में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 90 फ्लेबोटोमिस्ट व 30 लैब टेक्नीशियन को दिया जाएगा प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के कादीपुर स्थित रोटरी क्लब ब्लड बैंक में हेल्थ स्किल केंद्र का शुभारंभ करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**कादीपुर** स्थित रोटरी क्लब के ब्लड बैंक में हेल्थ स्किल केंद्र मंगलवार से शुरू हो गया है। इसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किया। स्किल केंद्र में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में फ्लोबोटोमिस्ट व टेक्नीशियन का कोर्स कर रहे 120 छात्रों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने क्लब के पदाधिकारियों व प्रशिक्षण प्राप्त करने आए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के लिए रोटरी क्लब का कार्य सराहनीय है। जिसके लिए रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा ब्लड बैंक के माध्यम से किया जा रहा सेवा कार्य निश्चित रूप से उत्कृष्ट सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है।

उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर उनके भागीदार बने, जिससे क्लब द्वारा जरूरतमंदों को दी जा रही सेवाओं को बरकरार रखा जा सके। डीसी श्री यादव ने इस दौरान हेल्थ स्किल सेंटर में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य को भी देखा, वहीं ब्लड बैंक में दी जा रही सुविधाओं जैसे डायलिसिस केंद्र, थैलेसीमिया केंद्र, ब्लड डोनेशन केंद्र सहित क्लब में ब्लड सेंपल्स व प्लाज्मा सेंपल्स को संरक्षित करने के लिए बनाई गई लैब का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम में क्लब के प्रेजिडेंट मुकेश शर्मा ने उपायुक्त को बताया कि क्लब में स्थापित हेल्थ स्किल सेंटर में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के फ्लेबोटोमिस्ट के 90 व लैब तकनीशियन के 30 विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रैनिंग प्रक्रिया के तहत कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि यूनिवर्सिटी में कोर्स की अवधि पूर्ण होने पर वे सीधे किसी भी संस्थान में रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि क्लब के ब्लड बैंक से प्रतिदिन करीब 40 से 50 लोगों को ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं कोरोना काल में क्लब द्वारा जरूरतमंदों को करीब 2400 प्लाज्मा यूनिट्स उपलब्ध कराए गए थे।

इस दौरान असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविन्द्र जैन ने डीसी को क्लब द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों से अवगत कराया व उनसे कहा कि भविष्य में क्लब के विस्तार के लिए नए भवन की आवश्यकता है। अगर संभव हो तो जिला प्रशासन किसी स्कूल अथवा कलिज में कुछ कमरे क्लब को उपलब्ध करवा दें, उसका जीर्णोद्धार क्लब स्वयं करा लेगा। उपायुक्त ने रविंद्र जैन व व लब के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस विषय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द ही कोई सार्थक निर्णय लेंगे।

# ऑटो मार्केट की होगी सफाई, गोशाला के पास गंदगी में नहीं होगी आगजनी


गुरुग्राम में ऑटो मार्केट की सफाई व गोशाला के पास गंदगी में आगजनी को लेकर नगर निगम के मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप को पत्र सौंपते भाजपा नेता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** ऑटो मार्केट में पड़ी गंदगी की सफाई और कामधेनु गोशाला के पास गंदगी में आग लगाने की शिकायतों को पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस बाबत नगर निगम के मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप से मुलाकात करके इन दोनों स्थानों पर व्यवस्था बनाने की मांग की। इस दौरान समाजसेवी संदीप शर्मा भी मौजूद रहे।

नवीन गोयल ने मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप को जानकारी दी कि ऑटो मार्केट में लोगों द्वारा गंदगी डाल दी जाती है। ऑटो मार्केट के आसपास मनोहर नगर, बलदेव नगर, अमर कालोनी, फिरोज गांधी कालोनी आदि क्षेत्र हैं। गंदगी के कारण इन कालोनियों के लोगों को काफी परेशानी होती है। वहां पर गंदगी से बीमारियां भी पनप रही हैं। इससे पहले भी यहां सफाई करवाई गई थी।

इसके अलावा कामधेनु गोशाला के पास गंदगी में आग लगाने की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए श्री गोयल ने कहा कि आग से कभी कोई बड़ी घटना भी घट सकती है। लोगों का जीवन खतरे में पड़ सकता है।

इसलिए वहां पर पड़ी गंदगी में आग लगाने से रोका जाए। मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप से उन्होंने आग्रह किया है कि इन दोनों कार्यों को जल्द से जल्द कराएं, ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिना देरी के ये काम पूरे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री आनंदपुर ट्रस्ट ने पहला डीआरएक्स कम्पास किया शुरू


**गुरुग्राम।** श्री आनंदपुर ट्रस्ट चैरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर ने अपनी डायग्नोस्टिक क्षमताओं का विस्तार किया है। यह अपने डायग्नोस्टिक्स पोर्टफोलियो में केयर स्ट्रीम के डीआरएक्स कम्पास को शामिल करने वाला एनसीआर क्षेत्र का पहला डायग्नोस्टिक सेंटर बन गया है। कृष्णा नगर दिल्ली स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी ज्ञान आनंदजी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसमें संस्थान के डॉक्टरों, तकनीशियनों और ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। महर्षि विचार ज्ञान आनंदजी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पहली बार केयरस्ट्रीम के डीआरएक्स कम्पास को इंस्टॉल किया गया है, जिसमें अल्ट्रा हाई-फ्रीक्वेंसी जनरेटर, एंगुलर लॉन्ग लेंथ इमेजिंग, ऑटो सेंटरिंग और रिमोट कंट्रोल के माध्यम से निगरानी जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। नॉर्थ केयर स्ट्रीम इंडिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि मानवता की सेवा के अपने मिशन के साथ श्री आनंदपुर ट्रस्ट ने अपने केंद्र में अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से परीक्षण करके मरीजों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। केयरस्ट्रीम का डीआरएक्स-कम्पास एक नवीनतम तकनीकी समाधान है, जो अपने ग्राहकों को लगातार विकसित होने वाली तकनीक के साथ बेहतरीन प्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़ाने तथा इस प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद करता है।

### एक जुलाई से गुरुग्राम-सोहना के बीच सफर होगा महंगा



**सोहना।** गुरुग्राम से सोहना के बीच सफर फिर से महंगा हो सकता है। एक जुलाई से एलीवेटेड मार्ग पर लगे घामडौज टोल के दो गुणा होने जा रहे हैं। जिससे किराये में भी बढ़ोतरी होना लगभग तय माना जा रहा है। एक जुलाई से गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलीवेटेड मार्ग पूर्ण रूप से खोल दिया जाएगा। सोहना से गुरुग्राम के बीच 25 किलोमीटर दूरी का सफर मात्र 20 मिनट में पूरा होगा। वर्तमान समय में गुरुग्राम से सोहना का सफर 40 से 60 मिनट में पूरा होता है। यदि बादशाहपुर या सेक्टर 56 की बती पर जाम लगता है तो 10 मिनट और अतिरिक्त समय लग जाता है। एक जुलाई से एलीवेटेड मार्ग पर लगने वाले टोल की कीमत दो गुणा हो जाएगी। जिसकी घोषणा टोल एजेंसी पहले से की कर चुकी है। टोल दो गुणा होने से गुरुग्राम-सोहना के बीच किराये में बढ़ोतरी होनी भी माना जा रहा है। जिससे आम लोगों के लिए सफर करना महंगा होगा। तीन माह पहले हरियाणा रोडवेज विभाग ने सोहना से गुरुग्राम के बीच किराया 25 से 30 रुपये कर दिया था। गुरुग्राम सिटी बस एजेंसी ने अपने किराये में 10 रुपये की बढ़ोतरी करते हुए 25 से 35 रुपये किया था। गुरुग्राम-सोहना के बीच दौड़ रही गुरुग्राम सिटी बस के स्थानीय अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि अभी तक एजेंसी ने किराया बढ़ोतरी पर विचार नहीं किया है। टोल बढ़ने पर विचार किया जाएगा। वहीं हरियाणा रोडवेज के स्थानीय अधिकारी एसएसए राजेन्द्र कुमार ने बताया कि रोडवेज इस बार किराया बढ़ाने के मूड में नहीं है। रोडवेज गुरुग्राम-सोहना के बीच में अपना वहीं 30 रुपये किराया रखा है।

### हरियाहेड़ा के मुख्य रास्ते में जमा पानी की शिकायत एसडीएम से की



**सोहना।** ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा के ग्रामीणों ने एसडीएम सोहना को मुख्य रास्ते में गंदा पानी जमा होने की शिकायत की। एसडीएम ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द पानी निकासी का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा में क्रेशर जोन से जाने वाली मुख्य सड़क पर गांव के शुरुआत में घरों से निकलने वाला पानी एक से दो फुट गहरा जमा हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को पैदल निकलने का रास्ता भी नहीं बच रहा है। स्थानीय निवासी राहुल का कहना है कि मुख्यरास्ते में जमा पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो रही है। पानी जमा होने से रास्ते में लगी फर्श उखड़ गई है। जिससे रास्ते में दलदल बनने के कारण वाहनों को भी निकालना आसान नहीं है। गांव के निवर्तमान सरपंच अब्दुल सत्तार का कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने जा रहा है। जिससे इस पानी जमा होने से ग्रामीणों को अलीपुर या सिरहोल की ढाणी होकर ग्रामीणों को सोहना जाना होगा। ये दोनों रास्ते लंबे होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी होगी। एसडीएम जितेंद्र गर्ग का कहना है कि जल्द ही जमा रास्ते में पानी की जांच कराई जाएगी। पानी की निकासी बरसात के मौसम से पहले ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

### युवक ने परिजनों को डराने के इरादे से तीन हवाई फायर किए

**सोहना।** भोंडसी निवासी महिला ने पति पर घर के अंदर तीन बार हवाई फायर करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए लाइसेंस वाली बंदूक को कब्जे में ले लिया है। भोंडसी निवासी शोभा राघव ने पुलिस को बताया कि उसकि पति शराब पीने का आदी है। इसी कारण से वह अपने बेटे प्रशांत उसकी पत्नी दीप्ति और पौत्र सिद्धार्थ के साथ सोहना में रहती है। सोमवार की रात साढ़े 10 बजे वह अपने बेटे, पुत्रवधू और पौत्र के साथ भोंडसी घर पर पति मुनीश पाल को खाना खिलाने आई थी। जब वे सब घर पर बैठे हुए थे। उसी समय पति मुनीश पाल को गुस्सा आ गया। उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक से उन्हें डराने के उद्देश्य से हवा में तीन बार फायर कर दिए। जिसकी पुत्रवधू दीप्ति ने पुलिस कंट्रोल को फोन पर शिकायत की। शोभा राघव ने पति का हथियार वाला लाइसेंस को तुरंत रद्द करने की मांग की है। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी के दौरान तीन खाली खोल बरामद कर लिए हैं। आरोपी की लाइसेंस वाली बंदूक को कब्जे में लेते हुए उसकी तलाशी ली गई। जिसमें तीन कारतूस भी बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# गुरुग्राम विवि में कैंपस प्लेसमेंट में आठ विद्यार्थियों को मिली नौकरी

## रजत ग्रोवर और पिंकी को सबसे अधिक 4.56 लाख सालाना पैकेज मिला


गुरुग्राम विवि में कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थी कुलपति व अन्य स्टाफ के साथ।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रसिद्ध कंपनिया दा मारकोम एवेन्यू, यूकेजी कंपनी, एसीएस प्राइवेट लिमिटेड, जुकोल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड विवि में विद्यार्थियों के चयन के लिए आयी। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के एमबीए और एम.कॉम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों के चयन के लिए आए कंपनियों के अधिकारियों द्वारा छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश, आत्मविश्वास के साथ अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए, परिणामस्वरूप विवि के 8 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसमें से नेहा और प्रकाश गर्ग का यूकेजी कंपनी में, पूजन रावत का दा मारकोम एवेन्यू में, रजत ग्रोवर और पिंकी का एसीएस प्राइवेट लिमिटेड में, गुंजन, रितिका, साक्षी राय का जुकोल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ तथ सभी छात्रों को 2.4 लाख से 4.56 लाख सालाना पैकेज प्राप्त हुआ, सबसे अधिक रजत ग्रोवर और पिंकी को 4.56 सालाना पैकेज प्राप्त हुआ। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाले विवि के छात्रों ने जीयू द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम बताया।

# एसजीटी यूनिवर्सिटी के छात्र व फैकल्टी सदस्यों ने ड्रग्स के खिलाफ ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में नशे के खिलाफ शपथ लेते छात्र व फैकल्टी सदस्य।

**हरियाणा** पुलिस अकादमी, मधुबन में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में एसजीटी विश्वविद्यालय के छात्रों एवं फैकल्टी के सदस्यों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई।

डीन फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी से प्रोफेसर सुशील मानव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर से डॉक्टर विजय शर्मा, एडिशनल डीन स्टूडेंट वेलफेयर से डॉक्टर रवि तोमर, विभिन्न छात्रावासों के वार्डन और विश्वविद्यालय के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और नशे के खिलाफ शपथ ली। यह कार्यक्रम रविवार को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग अब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग पर आयोजित किया गया था। शपथ लेने वाले सभी लोगों को ई-सर्टिफिकेट उपलब्ध कराए गए, जो की ब्यूरो द्वारा दिए गए लिंक से डाउनलोड किए जा सकते हैं। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए, जबकि हरियाणा मिशन टीम के अध्यक्ष कार्य योजना और हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, डीजीपी पीके अग्रवाल और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो श्रीकांत जाधव इस अवसर पर उपस्थित थे।

# अंत्योदय योजना के तहत गुरुग्राम में 127 परिवारों को लाभ : एडीसी विश्राम कुमार मीणा

## सोहना में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का निरीक्षण करने पहुंचे एडीसी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का निरीक्षण करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**एडीसी** विसराम मीना ने कहा कि परिवार उत्थान मेले में रोजगार उपलब्धी के लिए पहुंचे लाभार्थियों को 10 दिन में व्यवसाय के लिए ऋण दे दिया जाएगा। जिले में तीन फेश में लगे अंत्योदय मेले में 147 में से 127 को ऋण उपलब्ध करा दिए जा चुके हैं।

मंगलवार को स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में परिवार उत्थान मेला लगाया गया। जिसका उद्घाटन एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने किया। अंत्योदय मेले में 18 विभाग की 55 लाभ देने वाली योजनाएं हैं। जिनके लाभ से गरीब और बेसहारा परिवार अपना व्यवसाय चलाकर आर्थिक आय बढ़ा सकेंगे। मंगलवार को परिवार उत्थान मेले में 100 से अधिक ग्रामीण लाभ लेने के लिए पहुचे। यह मेला ग्रामीण परिवारों के लिए लगाया गया था। लेकिन गर्मी अधिक होने के कारण करीब 300 परिवार में से 90 परिवार अपना पंजीकृत कराने के लिए पहुंचे। गर्मी की छुट्टियों के कारण अधिक लोग नहीं पहुंचे। जबकि पंचायत विभाग में तैनात ग्राम सचिवों ने सभी 300 लाभार्थियों को घर-घर जाकर अंत्योदय मेले की जानकारी के लिए गए थे।

### 3 फेस में 127 को लाभ

**इससे** पहले तीन जिले में तीन फेश में लगे मेलों में 147 लाभार्थियों का पंजीकृत हुआ था। जिसमें से 127 लाभार्थी सरकार की 55 योजनाओं का लाभ मिल चुका है। आज आने वाले लाभार्थियों को दस दिन में योजनाओं से जोड़कर आर्थिक मदद दे दी जाएगी।

गुरुग्राम एडीसी विसराम मीना ने बताया कि गर्मी की छुट्टियां होने तथा गर्मी अधिक होने के कारण परिवार उत्थान मेले में लाभार्थी कम पहुंचे हैं, लेकिन जिस लाभार्थी का चंडीगढ़ से पंजीकरण हो चुका है। वह आज के बाद भी विकास सदन में जाकर योजनाओं का लाभ ले सकता है।

# सोहना विधायक संजय सिंह को गैंगस्टर के नाम से मिली धमकी

## विधायक के वाट्सअप पर भेजा गया धमकी भरा मैसेज

**गुरुग्राम।** मंगलवार को सोहना के विधायक संजय सिंह को मोबाइल फोन पर एक गैंगस्टर के नाम से धमकी भरा मैसेज आया। यह मैसेज उनके वाट्सअप पर आया। विधायक की ओर से तुरंत इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। विधायक को धमकी मिलने की सूचना पर पुलिस तंत्र भी तुरंत सक्रिय हो गया। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने मंगलवार को बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

इन दिनों गैंगस्टर के नाम से धमकी देकर वसूली करने या डराने-धमकाने के कई मामले आए हैं। कभी गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई तो कभी किसी अन्य नाम से लोगों को धमकियां दी जा रही हैं। पुलिस ने एक मामले का तो पहले पटाक्षेप कर दिया था, जिसमें एक स्कूल का छात्र ही धमकी देने वाला निकला।

अब नया मामला सोहना के विधायक का हुआ है। उनके वाट्सअप नंबर पर मैसेज करके उन्हें धमकी दी गई है। सूचना पाते हुए पुलिस ने इस मामले की छानबीन शुरू कर दी। सूचना तंत्र के माध्यम से पता लगाया जा रहा है कि आखिर वह मैसेज किसने भेजा है। किसी गैंगस्टर का ही इसमें हाथ है या फिर कोई उनके नाम से ऐसी हरकत कर रहा है। इसकी पुलिस बारीकी से जांच की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के मुताबिक इस धमकी के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। हर पहलू से पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्लैक हडल्स में साथ-साथ काम करने के नए तरीके प्रस्तुत हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## अपने डिजिटल मुख्यालय में साथ में काम करने का भविष्य अंगीकार करें

**पिछले** कुछ सालों में हुए अभूतपूर्व परिवर्तनों में ढलने के लिए पूरी दुनिया की कंपनियों ने डिजिटल समाधानों का रुख किया।

हम उस युग में रहकर नवसृजन कर रहे हैं, जहां डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भौतिक मुख्यालयों की जगह ले चुका है। हम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के बूते ही महामारी एवं अन्य वैश्विक परिवर्तनों के दौरान लचीलापन, उत्पादकता, और सहयोग बनाकर रख सके। अब अनेक आधुनिक कार्यस्थल केवल वर्चुअल या फिजिकल नहीं हैं, बल्कि वो इन दोनों का मिश्रण हैं, और नॉलेज के क्षेत्र में 66 प्रतिशत कार्यबल लचीली कार्य व्यवस्था में काम करता है। ऑफिस से प्रतिभाओं की पुनः भर्ती और प्रभावशाली एवं उत्पादक बने की जरूरत के साथ निरंतर होते बदलाव में, स्लैक, सेल्सफोर्स के साथ गठबंधन में हमारे ग्राहकों को डिजिटल मुख्यालय प्रदान कर रहा है, जहां वो टीम, विभिन्न टाईम ज़ोंस, फिजिकल जगहों और कंपनियों में हर किसी के साथ संपर्क में रह सकते हैं और सामंजस्य में रहते हुए चुस्तीपूर्वक काम कर सकते हैं। कार्य के भविष्य पर हमारी वार्षिक कॉन्फ्रेंस, स्लैक फ्रंटियर्स में हम स्लैक हडल्स के साथ एक नए कोवर्किंग स्पेस की घोषणा कर रहे हैं, ताकि डिजिटल मुख्यालय में लगातार वार्ताएं और कार्य के लाईव सत्र चल सकें। हम गॉवस्लैक भी पेश कर रहे हैं, जो सरकारी एजेंसियों के लिए एक सुरक्षित डिजिटल मुख्यालय है। हमारे ग्राहकों के लिए और क्या-क्या है, यह जानने के लिए पढ़ते रहिए।

नोहा देसाई वीस, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, प्रोडक्ट, स्लैक ने कहा, कंपनियां लचीले काम की इस अनिश्चित दुनिया में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे में स्लैक निरंतर इस विचार में लीन है कि डिजिटल मुख्यालय को कौन से नए टूल्स की जरूरत पड़ सकती है। हडल्स में नई कोवर्किंग क्षमताएं टीमों को सहयोग करने और स्लैक छोड़े बिना तेजी से निर्णय लेने या हमारे व्यस्त कैलेंडर में काम करने के प्रभावशाली तरीके प्रदान करती हैं। महामारी के शुरुआती दिनों में हमारे ग्राहकों ने हमें बताया कि उन्हें ऑफिस के कैफे और हॉलवे में होने वाली अनौपचारिक बातचीत फिर से शुरू करने के लिए डिजिटल-फर्स्ट तरीकों की जरूरत है। हमने उन्हें विस्तार से सुना और स्लैक हडल्स शुरू किया। इसका इस्तेमाल आसान व सरल होने के कारण हडल्स स्लैक के इतिहास में सबसे तेजी से अपनाया जाने वाला फीचर बन गया और इनट्यूट, वेफेयर, डेल, कीवा, और एक्सपीडिया समूह जैसी कंपनियों में हर सप्ताह लाखों लोग इसका इस्तेमाल करने लगे। हमारे ग्राहक हडल्स को पसंद करते हैं, जो 95 प्रतिशत कस्टमर सैटिस्फैक्शन रेटिंग प्रदान करता है।

केट कूल्टर, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, इनट्यूट ने कहा, इनट्यूट में हम तीव्र और तदर्थ बातचीत के लिए हडल्स को पसंद करते हैं। हम नई कोवर्किंग क्षमताओं, खासकर एक साथ स्क्रीन शेयर करने की क्षमता के लिए, बहुत उत्साहित हैं। मेरा मानना है कि हडल्स का यह नया अनुभव टीम के सहयोगी के साथ व्यक्तिगत रूप से काम करने का अनुभव प्रदान करता है।

# दलितों की श्मशान भूमि पर ही कर लिया कब्जा



श्मशान भूमि पर कब्जा करने की शिकायत लेकर मेयर से मिलने पहुंचे दलित समाज के लोग।

**गुरुग्राम।** श्री गुरु रविदास सभा जैकमपुरा (जाटव समाज), धानक समाज व वाल्मीकि समाज का प्रतिनिमण्डल मेयर मधु आजाद से मिला और दलित समाज की श्मशान भूमि पर कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मेयर ने कहा कि दलित समाज की श्मशान भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा जमीन का कब्जामुक्त करवाकर समाज को सौंपा जाएगा।

प्रतिनिमण्डल ने मेयर को पत्र सौंपते हुए कहा कि हिदायतपुर छावनी यानि शक्ति पार्क में दलित समाज की श्मशान भूमि पर कुछ व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कर लिया गया है। अवैध कब्जाधारकों को नगर निगम द्वारा नोटिस आदि भी दिए गए हैं तथा सुनवाई आदि की प्रक्रिया भी की गई। समाज के प्रतिनिमण्डल ने इन अवैध निर्माणों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया। मेयर ने बताया की सन्दर्भ में उनके द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त अमरदीप सिंह को जांच सौंपी गई है। वे स्वयं अधिकारियों के साथ जल्द ही विवादित भूमि का मौका मुआयना करेंगी।

# अमेजन.इन पर विशेष रूप से तैयार किए गए स्टोर के साथ मनाएं विश्व चॉकलेट दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**अमेजन.इन** पर इस बार विश्व चॉकलेट दिवस के मौके पर विशेष रूप से चॉकलेट डे स्टोर को तैयार किया गया है। चॉकलेट डे के मौके पर अपने प्रियजनों के लिए चॉकलेट गिफ्ट खरीदें और इस बेहतरीन वक्त में उनके साथ जी भर कर जश्न मनाइए। कोको के मजेदार स्वाद की गहराई में उतरते हुए अमेजन.इन पर सात जुलाई तक फेरेरो रोचर, नेस्ले किटकैट, कैडबरी बॉर्नविले, हर्षीज, ड्यूक्स, एमकैफिन, ममाअर्थ, प्लम आदि जैसे शीर्ष ब्रांडों के चॉकलेट से बने उत्पादों की एक विस्तृत रेंज पर शानदार ऑफर और डील्स का लाभ उठाएं।

ग्राहक इन उत्पादों को अपने घर पर बैठकर आराम और सुरक्षा के साथ आईसीआईसीआईसी / एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत के इंस्टेंट डिस्काउंट के साथ सात जुलाई 2022 तक क्रेडिट कार्ड पर अधिकतम 300 रुपये की छूट के साथ खरीदारी कर सकते हैं। अगर आप प्राइम मेंबर हैं और अमेजन फ्रेश पर चॉकलेट की खरीदारी कर रहे हैं, तो आप 199 रुपये से अधिक के सभी ऑर्डर पर मुफ्त डिलीवरी का मजा उठा सकते हैं। प्राइम को आपकी जिंदगी का हर एक दिन बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। जो ग्राहक अभी तक प्राइम में शामिल नहीं हुए हैं, वे 1,499 रुपये प्रति वर्ष, तीन महीने के लिए 459 रुपये या एक महीने के लिए 179 रुपये में at amazon.in/prime पर प्राइम मेंबरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

यहां प्राइम मेंबर्स को प्राइम वीडियो पर अवॉर्ड विनिंग फिल्मों और टीवी शो तक अनलिमिटेड एक्सेस जैसे कई प्रमुख फायदे मिलते हैं। इसके साथ ही प्राइम म्यूजिक पर 70 मिलियन से अधिक गानों का अनलिमिटेड एक्सेस के साथ एड-फ्री म्यूजिक, प्राइम रीडिंग के साथ 1,000 से अधिक किताबों पत्रिकाओं और कॉमिक्स का एक फ्री रोटेशन भी मिलता है। इसके साथ ही गेमिंग विथ प्राइम के साथ मुफ्त इन-गेम कंटेंट और लाभ के अलावा नए प्रोडक्ट लॉन्च, डील्स का अर्ली एक्सेस, मुफ्त और तेज डिलीवरी का लाभ मिलता है। विश्व चॉकलेट दिवस का जश्न मनाने के लिए, हम बेहतरीन चॉकलेट ट्रीट और उत्पाद लेकर आए हैं। सभी ऑफर और डील्स इसमें भाग लेने वाले विक्रेताओं की ओर से दिए गए हैं।

# स्मार्ट या नर्क सिटी : शहर भर में लगे रहते हैं कूड़े के ढेर

कविता। फरीदाबाद

**स्मार्ट** सिटी फरीदाबाद को जहां एक तरफ स्वच्छता के मामले में कई बार अच्छी रैंकिंग भी मिली है। लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है। शहर में जगह-जगह घरों के निकट कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, लेकिन जब तक इस ढेर को उठा कर ईकोग्रीन की गाड़ियों में न डाला जाए। तब तक ईकोग्रीन की गाड़ियां उसे नहीं उठाती।

वहीं नगर निगम ने भी सफाई व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य से सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी है, लेकिन कुछ कर्मी किसी के घर से कूड़ा ले जाने का प्रतिमाह चार्ज अलग से वसूलते

### ईकोग्रीन नहीं उठाती गलियों में पड़ा कूड़ा निगम कर्मी भी करते हैं आनाकानी

हैं। अगर किसी ने गली में पड़ा कूड़ा उठाने का निवेदन कर कर्मचारियों से कर दिया तो उस व्यक्ति की जेब नगर निगम कर्मी ढीली करवा देते हैं। सड़क से कूड़ा उठवाने के लिए कम से कम 50 से दो सौ रुपये तक देने पड़ जाते हैं। जिस कारण शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता



हार्डवेयर चौक के दुर्गावाड़ी मंदिर के पीछे वाली सड़क किनारे पड़ा कचरा।

अभियान की बेशक हर तरफ तारीफ हो रही है, लेकिन इसे पूरी तरह अमलीजामा पहनाने के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों का बुरा हाल है। आलम यह है कि जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर स्मार्ट सिटी की सूरत बिगाड़ रहे हैं। इसमें स्लम बस्ती ही नहीं बल्कि नेशनल हाईवे जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के साथ-साथ गलियों के नुक्कड़, चौराहे और घरों के सामने फैली गंदगी से अछूते नहीं हैं। सूत्रों की मानें तो रोजाना शहर में जगह-जगह एकत्रित होने वाले कूड़े के ढेर से सम्बंधित करीब सौ शिकायतें नगर निगम में पहुंचती हैं। लेकिन इनमें से मात्र 30 से 40 प्रतिशत ही शिकायतों का निपटारा किया जाता है। बाकी शिकातें लंबित ही रह जाती हैं। अधिकांश शिकायतें कूड़े के लगे ढेर को लेकर होती हैं। सफाई कर्मचारियों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं होने की वजह से भी सफाई में दिक्कत आती हैं। इसके लिए सफाई कर्मचारी समय-समय पर धरना प्रदर्शन भी करते रहते हैं, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया। इस बीच शहर के आम लोग पिसने को मजबूर हो रहे हैं। यहीं हालत रही तो शहर में गंदगी की वजह से इस गर्मी के मौसम में बीमारियां भी फैल सकती है।

## हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तक : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकार ने हर राज्य में 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि सरकार की हिदायतों के अनुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए के विकास एवं पंचायत विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस, पंचायत, डिजिटल सेवाएँ केंद्र के साथ-साथ आंगनवाडी केंद्र, वृद्धआश्रम और सरकारी स्कूल के माध्यम से भी तिरंगे वितरित करवाए जाएंगे।

# गोवर्धन से आत्मनिर्भर भारत बनाने की संभावनाएं बढ़ रही हैं : पुरुषोत्तम रुपाला

### केंद्रीय मंत्री रुपाला ने सूखे गोबर से लट्ठे बनाने वाली मशीन का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के मत्स्य एवं पशुपालन व डेयरी विभाग के कैबिनेट मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि महानगरों की आधुनिकता से भरी असंतुलित जीवन शैली को यदि पटरी पर लाना है, तो हमें प्रत्येक महानगर के बाहरी इलाके में काऊ हॉस्टल की स्थापना करनी होगी।

केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गो पालन के विषय पर बल देते हुए कहा कि हमें इसके लिए पुराने तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री



सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला।

पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि गोवर्धन से आत्मनिर्भर बना भारत बनाने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। गाय के दूध और गोबर के महत्व को जानने की कोशिश करें। यदि शरीर में इम्युनिटी पावर बढ़ानी है तो गाय के दूध भी और गोमूत्र का प्रयोग करें। उन्होंने अहमदाबाद की बंशीधर गोशाला का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पर 200 रुपये किलो गाय का दूध मिलता है और 4000 रुपये किलो गाय का घी बिकता है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि ब्राजील की अर्थव्यवस्था गाय पर आधारित है। वहां गाय को जेबू कहते हैं। हमारी गिर नस्ल की गाय को वहां सर्वोपरि गाय माना गया है। ऋषि मुनियों की जानकारी के अनुसार भारत पहले गो अर्थव्यवस्था पर निर्भर था। गायें आज जमीनी स्तर पर दुनिया के अर्थ तंत्र का केंद्र बिंदु बनने जा रही है।

केंद्रीय मंत्री रुपाला ने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना है तो जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ानी होगी और पोषण की दृष्टि से संतुलित जीवनशैली अपनानी होगी। इन सभी आयामों की प्राप्ति का गाय ही एकमात्र साधन है। उन्होंने कहा कि भारत अब अपनी वास्तविक प्रकृति में लौट रहा है और दुनिया उसके सामने नतमस्तक हो रही है। केंद्रीय मंत्री रुपाला ने योग का उदाहरण देते हुए कहाकि पूरे विश्व में जिस तरह से योग को सम्मान मिला है, वैसे ही दुनिया गो विद्या को भी उतने ही सम्मान से देखेगी। केन्द्रीय मत्स्य एवं पशुपालन व डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने नीमका गोशाला में जाकर गोशाला कार्यविधि का जायजा भी लिया। आईआईटी के छात्र आशीष ने केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला को सूखे गोबर से लट्ठे (लॉग) बनाने वाली एक गो काष्ठ मशीन सौंपी। इसका मकसद भारत में दाह संस्कार की हिंदू प्रथा के तहत लकड़ियों के स्थान पर गाय के गोबर से बनी लकड़ियों का इस्तेमाल करना है जो जलने पर ज्यादा उत्सर्जन नहीं करती हैं। गोधन महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक विजय खुराना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में 19500 गोशाला है, जबकि इनकी संख्या 10 वर्ष पहले 9500 थी। सर्वोदय अस्पताल की एमडी अंशुल गुप्ता ने अस्पताल प्रशासन कीओर से आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया।

## बुजुर्ग दंपति के घर में लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी रविंद्र सिंह की टीम ने लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में ताराचंद उर्फ कर्ण तथा सुमित का नाम शामिल है। आरोपी ताराचंद यूपी के मथुरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के नाचोली गांव में रह रहा था वहीं आरोपी सुमित उत्तर प्रदेश के गोपालपुर का निवासी है और फिलहाल फरीदाबाद में मेवला महाराजपुर की अंकित कॉलोनी में रह रहा था। आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर 21 जून को एक 70 वर्षीय बुजुर्ग दंपति के घर में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित अश्वनी कुमार ने बताया था कि वह सेक्टर 19 के निवासी हैं और एस्कॉर्ट कंपनी से रिटायर हैं और घर पर ही रहते हैं। उनका लड़का दुबई में रहता है तथा लड़की की शादी हो चुकी है। वह अपनी पत्नी के साथ मकान में रहते हैं। 21 जून को अश्विनी



लूटपाट करने के आरोप में गिरफ्तार युवक तारा चंद और सुमित।

कुमार की पत्नी दोपहर करीब 12 बजे बाजार में चली गई थी। करीब आधे घंटे बाद उनके मकान में दो नकाबपोश युवक घुसे। पिस्टल दिखाकर उन्होंने घर से डेढ़ लाख नकदी, एक सोने की चेन, दो मोबाइल फोन, पासपोर्ट, वीजा, पैन कार्ड तथा मेडिकल कागजात लूट कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ताराचंद को मोटरसाइकिल पर देसी कट्टे सहित भूपानी मोड से काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उन्होंने ही बुजुर्ग दंपति के घर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह प्लंबर का काम करता है और कुछ दिन पहले ही वह बुजुर्ग के मकान में काम करके आया था।

## पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों के स्किल डेवलमेंट पर भी ध्यान दें



सेक्टर 12 में आयोजित बैठक में भाग लेते टीचर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में उपायुक्त जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में योजना से संबंधित एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा अधिकारी आत्मप्रेरित रहें और सभी प्राचार्यों को भी समय-समय पर प्रेरित करें।

सभी स्कूलों के प्रिंसिपल भी अपनी योग्यता अनुसार सब्जेक्ट का चयन करके बच्चों के रोजाना दो पीरियड अवश्य ले। उन्होंने सभी टीचरों को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल खुलने से पहले सभी कक्षाओं की छतों और पानी की टंकियों की सफाई अवश्य कराएं। अगर किसी स्कूल की चारदीवारी टूटी हुई हो, स्कूल में बारिश के समय पानी भरता हो, स्कूल आने जाने का रास्ता खराब हो तो ऐसे स्कूलों की सूची बनाकर हमें दे ताकि समय रहते सब ठीक किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल लिस्ट बनाकर टीचरों का हेल्थ डाटा बनाएं। सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी शारीरिक फिटनेस पर विशेष ध्यान दें।

# लड़ाई झगड़े में घायल युवक की मौत, हत्या का केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**26 जून** की रात पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगडा हुआ था जिसमें आरोपियों ने मिलकर एक युवक पर किसी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला किया था, जिसमें पीड़ित को काफी चोटें आई थी, पीड़ित युवक सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट था जिसकी आज मृत्यु हो गई। लड़ाई झगड़े के मुकदमे में हत्या की धाराएं ऐड की गई है युवक की मृत्यु के मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मृतक दीपक की उम्र करीब 35 वर्ष है। दीपक का किसी बात को लेकर अपने पड़ोसियों से काफी समय



आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने गई पुलिस टीम।

से झगड़ा चल रहा था। जिसके चलते इनकी आपस में रंजिश हो गई थी। इसी रंजिश के चलते 26 जून की रात दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें लाठी डंडों की चोट के कारण दीपक की हालत गंभीर हो गई। दीपक को इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे वेदांता हॉस्पिटल और बाद में सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और वहां मौका मुलाहजा किया गया। कल पीड़ित पक्ष की तरफ से पुलिस में शिकायत दी गई। जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की गई।

## नशे के लिए करते थे चोरी, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 21 वर्षीय साहिल तथा 25 वर्षीय चांद का नाम शामिल है। आरोपी साहिल फरीदाबाद के एसजीएम नगर तथा चांद जमाई कॉलोनी का निवासी है। 14 जून को पुलिस थाना सेक्टर 58 में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने कैली गांव के सामुदायिक भवन में पानी के लिए लगाई गई समर्सिबल मोटर, 80 फुट प्लास्टिक पाइप तथा 80 फुट बिजली की तार चोरी कर ली।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों की दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दूसरे** दिन नागरिक अस्पताल (बीके अस्पताल) फरीदाबाद के प्रांगण में एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन जारी रहा, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र देशवाल ने कहा हरियाणा सरकार पुनः सेवा नियम लागू कर सभी एनएचएम कर्मचारियों को जल्द से जल्द पक्का किया जाए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने सरकार द्वारा 2018 में एनएचएम कर्मचारियों को दिये गये सेवा नियम को वापस लेने के विरोध में एवं सातवां वेतन सहित अन्य लंबित पड़ी मांगों को पूरा कराने के लिये तीन दिवसीय हड़ताल पर है।

बीके अस्पताल परिसर में हड़ताल के दूसरे दिन जारी धरना दे रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों की अध्यक्षता स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र देशवाल ने की। मंच संचालन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमारने किया। दूसरे दिन भी सभी सम्मानित साथियों ने बढ़-चढ़कर हड़ताल में हिस्सा लिया। कई संगठनों ने स्वास्थ्य



बीके अस्पताल के परिसर में हड़ताल के दूसरे दिन धरना दे रहे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता।

कर्मचारी संघ हरियाणा की जायज मांगों को सही ठहराते हुए समर्थन दिया।

भारतीय मजदूर संघ जिला फरीदाबाद के महामंत्री नीरज त्यागी, हरियाणा टूरिज्म संघ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल आर्य, नगर निगम फरीदाबाद के महामंत्री मटरू लाल, पुष्कर, संदीप जैन, मीनू जैन, दीपक गोयल, सतपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, प्रीति यादव, रेखा, मुकेश मंगला, पूनम, सतबीर, प्रोमिला हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारी विरोधी रवैए को अवगत करा कर संबोधित किया। सभी ने अपने हक अधिकार हितों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की और एनएचएम के कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार सेवा नियम निरस्त को वापस नहीं लिया तो स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा जिला फरीदाबाद संबंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा इस आंदोलन को और तेज कर पूरे हरियाणा प्रदेश की सारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बाधित कर देगा। जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन और हरियाणा सरकार होगी। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार से आग्रह करता है कि हरियाणा सरकार तुरंत एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों के सेवा नियम लागू कर लंबित विभिन्न प्रकार की मांगों का हरियाणा प्रमुखता से जल्द से जल्द समाधान करें।

## रविंद्र फागना ने नौ विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और सरस्वती क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने सरस्वती क्रिकेट अकादमी को नौ विकेट से हराया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 50-50 ओवर का था और सरस्वती क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते ने का निर्णय लिया। सरस्वती क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 34.2 में 10 विकेट पर 84 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ओजीत ने 25 रन, सुजल ने 13 रन, ध्रुव ने 11 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के लक्की करहाना ने पांच विकेट, समर भमला ने तीन विकेट, जितेंदर ने दो विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए, रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 20.4 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मनन यादव ने 35 रन, ध्रुव ने 26 रन बनाए। सरस्वती क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए एमडी कैफ ने एक विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लक्की करहाना को दिया गया।

# मीट एंड ग्रीट में छात्रों और शिक्षाविदों ने की शिरकत




अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षाविद।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-20बी** स्थित अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर (एटीडीसी) में आयोजित मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में फरीदाबाद शहर के शिक्षाविदों ने शिरकत की। साथ ही साथ एटीडीसी के पूर्व छात्रों ने आकर बताया कि किस प्रकार एटीडीसी परिधान क्षेत्र के लिए भारत के सबसे बड़े गुणवत्ता वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में उभरा है।

सेमिनार में एटीडीसी के चेयरमैन विजय जिंदल, प्रधानाचार्य नीतू कपूर, शिक्षाविद विजयाश्री, सुरेश चंद्र, एमपीसिंह, आदि गणमान्य मौजूद रहे। एटीडीसी के Aluminis ने भी इंस्टिट्यूट के साथ अपना सुहाना सफर साझा किया। एटीडीसी परिधान उद्योग के लिए 30 वर्षों की शानदार सेवा प्रदान की। आगे भी इसी क्षेत्र में लोगों को स्किल बनाने के लिए प्रयासरत हैं। एटीडीसी परिधान क्षेत्र के लिए भारत के सबसे बड़े गुणवत्ता वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में उभरा है, जिसमें लगभग 100 से अधिक एटीडीसी केंद्र शामिल हैं। एटीडीसी अद्वितीय कौशल प्रशिक्षण संगठन सभी स्तर के पर्यवेक्षी और प्रबंधकीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश करता है। एटीडीसी फैशन और परिधान के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एटीडीसी द्वारा प्रदान किया जाने वाला पाठ्यक्रम उद्योग की आवश्यकता पर आधारित है इसलिए ये पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर का 15वां वार्षिक स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर के 15वें वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर हवन, व भण्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर के अध्यक्ष योगी रामेश्वर नाथ ने अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा संगठन के राष्ट्रीय तेजपाल योगी, राष्ट्रीय महासचिव रामनिवास राठी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नत्थोराम करहाना का शॉल ओढ़ाकर एवं गुरु गोरखनाथ की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। गुरु गोरखनाथ मंदिर में आगमन अवसर पर अखिल भारतवर्षीय नाथ समाज युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेर सिंह योगी, रोहताश योगी, संगीता, राजकुमार, आरएन सिंह, राजकुमार सराय, राकेश दत्त, डॉ. गोविन्दराम, संजय बागपत, अनिल मास्टर, बागपत, रामवीर नम्बरदार पलवली, जसपाल पलवली, रमेश, चुन्नीलाल, भूदेव सौंध, बालकिशन योगी आदि उपस्थित थे।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



जैन कान्वेंट स्कूल डबुआ कॉलोनी में आयोजित शिविर में नेत्र जांच कराते लोग।

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी में स्थित जैन कॉन्वेंट स्कूल में केवल प्रेम आंखों का अस्पताल द्वारा निःशुल्क आंखों का चेकअप कैंप लगाया गया। यह कैंप मानव जन हित एकता परिषद के तत्वाधान में सीए अजीत पटवा व युवा नेता सचिन तंवर के सहयोग से लगाया गया। कैंप में व्यवस्था देखने में यूथ यूनाइटेड वेलफेयर एसोसिएशन डबुआ कॉलोनी ने सहयोग किया। केवल प्रेम आंखों के अस्पताल के अध्यक्ष अजीत पटवा ने बताया कि इस कैंप में लगभग 237 लोगों ने आंखों की निःशुल्क जांच कराई, लगभग 200 लोगों को मुफ्त दवाई, 142 लोगों को निःशुल्क चश्मे और 22 लोगों को मुफ्त मोतिया बिंद ऑपरेशन के लिए, चयनित किया गया। सचिन तंवर ने बताया कि डबुआ कॉलोनी में काफी लोगों ऐसे रहते हैं जो समय व पैसे के अभाव में अपनी आंखें चेक नहीं करवा पाते, इस तरह के कैंप लगने से वे अपने आंखों के समस्याओं के प्रति जागरूक होते हैं और बड़ी समस्या होने से पहले उसका निदान कर सकते हैं। स्कूल के चेयरमैन अमित जैन एडवोकेट ने केवल प्रेम आंखों के अस्पताल के अध्यक्ष सीए अजीत पटवा व उनकी टीम तथा सचिन तंवर का धन्यवाद दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी आए हुए अतिथियों का बुके व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इस शिविर में मुख्य रूप से पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना, निर्वतमान पार्षद मनवीर भड़ाना, इंद्र जीत सिंह नवादा, नंदू, नवप्रयास सेवा के अध्यक्ष सुनील यादव, समाज सेवी जगजीत कौर पन्नू, संजीव कुशवाहा, बाबा राम केवल, अवधी समाज से प्रदीप गुप्ता, पुरुष आयोग से नरेश मेंहदीरता, उगाती किरण से मोनिका, समाजसेवी डालचंद सारन व उनकी टीम यूथ यूनाइटेड वेलफेयर एसोसिएशन से पंकज चौहान, ललित भड़ाना, हरीश रावत, अमित गर्ग, आकाश त्यागी आदि थे।

### पृथला के विकास में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर : रावत



पन्हेड़ा कलां के सरकारी स्कूल को अपग्रेड करवाने पर ग्रामीणा विधायक नयनपाल रावत का आभार व्यक्त करते हुए।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव पन्हेड़ा कलां के सरकारी स्कूल को मिडिल क्लास तक कराने के लिए गांव की सरदारी ने हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत का आभार जताया। चंदावली स्थित कार्यालय पर पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि विधायक ने सरकारी स्कूल को मिडिल तक कराकर गांव के छात्र-छात्राओं को आगे पढ़ने का रास्ता साफ कर दिया है क्योंकि इससे पहले पढ़ने के लिए छात्र-छात्राओं को दूसरे गांवों के स्कूलों में जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें अपने ही गांव में उच्च शिक्षा हासिल हो सकेगी। मौके पर विधायक नयनपाल रावत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों की सेवा करना उनका दायित्व है और क्षेत्र की जनता से जो विकास के वायदे उन्होंने चुनावों में किए थे, अब उन वायदों को धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। कोरोना महामारी के चलते दो सालों तक विकास का जो पहिया धीमा पड़ गया था, अब पुनः तेजी से चल निकाला है और पूरे क्षेत्र में समान विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से आने वालों समय में पृथला विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में अव्वल क्षेत्र बनकर उभरेगा और शिक्षाएं चिकित्सा एवं मूलभूत सुविधाओं सहित रोजगार के मामले में भी इस क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी जाएगी।

### इनामी बदमाशों समेत 945 फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने वर्ष 2022 में अब तक इनामी बदमाश, पीओ और बेल जंपर सहित 945 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे जिसके तहत फरीदाबाद की सभी क्राइम ब्रांच, थाना पुलिस तथा पीओ स्टाफ ने बेहतरीन कार्य करते हुए इन जनवरी 2022 से अब तक 945 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए इन 945 अपराधियों में 412 पीओ, 512 बेल जंपर और 21 मोस्ट वांटेड शामिल हैं। इन 21 मोस्ट वांटेड की लिस्ट में 50 हजार के 2 इनामी बदमाश सज्जन उर्फ गोलू व विकास उर्फ म्हाले, 25 हजार के 3 इनामी बदमाश नितिन, विशाल व शोएब और 10 हजार के छह इनामी बदमाश कुमोद, कोशिंदर, दिनेश, नरेश, सुकेश व नफीस उर्फ कपला तथा 5 हजार के 10 इनामी बदमाश मनोज उर्फ जीरो, प्रीतम, निशु, मंदू, विकास, बब्लू, अशोक, अजय, यादराम तथा राकेश का नाम शामिल है। क्राइम ब्रांच 30 ने अपराधियों को पकड़ने में सबसे बेहतरीन कार्य करते हुए नौ इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा सेक्टर 17 ने 7, डीएलएफ ने 5, सेंट्रल, बॉर्डर तथा पीओ स्टाफ ने एक-एक मोस्टवांटेड को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास करती रही है और आगे भी इसी प्रकार अपराधियों पर शिकंजा कसकर अपराधों पर नकेल कसती रहेगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ में आमजन का अहम योगदान रहता है।

## महाराष्ट्र की स्थिति
### विद्रोहियों को राहत

**महाराष्ट्र** में विद्रोहियों को राहत मिली है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने उनको जवाब देने के लिए और समय दे दिया है। हालांकि, महाराष्ट्र का संकट शायद लंबे समय तक चलेगा, पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विद्रोहियों को राहत मिल गई है। विद्रोही नेता एकनाथ शिंदे ने याचिका दायर कर अपने समेत 16 विधायकों को मिले अयोग्यता नोटिसों को चुनौती दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने उनको नोटिसों का जवाब देने के लिए समय बढ़ा कर 12 जुलाई कर दिया है, जबकि पहले उनको सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक का समय जवाब के लिए दिया गया था। राजनीतिक लड़ाई के सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने के बाद उसने महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल, चीफ व्हिप सुनील प्रभु, विधायक दल के नेता अनिल चौधरी तथा केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किए हैं। शिंदे ने यह ट्वीट कर आदेश का स्वागत किया है कि 'यह हिंदुत्व सम्राट बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व और धर्मवीर आनन्द दिघे साहब के विचारों की विजय है।' वर्ष 2001 में यह दुनिया छोड़ चुके दिघे शिंदे के संरक्षक थे और वे अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। यहां तक कहा जाता है कि वे बाल ठाकरे के प्रतिद्वंद्वी की तरह थे। सुप्रीम कोर्ट जानना चाहता था कि विद्रोहियों ने मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। इस पर उनके वकील ने कहा कि महाराष्ट्र की राजधानी में स्थिति ठीक नहीं है। उनके आवासों व संपत्तियों पर खतरा मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के गुट ने भय का माहौल समाप्त करने के लिए कुछ खास नहीं किया है। उनके स्वामिभक्त व शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कार्यकर्ताओं की एक रैली में कहा था, 'जब वे असम



से बाहर निकलेंगे तो दिल से जीवित नहीं होंगे। वे जानते हैं कि उस आग में क्या हो सकता है जो यहां जल रही है। इन सभी 40 विधायकों के मृत शरीर गोहाटी से मुंबई आएंगे, हम उनको सीधे पोस्टमार्टम के लिए मार्चुरी भेज देंगे।' यह बात उस समय कही गई जब देश की सर्वोच्च अदालत इस मुद्दे पर विचार कर रही है।

इस बीच प्रवर्तन निदेशालय ने राउत को समन भेजा है। इस समय ईडी के हस्तक्षेप को बहुत से लोग केन्द्र द्वारा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की तरह देख रहे हैं। आश्चर्य नहीं कि राउत ने समन को 'षडयंत्र' कहा है। उन्होंने कहा, 'मैं ईडी द्वारा बताई गई किसी कंपनी से नहीं जुड़ा हूं। कल मैं ईडी नहीं जा सकूंगा क्योंकि अलीबाग में एक रैली है जिसे मुझे संबोधित करना है। यह कानूनी लड़ाई है। यदि आपके पास भाजपा की ओर से मुझे गिरफ्तार करने के आदेश हैं तो मुझे गिरफ्तार कर लें।' इस प्रकार के राजनीतिक नाटक से सभी लोग परिचित हैं। भारतीय जनता पार्टी–भाजपा संभवत: राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए तैयार हो रही है। बताया जाता है कि भाजपा के विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, 'भाजपा कोर कमेटी की बैठक समाप्त हो गई। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति का आंकलन और इस पर चर्चा हुई। एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उनका गुट ही मूल शिवसेना है, इस पर भी चर्चा हुई। हमने इस बात पर चर्चा की कि वर्तमान परिदृश्य में हमारी भावी भूमिका क्या होगी।' भाजपा ने कहा कि सरकार गठन के किसी प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई। भाजपा ने कोर कमेटी की बैठक के बाद कहा कि यदि दो तिहाई, यानी हर तीसरा विधायक शिंदे के साथ है तो उनको विद्रोही कैसे कहा जा सकता है। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि सदन में बहुमत परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। यह महाराष्ट्र के राजनीतिक नाटक में एक नया मोड़ है।

# आंदोलनजीवियों के निशाने पर मोदी

**मोदी लंबे समय से आंदोलनजीवियों के निशाने पर रहे। उनको अनुभवी पुलिसजनों व न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों से क्लीनचिट मिली है।**

**यतीन्द्र चौधरी**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं)



सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में जकिया जाफरी व तीस्ता सीतलवाड की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी को 2002 के गुजरात दंगों में विशेष जांच टीम–एसआईटी द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती दी थी। इससे अब हमेशा के लिए इस मुद्दे का समाधान हो गया है। लेकिन दु:ख की बात है कि ऐसा होने की संभावना नहीं है क्योंकि आंदोलनजीवी प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की जिद पकड़े हैं जो 2002 में गुजरात के मुख्यमंत्री थे। जस्टिस ए.एम. खानविलकर के अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट फैसला दिया है कि 'एसआईटी को कोई षडयंत्र नहीं मिला जो आगजनी और लूट के अलग–अलग व जघन्य कृत्यों को जोड़ता हो। स्टिंग आपरेशनों या व्यक्तिगत बयानों या लक्षित घृणापूर्ण भाषणों से इन आत्यन्तिक दावों की पुष्टि नहीं हुई कि यह कोई एक बड़ा षडयंत्र या सुनियोजित घटनाक्रम था।' पीठ ने आगे कहा, 'जांच के दौरान एकत्र सामग्री से इसकी पुष्टि नहीं हुई कि किसी प्रकार लोगों की सोच एक थी। यह बात एसआईटी द्वारा जांचे गए नौ मामलों तथा शिकायतों या विरोधी याचिकाओं में लगाए अन्य आरोपों के बारे में सही है। राज्य भर में हुए दंगे गोघरा में ट्रेन जलाने पर हुई हिंसा की स्वत:स्फूर्त व तात्कालिक प्रतिक्रिया थे।' उसने यह भी कहा कि ऐसी कोई सामग्री नहीं मिली 'जिससे प्रशासन या राजनीतिक अवस्थापना के उच्च स्तरों पर समाज सोच का संकेत मिलता हो जिससे अन्य लोगों के साथ ऐसे दंगों का षडयंत्र किया गया या उसने दंगों को भड़काने या उनको जारी रखने के प्रति अपनी आंखें बंद कर लीं।' न केवल सर्वोच्च सत्तारूढ़ राजनेताओं के बीच कोई षडयंत्र नहीं था, बल्कि गुजरात में उस समय अनेक 'निराश अधिकारी' थे जो 'झूठे खुलासों के माध्यम से सनसनी पैदा करना' चाहते थे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एसआईटी जांच से ऐसे अधिकारियों के 'दावों के झूठ का पूरी तरह खुलासा हो गया है।'

मोदी–विरोधी पक्षकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल का तर्क था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी न मामले के महत्वपूर्ण आयामों की जांच नहीं की, जबकि व्यापक षडयंत्र की पुष्टि के लिए इनकी जांच जरूरी थी। सिब्बल का जवाब देते हुए वरिष्ठ वकील व पूर्व एटार्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने कहा था कि एसआईटी न न केवल अपना काम किया, बल्कि अक्सर उसने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सीमा भी पार की। यह सब कुछ न्याय दिलाने के लिए था। उन्होंने जोर दिया कि जकिया के आरोप मुख्यत: दायित्व ठीक से न निभाने को लेकर थे और इनसे किसी आपराधिकता का संकेत नहीं मिलता है। रोहतगी ने यह भी कहा था कि याचिका का संचालन जकिया द्वारा न होने का संदेह है और इसे याचिकाकर्ता नं. 2, यानी सोशल एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ द्वारा किया जा रहा था जिनका इसे आगे बढ़ाने में निहित स्वार्थ था। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पहले के घटनाक्रम पर गौर करना महत्वपूर्ण होगा। 2006 में जाफरी ने गुजरात पुलिस से कुछ अधिकारियों व राजनेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की थी जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने दंगों को रोकने तथा जनता की जान बचाने के लिए समुचित कार्रवाई नहीं की जिनमें उनके पति भी शामिल थे। 2008 में सर्वोच्च न्यायालय ने दंगों की सुनवाई तथा जाफरी की शिकायत की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए एक एसआईटी का गठन किया था। 2012 में एसआईटी ने यह कह कर मोदी व अन्य को क्लीनचिट दे दी कि 'अभियोजन योग्य कोई प्रमाण नहीं मिला।' उसने मजिस्ट्रेट को मामला बंद करने की रिपोर्ट भी दे दी। 2013 में जाफरी ने मामला बंद करने की रिपोर्ट का विरोध करते हुए एक याचिका दायर की। मजिस्ट्रेट ने क्लोज़र रिपोर्ट का उचित माना तथा उनकी याचिका खारिह कर दी। इसकी प्रतिक्रिया में जाफरी ने गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने 2017 में मजिस्ट्रेट द्वारा लिए फैसले को उचित ठहराया। 2018 में जाफरी तथा एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड ने सर्वोच्च न्यायालय में यह कह कर याचिका दायर की कि एसआईटी ने उपलब्ध सारी सामग्री की जांच नहीं की, जांच पूर्वाग्रहपूर्ण थी तथा स्वयं जांचकर्ताओं की ही जांच होनी चाहिए। मोदी के खिलाफ लगे आरोप गुजरात के पूर्व पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट के कथनों पर आधारित थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सरकारी बैठक में अपने उपस्थित होने का दावा किया था। एसआईटी ने बाद में पाया और यह नतीजा निकाला कि भट्ट उस बैठक में उपस्थित नहीं थे और इसलिए उनके आरोपों की पुष्टि का कोई और रास्ता नहीं था।

यहां तीन बिंदुओं पर जोर देना जरूरी है। पहला, नरेन्द्र मोदी को एसआईटी में शामिल अनुभवी पुलिसजनों तथा न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों ने क्लीनचिट दी थी। षडयंत्र की बात मानने के लिए यह जरूरी होगा कि इतने अधिक पुलिस अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों तथा सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को अपने पक्ष में लाया जा सकता है। दूसरा, गुजरात पुलिस मोदी के अंतर्गत थी क्योंकि वे 2014 तक राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन यह बात एसआईटी या न्यायपालिका के बारे में नहीं कही जा सकती है। उस समय तक कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और उसी कालखंड में मोदी को सभी आरोपों से न केवल एसआईटी, बल्कि स्थानीय मजिस्ट्रेट ने भी मुक्त कर दिया था। यह कोई छिपी बात नहीं है कि कांग्रेस को मोदी कभी पसंद नहीं थे, बल्कि वास्तव में देश की सबसे पुरानी पार्टी उनसे सर्वाधिक घृणा करती थी। हमें यह तथ्य भी अनदेखा नहीं करना चाहिए कि 2004 से 2014 तक दस साल संप्रग सरकार सत्ता में रही। यह समय मोदी के दृष्टिकोण से बहुत लंबा था क्योंकि उनको लगातार झूठ, चरित्र हनन व अपमानजनक बातों से निशाने पर रखा गया था। उन पर अथक रूप से हमले हो रहे थे। इनमें कांग्रेस नेताओं द्वारा सीधे हमलों के साथ कांग्रेस–समर्थक सीतलवाड जैसे एक्टिविस्टों के परोक्ष हमले तथा कानूनी व राजनीतिक हमले शामिल हैं। उस समय सत्तारूढ़ पार्टी होने के कारण कांग्रेस के पास हर प्रकार की शक्ति थी और उसकी भारतीय राज्य के संसाधनों तक सीधी पहुंच थी। इसके बावजूद वह नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कुछ भी नहीं तलाश सकी। सच्चाई स्वीकार करने या उनके निरपराध होने को कुछ विश्वसनीयता देने अथवा उनके खिलाफ कार्रवाई धीमी करने के बजाय कांग्रेस और उसके निजी सिपहसालारों, जैसे सीतलवाड ने लगातार नरेन्द्र मोदी की छवि खराब करने का प्रयास किया। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने संकेत किया, 'सर्वोच्च स्तर पर व्यापक षडयंत्र के आरोप तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा एक आधिकारिक बैठक में डीजीपी, तत्कालीन मुख्य सचिव व राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए एक कथित टिप्पणी थी कि गोधरा घटना के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंदुओं को अपना गुस्सा निकालने की अनुमति दी जाए।' याचिकाकर्ता ने पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट, आर.बी. श्रीकुमार व पूर्व मंत्री हरेन पांड्या के बयानों पर विश्वास किया जिन्होंने बैठक में उपस्थित होने की बात कही थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के अनुसार एसआईटी ने नतीजा निकाला कि 'संबंधित लोगों का यह दावा झूठ तथा कल्पना की उड़ान है।' सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'एसआईटी ने गंभीर जांच के बाद अपनी यह राय व्यक्त की कि कथित बैठक में संजीव भट्ट या हरेन पांड्या उपस्थित नहीं थे। इसी प्रकार आर.बी. श्रीकुमार को भी कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं थी क्योंकि वे इस बैठक में उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा आर.बी. श्रीकुमार एक असंतुष्ट अधिकारी थे।'

एक प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय का फैसला एसआईटी द्वारा निकाले नतीजों की पुष्टि करता है जिसने 2013 में ही नरेन्द्र मोदी को क्लीनचिट दी थी जब संप्रग सरकार सत्ता में थी। 25 अप्रैल, 2013 को एसआईटी के वकील आर.एस. जयकुमार ने कहा था, 'मोदी ने कभी नहीं कहा कि जाओ और लोगों को मारो।' उन्होंने यह भी कहा था, 'तीस्ता सीतलवाड व अन्य ने शिकायतों को गलत ढंग से पेश कर मुख्यमंत्री पर निशाना लगाया जिन्होंने कभी नहीं कहा था कि जाओ और लोगों को मारो।' यदि ठीक ढंग से काम किया जाए तो किसी चीज की बार–बार जांच करने से परिणाम नहीं बदलता है। लेकिन सीतलवाड जैसे आंदोलनजीवी कभी किसी चीज पर विश्वास नहीं करते जब तक यह उनके पूर्वाग्रहों व कल्पनाओं के अनुकूल न हो। उनको इस बात की चिन्ता नहीं थी कि उनकी जिद से दूसरों को नुकसान होता है। उनको तथा उनके समर्थकों को दूसरों को बदनाम करने का खामियाजा भुगतना चाहिए। नरेन्द्र मोदी आंदोलनजीवियों द्वारा लगाए अपमानों व लांछनों से जरा भी विचलित नहीं हुए। इससे पता चलता है कि वे मजबूत धातु के बने हैं।

आंदोलनजीवियों ने लगभग दो दशक तक मोदी पर लगातार निशाना लगाया, लेकिन वे लगातार भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में लगे रहे।

# कोविड संक्रमण से खराब हो सकते हैं गुर्दे

> "फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं।"

**सौरभ पोखरियाल**
(लेखक एक चिकित्सक हैं)



क्रॉनिक किडनी रोग (सीकेडी), हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सेरेब्रोवास्कुलर दुर्घटनाएं और उच्च रक्तचाप जैसे कोविड–19 रोगियों में मृत्यु दर या गंभीरता को बढ़ाने के लिए दिखाया गया है। हालांकि, यह पता लगाने की भी आवश्यकता है कि क्या कोविड–19 जटिलताओं से गुर्दे की विफलता जैसी सह–रुग्णताएं बढ़ सकती हैं। उपलब्ध सबूत बताते हैं कि एक संबंध है।

कोविड–19 किडनी जैसे अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है, व्यक्ति के ठीक होने के बाद भी उसके कार्य को प्रभावित करता है। वास्तव में, गंभीर कोविड –19 जटिलताओं से पीड़ित कुछ लोगों में गुर्दे की गंभीर क्षति के लक्षण दिखाई देंगे। इसमें अंतर्निहित गुर्दे की समस्याओं वाले लोग शामिल हैं, और ये संकेत अक्सर मूत्र में रक्त या प्रोटीन के उच्च स्तर के साथ–साथ असामान्य रक्त कार्य में प्रकट होते हैं। जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन की एक रिपोर्ट में उद्धृत कई अध्ययनों के परिणामों से पता चला है कि कोविड –19 के सभी अस्पताल में भर्ती मरीजों में से कम से कम 30 प्रतिशत गुर्दे की चोट के किसी न किसी रूप में विकसित होते हैं। कोविड –19 की प्रमुख जटिलताओं में से एक जो गुर्दे की विफलता की संभावना को बढ़ा सकती है, वह है ऑक्सीजन की कमी। कोविड –19 रोग के गंभीर मामलों में आमतौर पर निमोनिया होता है जिसके परिणामस्वरूप रोगी के रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। यह असामान्य ऑक्सीजन स्तर गुर्दे की समस्याओं का कारण बन सकता है या मौजूदा स्थिति को बढ़ा सकता है, जो ठीक से प्रबंधित न होने पर विफलता का कारण भी बन सकता है।



हाइपोक्सिमिया के रूप में जानी जाने वाली स्थिति सांस लेने या परिसंचरण में कठिनाई से जुड़ी होती है, जो कोविड –19 का एक प्रमुख लक्षण है। एक और बड़ी जटिलता जो चिंता का विषय है, वह है किडनी कोशिकाओं के रिसेप्टर्स की प्रकृति जो कोविड –19 को उनसे जुड़ने की अनुमति देती है। कोविड –19 इन कोशिकाओं को लक्षित करता है और इन कोशिकाओं के दोहराव को सक्षम बनाता है जो संभावित रूप से उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं। फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, नए कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं जो आगे चलकर गुर्दे की क्षति का कारण बन सकते हैं, जिससे गुर्दे की विफलता हो सकती है।

यह घटना स्पष्ट रूप से कोविड –19 की महत्वपूर्ण कोशिकाओं पर हमला करने और गुर्दे की प्रभावशीलता को कमजोर करने की प्रकृति का वर्णन करती है। ऐसे और भी तरीके हैं जिनसे किडनी कोरोनवायरस से प्रभावित हो सकता है और असफल कार्य हो सकता है।

उनमें से एक वायरस के प्रति शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया है जिसके परिणामस्वरूप साइटोकिन तूफान हो सकता है। साइटोकिन्स की यह भीड़, छोटे प्रोटीन का एक समूह, कोशिकाओं का एक संचार तंत्र है क्योंकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली संक्रमण से लड़ती है। हालांकि, साइटोकिन्स की अचानक भीड़ से सूजन हो सकती है जो कि गुर्दे के स्वस्थ ऊतकों को नष्ट कर सकती है। हमारे लिए एक और चिंता रक्त का थक्का है जो कोविड –19 रक्तप्रवाह में पैदा कर सकता है और किसी के गुर्दे में छोटी रक्त वाहिकाओं को रोक सकता है। गुर्दे पर कोविड–19 का प्रभाव वास्तव में विनाशकारी हो सकता है क्योंकि किडनी के कार्य पर हमला हृदय और फेफड़ों जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों के कार्य को प्रभावित कर सकता है। यह कुछ परिस्थितियों में घातक भी हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है, एक अध्ययन के अनुसार।

इसलिए, कोविड–19– प्रभावित गुर्दे की चोट वाले रोगियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे हमेशा अपने स्वास्थ्य प्रदाता से संपर्क करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किडनी सामान्य स्थिति में आ रही है। जबकि डायलिसिस मदद कर सकता है, कोविड –19 संक्रमण से ठीक होने के बाद भी, सबसे अच्छा उपाय रोकथाम के निर्देशों का पालन करना है, जिसमें टीके और बूस्टर, हाथ धोने, शारीरिक दूरी और मास्किंग सहित अन्य उपाय शामिल हैं।

## आप की बात

### तीस्ता का असली चेहरा

**पद्मश्री** और राजीव गांधी सद्भावना पुरुस्कार से सम्मानित तीस्ता शीतलवाड़ वो नाम है जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व विभागों से देश में सेवाभाव के नाम पर करोड़ों रुपए झटकती है और उस रुपए को राष्ट्रद्रोही ताक़तों पर लुटाती रही है। डॉ अजय खेमरिया का आलेख 'बेनकाब होने लगे आंदोलनजीवी' ऐसे ही कथित समाजसेवियों को नंगा करता है।गैर सरकारी संस्थाओं को चलाने वाले ऐसे ही कथित बुद्धिजीवी, वामपंथी और उदार मीडिया हर उस निर्णय का विरोध करने सड़कों पर उतरना अपना पवित्र उद्देश्य मानता है जो देश, संस्कृति और अखंडता का पक्षधर हो। ऐसी ही एक बुद्धिजीवी अरुंधति राय है। ये लोग हर उस आंदोलन को हाई जेक कर लेते हैं जो राष्ट्रीयता के विरोध में खड़े होते हैं। ये आतंकवादियों में मानवीय संवेदनाएं, पत्थरबाजों में मासूमियत भारतमाता को गाली देने वालों में अभिव्यक्ति की आज़ादी का भाव ढूंढने लगते हैं। ये सच है कि ऐसे राष्ट्रविरोधी तत्वों को कांग्रेस और कांग्रेसनीत सरकारों में खूब आश्रय मिलता रहा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इसे तत्वों पर देशद्रोह का अभियोग चलाकर इनको उचित स्थान पर सुशोभित करे।

– **प्राची टोंक,** मुज़फ्फरनगर

### प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**सरकार** द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय पर्यावरण को शुद्ध करने में सहायक होगा साथ ही जानवरों की जान की जोखिम भी खत्म करेगा। कचरे के ढेर से मुक्ति मिलेगी. प्रदूषण कम होगा. बस एक ही नुकसान होगा। इस धंधे और उद्योग से जुड़े लोगों के रोजगार प्रभावित होगें। किन्तु यदि वे इसके समकक्ष कागज कपड़े की थैलियों के उद्योग और व्यापार से जुड़ जाएंगे तो रोजगार भी बरकरार रहेगा साथ ही प्रदूषण कम करने में भी वे सहयोग कर सकेंगे। लोगों को चाहिए वे देशी पद्धति अपनाएं, कागज और कपड़े की थैलियां, दूकानदार मिट्टी के कुल्हड़, उत्सवों में लोग पत्तों से बने दोने–पत्तल मेटल के गिलास व घरों में मेटल के बर्तनों का उपयोग अधिक से अधिक करें तो इससे एक तो प्रदूषण कम होगा दूसरे उपजाऊ धरती को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। एक बात बिलकुल सच है कि आधुनिकता की होड़ ने ही प्रदूषण फैलाया है और पर्यावरण को दूषित किया है. हम भले ही आधुनिक बनें मगर अपने स्वास्थ्य के प्रति जवाबदार भी बनें। सरकार को भी चाहिए कि वो समय–समय पर उचित कदम उठाये जैसे उसने 30 जून 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने हेतु सख्त कदम उठाया है।

– **दीप्ति प्रदीप बंदवार,** रतलाम


### महाराष्ट्र में खींचतान

**महाराष्ट्र** के राजनीतिक गलियारों में सत्ता के लिए चल रही खींचतान अब अदालत की परिधि में आकर एक नए दौर में प्रवेश कर गई है! सत्ता का यह नंगा नाच देश की जनता पहले भी कई बार कई राज्यों में देख चुकी है। उसके लिए अब यह कोई नई बात नहीं है। और अदालत की परिधि में जाने के बावजूद देश की जागरूक जनता को अच्छे से एहसास है कि इस सब का अंजाम सत्ता के हस्तांतरण के रूप में सामने आने वाला है! और उद्धव ठाकरे को भी अल्पमत में आने के बावजूद सत्ता से चिपके रहने का मोह उनकी बची खुची साख को भी खत्म कर रहा है। इस मामले में शरद पवार और कांग्रेसी चाहे कितना भी जोर लगा ले अब वे महाविकास आघाड़ी के बेमेल गठजोड़ को कायम नहीं रख पाएंगे। क्योंकि इनके बीच लगा हुआ सत्ता का, फेविकोल, खत्म हो चुका है! और सारी चीजों को जानने बुझने के बावजूद केंद्र सरकार व राज्यपाल का चुप्पी साध लेना भी बहुत कुछ कह रहा है। और जनता को सामने दिख रहा सब कुछ समझ में भी आ रहा है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमने** समय से नौ साल पहले गैर–फासिल ईंधनों से 40 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य पूरा कर लिया।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उपचुनाव** नतीजों ने 2024 लोकसभा चुनाव के पहले जनता का मूड बता दिया है। हम सभी 80 सीटें जीतेंगे।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**भाजपा** शासन में लोकतंत्र की हत्या का क्रम शक्ति के दुरुपयोग से निर्वाचित सरकारें उखाड़ने तक जारी है।

– **अखिलेश यादव**
पूर्व मुख्यमंत्री

सीएम की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी

# डेटा सेंटर पार्क और विमान मरम्मत केंद्र की होगी स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** 15950 करोड़ रुपए से अधिक निवेश से चार डेटा सेंटर पार्कों का निर्माण होगा। इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से चार हजार व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में डाटा सेंटर नीति-2021 के अन्तर्गत डाटा सेंटर पार्क बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

बैठक में लिए गए एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश को विमान मरम्मत का केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया। इसके तहत कैबिनेट ने प्रदेश में विमानों के अनुरक्षण मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधाओं के विकास के संबंध में नीति को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने आज कुल 14 अहम प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाई।

इसके अन्तर्गत मेसर्स एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को गैर वित्तीय प्रोत्साहन तथा अन्य तीन निवेशकों-मेसर्स एनटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स एंड क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड परियोजना-1 तथा अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड परियोजना-2 को वर्णित वित्तीय एवं गैर वित्तीय प्रोत्साहन को नीति कार्यान्वयन इकाई की बैठक में संस्तुति के उपरान्त निवेशकों को अनुमन्य किए जाने की अनुशंसा को स्वीकृति प्रदान की गई।

### ● डेटा पार्क में 15950 करोड़ का होगा निवेश, मिलेंगे चार हजार रोजगार

ज्ञातव्य है कि सोशल मीडिया, बैंकिंग, खुदरा, स्वास्थ्य सेवा यात्रा-पर्यटन एवं अन्य ट्रान्जेक्शन में बहुत अधिक डाटा उत्पन्न होता है जिसके संग्रहण के लिए डाटा सेंटर का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में देश का अधिकांश डाटा देश के बाहर संरक्षित किया जाता है। डाटा सेंटर क्षेत्र की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2021 में उप्र डाटा सेन्टर नीति अनुसूचित की गई है। इसमें राज्य में 250 मेगा वॉट डाटा सेंटर उद्योग विकसित किए जाने, राज्य में 20000 करोड़ रुपए के निवेश और कम से कम 3 अत्याधुनिक निजी डाटा सेंटर पार्क्स स्थापित करने का लक्ष्य है। नीति के अन्तर्गत डाटा सेन्टर पार्क्स और डाटा सेन्टर इकाइयों को पूंजी उपादन, ब्याज उपादान, भूमि के क्रय-पट्टे पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट तथा ऊर्जा से सम्बन्धित वित्तीय प्रोत्साहनों के अतिरिक्त विभिन्न गैर वित्तीय प्रोत्साहनों की अनुमन्यता हैं। बुंदेलखंड तथा पूर्वांचल क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहनों की व्यवस्था है।कैबिनेट ने राज्य में वायुयानों की मेन्टेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में नीति को अनुमोदित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि नागर विमानन क्षेत्र में निरन्तर हो रहे विकास एवं प्रसार के दृष्टिगत एक अनुकूल वातावरण बनाए जाने के लिए प्रदेश में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) हब्स की स्थापना की आवश्यकता है। नागर विमानन क्षेत्र में प्रचालन के लिए उपयोग में आने वाले हवाई जहाजों की मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल एक सतत और समयबद्ध प्रक्रिया है। भारत में एमआरओ की स्थापना न होने के कारण वायुयानों को मरम्मत के लिए देश के बाहर सिंगापुर, दुबई आदि स्थानों पर भेजा जाता है, जहां पर हवाई जहाजों के मरम्मत में एक तरफ धन एवं फॉरेन एक्सचेंज का व्यय होता है, वहीं दूसरी तरफ अधिक समय भी लगता है।उत्तर प्रदेश में एमआरओ की स्थापना के व्यापक सम्भावनाएं हैं। वर्ष 2026 तक देश में लगभग एक हजार नए वायुयानों को क्रय किए जाने की सम्भावनाएं है। सम्प्रति भारत में एमआरओ से सम्बन्धित कतिपय कम्पनियों द्वारा हैदराबाद और बैंगलुरू में छोटे-मोटे मरम्मत के कार्य किए जाते हैं। वायुयानों की मेन्टेनेंस, रिपेयर एण्ड ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में नीति के प्रख्यापन से प्रदेश में एमआरओ की स्थापना होगी, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही बड़ी संख्या रोजगार के सृजित होंगे। प्रदेश में एमएसएमई के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। वायुयानों की मरम्मत पर अपेक्षाकृत कम धनराशि व्यय होगी। साथ ही, समय एवं फॉरेन एक्सचेंज की बचत होगी। इससे देश व प्रदेश की जीडीपी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### निषादराज पार्क का होगा विकास

कैबिनेट ने प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क फेज-1) के निर्माण के लिए प्रस्तावित उच्च विशिष्ट कार्यों यथा स्टोन वर्क वॉल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फ ॉर वाल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फ ॉर आर्च डिजाइन, ग्रेनाइट फ्लोरिंग, स्टोन वर्क इन कूपिंग, स्टोन क्लेडिंग, मकराना स्टोन फ्लोरिंग, ग्रेनाइट कोबल आदि के लिए 368.19 लाख रुपए (जीएसटी,सेन्टेज और लेबर सेस सहित) की धनराशि से कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य, निशुल्क मिलेंगे पौधे

कैबिनेट ने प्रदेश के पर्यावरणीय लाभ एवं कृषकों की आय में सतत वृद्धि के दृष्टिगत वर्ष 2022-23 में 35 करोड़ पौधरोपण के लिए शासकीय विभागों, न्यायालय परिसरों, कृषकों, संस्थाओं, व्यक्तियों व निजी एवं शासकीय शिक्षण संस्थाओं-भारत सरकार के विभाग एवं उपक्रम-स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, प्राधिकरण आदि औद्योगिक इकाइयों, सहकारी समितियों एवं अन्य को सम्बन्धित शासकीय विभागों-संस्थाओं के माध्यम से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की पौधशालाओं से निशुल्क पौध (यूकेलिप्टस एवं पॉपलर को छोड़कर) उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

### 300 से अधिक रेलवे क्रासिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

कैबिनेट ने केंद्रीय परिवहन मंत्रालय, रेल मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच अनुबंध के मसविदे को मंजूरी दे दी। इस अनुबंध के तहत प्रदेश में 300 से अधिक रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराना जरूरी है। रेल मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन महत्वपूर्ण रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाने का इच्छुक है।

### नगर निकाय में शामिल हुए गांवों में जारी रहेगा आबादी सर्वेक्षण

कैबिनेट ने नगर निकाय क्षेत्र में सम्मिलित किए गए गांवों में भी स्वामित्व योजना के अन्तर्गत आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया के कार्य को जारी रखे जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

### होमगार्ड जवानों को मिलेगा प्रशिक्षण भत्ता

कैबिनेट ने होमगार्ड्स स्वसंसेवकों को जो-जो प्रशिक्षण जिस-जिस समय अवधि के लिए प्रदान किए जा रहे है वह शासन द्वारा निर्धारित एवं अनुमोदित होने की दशा में ड्यूटी पर अनुमन्य भत्ते के समतुल्य प्रशिक्षण अवधि में भत्ता अनुमन्य कराये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

### मुफ्त राशन के लिए 3196.81 करोड़ मंजूर

कैबिनेट ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को वितरण के लिए आयोडाइज्ड नमक, साबुत चना एवं रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल की आपूर्ति के सापेक्ष राज्य सरकार पर 3196.81 करोड़ रुपए के अनुमानित व्ययभार के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## अल्पसंख्यक आयोग में 2468 शिकायतों का निस्तारण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग ने एक वर्ष में 2468 शिकायतों को निराकरण किया। आयोग द्वारा 1272 मामलों में सम्मन जारी कर सुनवाई की गई और इनमें से 1176 मामलों का निस्तारण किया गया है। यह जानकारी मंगलवार को उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पुनर्गठन के 1 वर्ष पूरा होने पर इन्दिरा भवन स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने दी। इस अवसर पर आयोग द्वारा 1 वर्ष में किये गये कार्यों से संबंधित बुकलेट का विमोचन भी किया गया। आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने बताया कि वर्तमान पुनर्गठित उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग में एक वर्ष के दौरान लगभग 2686 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 2468 शिकायतों का निराकरण आयोग द्वारा किया जा चुका है। आयोग द्वारा 1272 मामलों में सम्मन जारी कर सुनवाई की गई और इनमें से 1176 मामलों का निस्तारण किया गया है। उन्होंनें बताया कि 18 दिसम्बर 2021 को आयोजित अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को सम्मान राशि देकर पुरस्कृत किया गया। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि सदस्यों द्वारा निरंतर विभिन्न मण्डलों में मण्डलीय स्तर पर तथा जिलों में स्थानीय प्रशासन से एवं जनसमुदाय से मिलकर अल्पसंख्यकों की समस्याओं का निराकरण कर पीड़ितों को न्याय प्रदान किया गया है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान पर होगा कार्यक्रम

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने तथा पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभावों से जन-जीवन को बचाने के लिए राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जायेगा। इसके लिए आमजन को जागरूक करने के लिए 29 जून को लखनऊ के चटोरी गली, गोमतीनगर एवं गोमती नदी के किनारे पर प्रदेश स्तरीय सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त उत्तर प्रदेश कैम्पेन के अंतर्गत प्लॉग रन का आयोजन किया जायेगा। इसमें प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरूण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि होंगे तथा प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री के पी मलिक एवं मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रमुख सचिव ने प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध के लिए आम जन से प्लाग रन में प्रतिभाग करने की अपील की है। प्रमुख सचिव नगर विकास ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आमजन से प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील की जायेगी तथा प्रतिबंधित पॉलीथीन रखने वाले दुकानदारों, ठेले व खोमचे वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए संबंधित विभागों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे तथा इस पर पूर्णतया रोक के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील भी करेंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलने वाले अभियान को 'प्रेस फॉर प्लास्टिक फ्री उत्तर प्रदेश' की थीम पर चलाया जायेगा। इसमें नगरीय निकायों के साथ जिला प्रशासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण नियंत्रण के अधिकारी भी सहयोग करेंगे। साथ ही स्वयं सेवी संस्थाएं तथा आमजन का भी सहयोग लिया जायेगा।

### ● 29 जून से 03 जुलाई तक प्रदेश में चलेगा वृहद जन जागरूकता अभियान

## देश का पहला ट्रांजिट हब बनेगा जेवर

### पेरिस के ज्यूरिख एयरपोर्ट की तरह मिलेंगी सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जहां नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के रनवे का काम शुरू हो गया है। वहीं एशिया पैसेफिक ट्रांजिट हब विकसित करने की योजना भी बनाई जा रही है। देश में अभी किसी एयरलाइंस का ट्रांजिट हब नहीं है। निवाल ने यह सुझाव विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा.लि. (वाईआईएपीएल) को दिया है। इसके लिए किसी बड़ी एयरलाइंस से समझौता होता है। समझौता करने वाली एयरलाइंस अन्य एयरलाइंस को अपने साथ जोड़ती है। हब बनने के बाद उसकी सभी फ्लाइट यहां से होकर गुजरेंगी। ट्रांजिट हब बनने से एयरपोर्ट में फ्लाइट का आना-जाना अधिक होगा। जब फ्लाइट अधिक आएंगी तो रोजगार के अवसर बनेंगे। व्यापार भी बढ़ेगा। इसलिए यह हब बनने से अनेक फायदे मिलेंगे। यात्री सुविधाएं, सामान प्रबंधन, इम्मिग्रेशन आदि पर जोर दिया जाएगा, एयरपोर्ट में लाउंज से सीधे विमान तक पहुंचने की



सुविधा मिल सकती है।

यात्रियों के सामान को रखने पहुंचाने में नई तकनीक का इस्तेमाल होगा इसके लिए मल्टी लेयर लैगेज पार्किंग बनेगी। यहां पर अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। जेवर एयरपोर्ट में भी पेरिस के ज्यूरिख एयरपोर्ट की तरह तकनीक देखने को मिलेगी।

## झूठ बोलने में भाजपा सरकार अव्वल: अखिलेश

### ● अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में लोग नरकनुमा जिंदगी बसर करने को मजबूर हैं। मजबूर जनता की कहीं सुनवाई नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार झूठ के ढोल पीटने में अव्वल है पर उसके झूठ की कलई भी खुलने लगती है। प्रदेश में अपनी एक भी योजना न चलाने वाली भाजपा ने बस समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना रंग और अपना नाम देने का रिकार्ड बनाया है। जनता भाजपा की सभी करतूतों और सच्चाई से वाकिफ हो चुकी है। समय आने पर भाजपा को जनता जरूर जवाबदेह बनाएगी। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार ने जहां अयोध्या में अण्डरग्राउंड विद्युतीकरण का काम कराया, भाजपा सरकार ने उसे रोक कर शहरों में तारो का मकड़जाल फैलाया। एक तो सरकार बिजली नहीं दे पा रही हैंए ऊपर से अब बरसात के मौसम में अस्पताल की छत पर बिजली के तारों का मकड़जाल बड़ी अनहोनी की दस्तक दे रहे हैं। बारिश में शार्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री फोटो खिंचवाने और सुर्खियों में बने रहने के लिए जिन अस्पतालों का दौरा कर चुके हैं उन अस्पतालों की दुर्दशा भी सुधरने का नाम नहीं ले रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा राज में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हो चुकी है। गाजियाबाद में मां को कंधे पर उठाए अस्पताल में जाते बेटे की तस्वीर भाजपा के शासनकाल में स्वास्थ्य सेवाओं की बिगड़ती हालत बयान करती है। आखिर स्वच्छ भारत और सच भारत कब बनेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति तले महिलाओं पर सत्ता संरक्षित अपराधियों का हमला चरम पर है। बाराबंकी में महिला की पीटकर हत्या, मेरठ में महिला से सामूहिक दुष्कर्म, बलरामपुर में नेपाली किशोरियों से गैंगरेप, लखनऊ में बंथरा इलाके में किशोरी से दुष्कर्म। ये सब घटनाएं इस बात की प्रमाण है कि फेल हो गया झूठा डबल इंजन, यूपी बना अपराध में नम्बर वन। सत्ता संरक्षित अपराधी बेखौफ कर रहे अपहरण।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में लोग नरकनुमा जिंदगी बसर करने को मजबूर हैं। मजबूर जनता की कहीं सुनवाई नहीं। वैसे भी भाजपा, आरएसएस के कानून में अपील और दलील जैसी किसी चीज की मान्यता नहीं है। ये संगठन एकाधिकारी मानसिकता से काम करते हैं। भाजपा, आरएसएस लोकतंत्र, समाजवाद तथा पंथनिरपेक्षता पर विश्वास नहीं करती है जबकि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## निरहुआ ने सीएम योगी से मिलकर जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजमगढ़ लोकसभा** क्षेत्र से उपचुनाव में नवनिर्वाचित भाजपा के सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने मंगलावार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ्ज्ञ से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। निरहुआ ने इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया तथा भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की।निरहुआ के साथ भोजपुरी की चर्चित अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और कलाकार प्रवेश लाल यादव भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद निरहुआ ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आजमगढ़ की देवतुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं की तरफ से आभार व्यक्त कर उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा चुनाव में मैनपुरी की करहल सीट से विधायक निर्वाचित होने के बाद आजमगढ़ के सांसद पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई सीट पर उपुचनाव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने अखिलेश यादव के चचेरे भाई व सपा प्रत्याशी धर्मेन्द यादव को परास्त किया है।

## सौ दिनों के कार्यों का लक्ष्य कल तक पूरा करें : योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद राज्य सरकार के प्रथम 100 दिवस के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रथम 100 दिनों का लक्ष्य हर हाल में 30 जून 2022 तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव से विभागीय समीक्षा कर अद्यतन रिपोर्ट देने के लिए भी कहा। पांच जुलाई को वर्तमान राज्य सरकार दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिन पूरे कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस विशेष अवसर पर 4 जुलाई को राज्य स्तर पर प्रेस वार्ता आयोजित करने और सभी मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों को जनता के सामने सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के निर्देश दिए।

इस वर्ष मार्च माह में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के साथ ही सभी विभागों के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रथम 100 दिन, छह माह, एक वर्ष, दो वर्ष और पांच वर्ष की कार्य योजना तय की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि आगामी पांच जुलाई को वर्तमान राज्य सरकार अपने दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिन पूरे कर रही है। इस विशेष अवसर पर चार जुलाई 2022 को राज्य स्तर पर प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सभी मंत्री, जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएं तथा प्रदेश सरकार द्वारा लिए गये संकल्पों के क्रम में अब तक हुई कार्रवाई की प्रगति से जनता को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिवस पूर्ण होने के अवसर पर विभागीय मंत्रियों द्वारा अपनी उपलब्धियों का विवरण जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। जनता को सरकार के कार्यों की 100 दिन की प्रगति रिपोर्ट के साथ-साथ आगामी 6 माह के लक्ष्य के बारे में भी जानकारी दी जाए। सभी मंडलों के प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के मंडलों में जनता के बीच जाएं।

### ● चार जुलाई को योगी सरकार पेश करेंगी कामकाज का रिपोर्ट कार्ड

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) को पीपीपी मोड़ पर संचालित करने के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। इसे मॉडल के रूप में लागू किया जाए। हेल्थ एटीएम की स्थापना के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। व्यापक जनहित के दृष्टिगत यह एक महत्वपूर्ण कार्य होगा। दूर-दराज के इलाकों में टेलीकन्सल्टेशन को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि डग्गामार बसों को एक व्यवस्था से जोड़ने पर विचार किया जाए। इनके लिए रूट का निर्धारण किया जा सकता है। इससे प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों तक परिवहन की सुविधा सुलभ हो सकेगी। इस सम्बन्ध में सभी आयामों पर विचार करते हुए कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग नवाचारों के माध्यम से अपने साधनों से आय के नए स्रोत सृजित करने के उपाय करे। परिवहन विभाग की भूमि सभी जगह प्राइम लोकेशन पर है। यहां होटल, रेस्त्रां आदि का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने बस स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए सभी जरूरी प्रबन्ध किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामपुर और आजमगढ़ के लोकसभा उपचुनाव में स्थानीय जनता ने प्रधानमंत्री जी की नीतियों में अभूतपूर्व विश्वास व्यक्त किया है। हमें इस विश्वास और उनके भरोसे पर खरा उतरना होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग इन दोनों जनपदों से सम्बन्धित विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर लें, कोई भी प्रस्ताव लम्बित न रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी इन क्षेत्रों में संचालित-लम्बित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ का हरिहरपुर संगीत साधकों की पुरातन स्थली है। संगीत जगत के प्रतिष्ठित विभूतियों से परामर्श कर उनकी मंशानुरूप कला-संगीत साधकों के हित में आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। बिलासपुर (रामपुर) चीनी मिल का सुदृढ़ीकरण का कार्य यथाशीघ्र किया जाए।

## प्रधानमंत्री ने दुनिया में बढ़ाया यूपी का मान: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर यूपी का मान बढ़ाया है। उन्होंने जी-7 समिट में भाग लेने जर्मनी यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद उपहार स्वरूप विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को देने के लिए उनका आभार जताया है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका, जापान, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और सेनेगल के राष्ट्राध्यक्षों को उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद भेंट कर राज्य का वैश्विक स्तर पर मान बढाया है। इसके लिए समूचा प्रदेश पीएम मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को देवाधिदेव महादेव की पावन नगरी काशी का प्रसिद्ध हस्तशिल्प गुलाबी मीनाकारी ब्रोच व कफलिंक सेट भेंट कर उत्तर प्रदेश के स्थानीय शिल्प को वैश्विक पटल पर गौरवभूषित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के निजामाबाद की सुप्रसिद्ध शिल्प कला से निर्मित काली मिट्टी के बर्तन जापान के प्रधानमंत्री किसहीडा को उपहार स्वरूप प्रदान किए हैं। उत्तर प्रदेश की शिल्प कला के सम्मान के लिए आपका हार्दिक आभार। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रां को हस्तशिल्प जरी-जरदोजी से बने बॉक्स में उत्तर प्रदेश में निर्मित विभिन्न अमूल्य उपहार भेंट किए हैं। परंपरागत कला एवं उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने के लिए आभार प्रधानमंत्री।प्रधानमंत्री ने जी-7 समिट के लिए जर्मनी प्रवास के दौरान इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्राघी को आगरा निर्मित मार्बल इनले टेबल टॉप उपहार भेंट कर उत्तर प्रदेश की समृद्ध कारीगरी को वैश्विकता प्रदान की है। मुरादाबाद की अद्भुत कलाकृति को पीएम मोदी द्वारा जर्मनी के चांसलर ओल फस्कालज को भेंट करना संपूर्ण प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। वैश्विक पटल पर पीतल नगरी की चमक बिखेरने के लिये आपका हार्दिक आभार।

## जीत के बाद सपाई गढ़ को अभेद्य बनाने में जुटी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के गढ़ कहे जाने वाले आजमगढ़ और रामपुर को उपचुनाव में ढहाने के बाद अब भाजपा इसे अपना अभेद्य दुर्ग बनाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों ही जिलों को शीर्ष प्राथमिकता में रखते हुए यहां चल रही विकास परियोजनाओं की शासन स्तर से समीक्षा के निर्देश दिए हैं। इन जिलों पर अब मुख्यमंत्री कार्यालय की सीधी नजर होगी। मंगलवार को सरकार के पहले 100 दिन के कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में भाजपा की अभूतपूर्व जीत की चर्चा करते हुए स्थानीय जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में स्थानीय जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में अभूतपूर्व विश्वास जताया है। हमें इस विश्वास और उनके भरोसे पर खरा उतरना होगा। सभी विभाग इन दोनों जनपदों से सम्बंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर लें, कोई भी प्रस्ताव लंबित न रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी इन क्षेत्रों में संचालित/लंबित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### हरिहरपुर को जल्द मिलेगी बड़ी सौगात

**शास्त्रीय** संगीत में आजमगढ़ के हरिहरपुर घराना की समृद्ध विरासत का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि हरिहरपुर घराना 600 वर्ष से अधिक पुराना घराना है। ऐसे में संगीत जगत के लब्धप्रतिष्ठ लोगों से परामर्श कर उनकी मंशानुरूप कला-संगीत साधकों के हित में यहां के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसी तरह बिलासपुर (रामपुर) चीनी मिल का सुदृढ़ीकरण का कार्य यथाशीघ्र किया जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पौधरोपण के लिए बनाएं प्रारूप

संवाददाता। सीतापुर



**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एजेण्डा बिन्दुओं पर एक-एक करके समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि सभी विभाग आपसी समन्वय से बेहतर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी पौधों का वृक्षारोपण किया जाना है गढ्डे खुदवाकर उसका प्रमाण-पत्र संबंधित कार्यालय में ससमय उलपब्ध करा दें। साथ ही निर्देश दिये कि वृक्षारोपण के लिये जो भी पौधों की आवश्यकता है उनका प्रारूप तैयार कर प्रस्तुत करें। मियावाकी के अनुरूप वृक्षारोपण किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण किया जाये। उन्होंने डी0सी0 मनरेगा को निर्देश दिये कि मास्टर रोल के अनुसार ही गढ्डे खुदवाये जायें, जो भी पौधें 7 फिट के हो गये हों उनको ट्रेंच खोदकर गौशालाओं में वृक्षारोपण किया जाये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि एन0एच0आई0 से समन्वय स्थापित कर डिवाईडरों पर वृक्षारोपण कराया जाये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि वृहद गौशालाओं में अच्छी प्रजाति वाले पौधों को रोपण किया जाये। सिंचाई विभाग को निर्देश दिये कि सामाजिक वानिकी से समन्वय स्थापित करते हुये नदियों के किनारों पर कटान रोधी खस के पौधों को व्यापक मात्रा में लगवाकर संरक्षित किया जाये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों के समूह एवं युवा मंगल दल से समन्वय कर वृक्षारोपण कराया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वृक्षारोपण से जुड़ी संस्थाओं से समन्वय कर ट्रीगार्ड की व्यवस्था सुनिचित की जाये। बायो फेन्सिंग कराने के लिये किसानों को प्रेरित किया जाये। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ब्रज मोहन शुक्ला, क्षेत्राधिकारी सदर पीयूष सिंह, डी0सी0 मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित संबधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहायक अध्यापक ने शिक्षा मित्र पर मानसिक प्रताड़ना के लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता। सिधौली सीतापुर

**क्षेत्र के** प्राथमिक विद्यालय खमरिया मे 18माह से कार्यारत सहायक अध्यापक हर्सित त्रिपाठीने अपने ही विद्यालय मे कार्यारत शिक्षा मित्र स्नेह लता सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल किया है वायरल वीडियो के आधार पर आई इंडिया ने जब सहायक अध्यापक हर्सित त्रिपाठी से बात किया तो उन्होने बताया कि उनकी 2018 मे हुई 69हजार शिक्षक भर्ती के दौरान भर्ती हुए थे 18माह से सिधौली क्षेत्र के कम्भरिया प्रार्थमिक विद्यालय मे सहायक अध्यापक के पद पर कार्यारत है वही पर पहले से कार्यारत शिक्षा मित्र स्नेह लता सिंह उनको आएदिन प्रताड़ित करती रहती है सहायक अध्यापक का आरोप है कि आठ माह पहले प्रधानाध्यापक अतिरिक्त प्रभार शिक्षामित्र के पास था उसके बाद यह अतिरिक्त प्रभार सहायक अध्यापक हर्षित त्रिपाठी को मिल गया जिससे परेशान होकर महिला शिक्षामित्र द्वारा सहायक शिक्षक को हंसाने के लिए तरह-तरह की साजिशें की जाने लगी सहायक अध्यापक ने बताया जिससे परेशान होकर वह मानसिक रूप से बीमार हो गया एक अध्यापक द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों से मामले की जांच करा कर कार्रवाई करने की मांग की गई खंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार गौतम ने बताया मामले का संज्ञान लिया गया है जांच कमेटी गठित कर दी गई है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### दर्जनों महिलाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिधौली सीतापुर ।** अमृत सरोवर योजना के तहत चयनित तालाब पर चल रहे कार्य मे बाधा उत्पन्न किऐ जाने को लेकर दर्जनों महिलाएं व पुरष उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या का निस्तारण कराऐ जाने की मांग की है। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मनवां के प्रधान पति सुफियान की अगुआई मे दर्जनों महिलाएं व पुरष मंगलवार को सयूक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी अजय कुमार सिंह को देते हुऐ बताया है कि मनवां मे तालाव गाटा संख्या 1079 स्थित है इसी तालाब के पास प्राचीन काल का काली देवी मन्दिर स्थित है तालाब का भानू कश्यप मनवां के नाम हुआ था जिसमे मछली पालते है उक्त तालाब का चयन अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत हुआ है जिससे अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत कार्य चल रहा है भानू कश्यप उक्त मन्दिर के पास के तालाब मे मांसमछलियो के लिऐ डालते है जिससे गांव के हिन्दू ब्यक्तियो को काफी दिक्कत होती है जबकि भानू कश्यप वर्तमान प्रधान से मछली हटवाने के लिऐ 35000 हजार रुपये ले चूके है अब कश्यप अमृत सरोवर योजना के कार्य मे बाधा डालते है जिससे ग्राम वासियों मे रोष ब्याप्त है उक्त प्रकरण के निस्तारण के लिऐ ग्राम वासी बिमला श्रीदेवी शिवदुलारी गुडिया पिंकी फूलचन्द उमाशंकर बबलू राहुलमनोज दीपक मिश्रीलाल दीनदयालकुलदीप रामकुमारबैजू बिनोद आदि दर्जनों महिलाएं व पुरषो ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दे।

### बेखौफ चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

**थानगांव सीतापुर।** थानगांव इलाके में एक बार फिर बेखौफचोरों ने ग्राम प्रधान सहित दो घरों में बीती रात नगदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया है।पीड़ितों ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर दे दी है। रामउदित पुत्र मिश्रीलाल निवासी प्रधाननपुरवा मजरा सीपतपुर थाना थानगांव के घर बीती रात बेखौफचोर घर के पिछले दरवाजे से किसी तरह अंदर घुस गए और कमरों का ताला तोड़कर गृहस्वामी के मुताबिक 20 हजार रुपये की नगदी सहित करीब ढाई लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफकर दिया। इसके बाद चोरों ने इसी गांव निवासी ग्रामसभा सीपतपुर के प्रधान अकबाल बहादुर पुत्र सहजराम के घर घुसकर 5 हजार रुपए की नगदी सहित करीब 50 हजार रुपये के जेवर चुरा ले गए । सुबह होने पर भुक्तभोगियों को चोरी की जानकारी हुई।पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफथानगांव थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस ने मौका-मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केन्द्र सरकार की चलाई योजनाओं का हुआ बखान

**सीतापुर।** सीतापुर के सासंद राजेश वर्मा बूथ सशक्ती करण अभियान के अन्तर्गत ब्लाक कसमण्डा के बम्हौरा, दाउदपुर, खानपुर डोभा, सीताराम पुरवा, लछिमनपुर, रमुवापुर, सरवरपुर केसरिया, धरैचा, ककरहिया, कैथा भारी आदि टोटल 14 बूथो पर जनसम्पर्क करके प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, खाद्यान रासन, शौचालय, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, मुफ्त विजली कनेक्शन, उज्वला योजना के लाभार्थियो से मिलकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजनावो के विषय मे जानकारी ली तथा उपस्थित जनसमूह को डबल इंजन की मोदी योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनावो के विषय मे जानकारी देते हुए उपस्थित जनता-जनार्दन से आनेवाले लोकसभा चुनाव 2024 मे कमल के फूल वाला बटन दबाकर पूर्ण बहुमत मोदी जी को पुनः तीसरी बार भारत देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की इस मौकेपर महिला मोर्चा जिलाउपाध्यछ आषाशर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलापुर अमर बाजपेई, मेम्बर आफटी, ए, सी ,गुड्डू भारती,गिरीश शर्मा, सेक्टर संयोजक दाउदपुर बिपिन मोहन तिवारी,मीडिया प्रभारी ऋषी मिश्रा , दिलीप शुक्ला, अमित भारती,आदि सैकणो की सख्या मे पार्टी के पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे

### युवक हुआ जहरखुरानी का शिकार

**बरेली ।** रोडवेज की बस में यात्रा कर रहे एक युवक को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया बस का चालक उसे सड़क किनारे छोड़ कर चला गया घर वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के करेली निवासी सारिक पुत्र जाहिद को आज दोपहर बेहोशी की हालत में घर वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि सारिक कारपेंटर है और 12 दिन पूर्व वह काम करने के लिए लखनऊ गया था जहां से वह रोडवेज की बस से अपने घर लौट रहा था लेकिन बस में उसके साथ सवाल जहर खुरानी गिरोह के बदमाशों ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला दी जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गया बस का चालक उसे इज्जत नगर थाना क्षेत्र में फरीदा पुर गांव के पास सड़क किनारे छोड़ कर चला गया उसकी जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर पुलिस ने उसके घरवालों को सूचना दी जो उसे घर ले आए लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो आज दोपहर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

# खेत पर जा रहे ग्रामीण की करंट लगने से मौत

संवाददाता। बरेली

**खेत पर जा** रहे एक ग्रामीण की रास्ते में ही एक खेत के चारों ओर तार लगाकर फैलाए गए करंट की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर करंट वाले खेत मालिक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी ।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव बलूपुरा निवासी 30 वर्षीय हरीश कुमार पुत्र ज्वाला प्रसाद की बीती रात लगभग 10 बजे गांव के पास स्थित एक खेत में फैले करंट की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि हरीश कुमार सोमवार की रात लगभग 10 बजे अपने खेत पर सोने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में मीरगंज के गांव नत्थूपुरा निवासी सतबीर पुत्र हरप्रसाद के खेत में फैले करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई घर वालों ने बताया कि सतवीर ने अपने खेत की सुरक्षा के लिए उसके चारों और तार की बाउंड्री बनाकर उसमें कटिया डालकर करंट छोड़ दिया था ताकि कोई जानवर उसके खेत में न घुस सके लेकिन हरीश कुमार इसी करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई सुबह होने पर लोगों ने हरीश कुमार के शव को सतवीर के खेत के पास देखा तब पता चला कि उसकी करंट लगने से मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी जिसने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सतवीर फरार बताया जाता है ।

## बड़े भाई ने छोटे पर किया जानलेवा हमला

**बरेली ।** संपत्ति के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद बड़े भाई ने छोटे भाई पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया हमलावर फरार बताया जाता है।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के छावनी अशरफ खा निवासी सोनू सागर पुत्र ओमप्रकाश सागर को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां सोनू ने बताया कि वह बिजली मिस्त्री है और उसका अपने बड़े भाई मिंटू सागर से मकान और दुकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है आज सुबह इसी बात को लेकर फिर से विवाद हो गया गुस्साए मिंटू ने उसके सिर में लोहे की रॉड मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मोहल्ले के लोगों ने उसे बचा लिया उसने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और मिंटू सागर की तलाश शुरू कर दी जो फरार बताया जाता है ।

# पीआरएसएस के सैकड़ों पदाधिकारी नरमू में शामिल हुए, ली सदस्यता

**बरेली।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गयी। जिसमें नरमू की नीतियों एवं उनकी कृयाक्लापों से प्रभावित होकर श्रमिक संघ का दामन छोड़ सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नरमू की सदस्यता ग्रहण की।नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक द्वारा सभी नये सदस्यों को माला पहनाकर उनका नरमू परिवार में स्वागत किया। तथा सभी सदस्यों ने बड़े जोश के साथ सदैव नरमू परिवार के साथ रहने एवं कर्मचारी हित में काम करने की शपथ ली। सम्मिलित होने वाले नए सदस्यों में प्रमुख रूप से जसवीर सिंह, अमित कुमार, अजय कश्यप,योगेश राठी,कुलवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रोहित राणा, शिव राठी,अरविन्द राणा,विकास राणा, प्रवीण कुमार, कमल,अजीत कुमार, अनुज कुमार, रोहित कुमार,आरती टम्टा,ज्योति आदि शामिल हुए।अंत में नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया की कल भोजनावकाश के समय एक आम सभा का आयोजनमंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के पास बैंक के सामने जिसमें रेलवे के निजीकरण व निगमीकरण तथा एन पी एस का विरोध किया जायेगा । इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से नरमू के सुन्दर पाल सिंह, जगवीर सिंह यादव, रोहित सिंह, सी डी अवस्थी,संजय त्यागी,रईस अहमद, माजिद हसन, हसीब खान, बलवंत सिंह, मोहम्मद यूनुस, कुलदीप आर्य,जितेंद्र कुमार, ताजुद्दीन खाँ, पी सी कपूर एवं मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन आदि नरमू के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## अन्तरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, रैली व प्रदर्शनी आदि का आयोजन

**बरेली।** अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर मद्य निषेध विभाग व संकल्प सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से संगोष्ठी व रैली, प्रदर्शनी आदि का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला मद्यनिषेध अधिकारी श्री मनोज कुमार ने विगत दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा है कि एल्कोहल व मादक द्रव्य, चरस, इंजेक्शन का प्रभाव हमारे समाज की युवा पीढ़ी को अपने ग्रप्त में ले रहा है जो सामाजिक रूप से पतन का मुख्य कारण है साथ ही उन्होंने पश्चिमी सभ्यता का भी जिक्र कर हो रहे नशे के शिकार लोगों से बचने व माता-पिता को बच्चों की निगरानी करने के लिये भी कहा और लोगों से नशा न करने की अपील की। इसी क्रम में कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रेम सिंह चौहान ने सभी से अपने आस पास लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नशा हमारे समाज में घुन का काम कर रहा है।

# एक सीएचसी व तीन पीएचसी को किया पुरस्कृत: सीएमओ

● **कायाकल्प अवार्ड में चयनित हुए थे चारों**

● **सीएमओ ने कहा: स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है शासन**

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**मुख्य चिकित्साधिकारी** डा. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि चिकित्सा इकाईं में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं, सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तापरक सुधार किया जाना देश एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसे साकार करने के उद्देश्य से क्वालिटी एश्यारेन्स कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत जनपद एवं ब्लाक की समस्त चिकित्सा इकाईयों का सुदृढ़ीकरण किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कतिपय चेकप्वाइंटर हैं जिसमें अंतर्विभागीय सहयोग की आवश्यकता होती है। जिससे चिकित्सा इकाई के आस-पास सम्पर्क मार्ग, प्रकाश की व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं निस्तारण, परिसर के बाहर नालियों की सफाई समुचित पार्किंग की व्यवस्था, शौचालय, वृक्षारोपण आदि की व्यवस्था की जाती हैँ इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु 50 बिन्दुओं की एक सामान्य चेकलिस्ट विकसित की गई है। इसके आधार पर चिकित्सा इकाइयों का असेस्मेंट तीन चरणों में किया जाता है। विगत वर्ष 2021-22 में जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान को संत्वना पुरस्कार, पीएचसी ओयल को प्रथम, सीएचसी बेलरायां, पीएचसी कालाआम को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत हुए। इस तरह कायाकल्प अवार्ड में जनपद में से एक सीएचसी व तीन पीएचसी को कायाकल्प अवार्ड प्राप्त हुआ है।

# डीएच इमरजेंसी और टीसी ओयल को 200 शैय्या चिकित्सालय में स्थानांतरित का प्रस्ताव पारित

● **सर्वसम्मति से लगी मोहर**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सीएमओ ऑफिस** सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने की। बैठक में जिला पुरुष चिकित्सालय की इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर ओयल को 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में स्थानांतरित किए जाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और इन प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि जिला चिकित्सालय लखीमपुर में संचालित इमरजेंसी को 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव उपस्थित अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से माना गया है। इसी के साथ कोविड एल-2 चिकित्सालय जो पूर्व से ही 200 शैय्या चिकित्सालय में संचालित है की एल-2 इकाई को तीसरी मंजिल पर आइसोलेशन के रूप में संचालित करने और आईसीयू को प्रथम तल पर संचालित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। वहीं 200 शैय्या चिकित्सालय से महज 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ट्रामा सेंटर ओयल को भी 200 शैय्या चिकित्सालय में समाहित किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। जिससे 24 घंटे स्वास्थ्य की बेहतर सेवाएं 200 शैय्या चिकित्सालय में मिल सके। इसी के साथ इस दौरान आवास के लिए सड़क, सुरक्षा के दृष्टिगत परिसर में पुलिस चौकी और डायलिसिस यूनिट को एमसीएच विंग 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में स्विफ्ट करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया है और यह प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। इस दौरान अधीक्षक एमसीएच विंग डा. एसी श्रीवास्तव, अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय डा. मदन लाल, एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार, डा. बीसी पंत, डा. अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ लाल जी पासी व डा. धनीराम भार्गव सहित जिला अस्पताल से एनेस्थेटिक डा. एसके मिश्रा, डा. आरपी वर्मा, डा. राजकुमार वर्मा, डा. सतीश कुमार, डा. राजेश कुमार, डा. एसके सिंह, डा. हर्ष देव भारती, डा. हर्षिता अवस्थी, डा. एके कोहली, डा. आईके रामचंदानी, डा. शिखर बाजपेई, डा. ललित कुमार, डा. एके द्विवेदी जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम अनिल कुमार यादव सहित चीफ फार्मासिस्ट डा. आशुतोष अवस्थी, फार्मासिस्ट परमानंद वर्मा उपस्थित रहे।

# तेजी से फल-फूल रहा अवैध शराब का धंधा



**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी मे कच्ची शराब का कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है। शाशन के दिशा-निर्देशो का भी पालन होते नहीं दिख रहा। कच्ची शराब कुटीर उद्योग की तरह फल-फूल रहा है। जंगल के समीप शराब की भटटिया घहक रही हैं। उसमें रेहरिया चौकी जो जंगल के समीप है जहां कच्ची शराब का धंधा मुख्य है जिसमें मूड़ा ग़ालिब क्षेत्र में जंगल से सटा हुआ गांव साहबगंज ग्रंथ मैं मुख्य व्यवसाय कच्ची शराब का है जहां पर पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी कच्ची शराब के धंधे में पुरुषों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती है। इसके अतरिक्त पोखनापुर एहिम्मतपुर, बरखेरा पडरी, झखरा, नंदापुर, शिवपुरी व बरखेड़ा में कई वर्षों से खुलेआम कच्ची शराब का कारोबार खुले आम चल रहा है। आबकारी विभाग को कभी-कभार दबिश देकर पकड़ने में कामयाब हो जाती है परंतु किस कारण उस रास्ते पर पुलिस नहीं जाती है। ऐ एक रहस्य है जबकि बरखेड़ा से पुलिस चौकी रेहरिया की दूरी लगभग 3 किलोमीटर होगी। किसके संरक्षण के माध्यम से गांव-गांव में पैर पसार रहा है? यह चिंता का विषय है। बड़े धंधे करने वालों पर कोई कार्यवाही होती नहीं दिख रही है। वहीं 2-4 लीटर अवैध शराब बनाने वालों को पकड़कर दफा साथ में चालान करने का सिलसिला जारी है।

# पेज एक का शेष

## भाजपा ने...

और उनसे भी राज्य के राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार संकट का सामना कर रही है क्योंकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उसके कई विधायकों ने विद्रोह कर दिया है और वर्तमान में गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। ज्ञात हो कि शिवसेना के इस विद्रोह को उसका आंतरिक मामला बताकर भाजपा ने इससे दूरी बना रखी है लेकिन उसके नेताओं ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि पार्टी की रणनीति स्थिति पर नजर रखने की है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि हालांकि अगली सरकार के गठन को लेकर कोई ठोस खाका नहीं तैयार किया गया लेकिन यदि पार्टी सरकार बनाने में सफल होती है तो शिंदे गुट के प्रमुख विधायकों को वह समायोजित कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे को उपमुख्यमंत्री भी बनाया जा सकता है। भाजपा नेताओं ने कहा कि फिलहाल पार्टी एमवीए सरकार के गिरने का इंतजार कर रही है क्योंकि उसने विधानसभा में बहुमत खो दिया है।ऐसी संभावना है कि बागी विधायक मुंबई लौटें और राज्यपाल से मिलकर ठाकरे सरकार से समर्थन वापस लेने के अपने फैसले से उन्हें अवगत कराएं। इसके बाद ही राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करने को कह सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बागी विधायकों के खेमे की गतिविधियां तेज होंगी। फडणवीस ने सोमवार को मुंबई में पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के नेताओं के कोर समूह की एक बैठक भी की थी। शिंदे शिवसेना के जिन असंतुष्ट विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, उनमें राज्य सरकार के नौ मंत्री भी हैं, जिनके विभाग सोमवार को वापस ले लिए गए।

## उद्धव ने...

दिया कि आज तक कोई भी पार्टी से बाहर नहीं है। फिर भी बागी विधायक गुवाहाटी में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी से अपील कर रहे हैं कि आप मुम्बई लौट आएं और मुझ से बात करें एवं शिवसैनिकों के मन में उपजी सभी भ्रांतियों को दूर करें, ताकि कुछ समाधान निकल सके। उद्धव ने कहा कि मूल शिवसेना सभी बागी विधायकों को पूरा सम्मान देगी। उद्धव की इस अपील के कुछ घंटे बाद बागी गुट का नेतृत्व कर रहे मंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार शाम बेहद तीखे अंदाज में आदित्य ठाकरे और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत पर पलटवार किया। मुख्यमंत्री ठाकरे को संबोधित ट्वीट में शिंदे ने कहा कि एक तरफ आपके बेटे (मंत्री आदित्य ठाकरे) और प्रवक्ता (सांसद संजय राउत) ने पूज्य बालासाहेब ठाकरे के शिवसैनिकों को सुअर, गटर-बक, कुत्ते, मवेशी, मूर्ख, लाश, और यहां तक कि उनके पिता को भी इस विवाद में घसीटा, दूसरी ओर, उन्हीं विधायकों को वापस लाने की कोशिश करके हिंदुत्व विरोधी एमवीए को बचाने का आह्वान किया जा रहा है। इसका क्या मतलब है? बीते 21-22 जून की रात को शिवसेना में उभरे संकट के बाद बागियों से सीएम ठाकरे की यह कम से कम तीसरी सीधी अपील है। उद्धव ने कहा कि आप में से कई लोग हमारे संपर्क में हैं और अभी भी शिवसेना से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। कई लोगों के परिवारों ने भी हमसे संपर्क किया है और अपनी भावनाओं से हमें अवगत कराया है। सत्तारूढ़ एमवीए में उस समय उथल-पुथल मच गई थी, जब 21-22 जून की रात को लगभग 39 शिवसेना विधायक और 11 अन्य शिंदे गुट में शामिल होने के लिए गुजरात और फिर असम पहुंच गए थे।

## मोदी ने...

था। वर्ष 2020-21 के लिए लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि के साथ संयुक्त अरब अमीरात (अमेरिका और चीन के बाद) भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य था। भारत के करीब 34 लाख प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात में रहते हैं और वे यहां का सबसे बड़ा जातीय समुदाय हैं तथा उनकी संख्या देश की आबादी का करीब 35 प्रतिशत है।

## नूपुर शर्मा...

ने ऑनलाइन वीडियो डालकर इस गुनाह की जिम्मेदारी ली और पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों को राजसमंद जिले के भीम क्षेत्र से पकड़ा गया। राजसमंद के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर हेलमेट पहनकर भागने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन्हें भीम क्षेत्र में नाकेबंदी के दौरान पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा, हमने आरोपियों की पहचान की पुष्टि की है। 10 टीम को आरोपियों की तलाश में लगाया था। एक वीडियो क्लिप में हमलावर को कहते सुना जा सकता है कि उसने एक आदमी का सिर कलम कर दिया है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी धमकी देते हुए कहा कि यह छुरा उन तक भी पहुंचेगा।

## मोहम्मद जुबैर...

सहयोग नहीं किया है, इसे ध्यान में रखते हुए आरोपी की चार दिन की पुलिस हिरासत की अनुमति दी जाती है क्योंकि आरोपी को बेंगलोर लेकर जाना है। न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि जुबैर को दो जुलाई को अदालत में पेश किया जाए। अदालत ने जांच अधिकारी को नियमों के अनुसार आरोपी का मेडिकल कराने को भी कहा। उन्होंने कहा, नियमों के अनुसार कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन किया जाए। पुलिस ने अदालत में दलीलों के दौरान कहा कि आरोपी एक प्रवृत्ति का अनुसरण कर रहा था जिसमें उसने प्रसिद्धि पाने की कोशिश में धार्मिक ट्वीटों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कहा, यह सामाजिक वैमनस्य पैदा करने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने का उसका जानबूझकर किया गया प्रयास था। उसने कहा कि जुबैर की गिरफ्तारी के दौरान प्रक्रिया का पालन किया गया।

## सोशल मीडिया...

की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस तरह का टूल्स (उपकरण) प्रदान करना होगा ताकि व्यक्ति की पहुंच लगातार बढ़ती रहे और उसे ज्ञान की खोज, चर्चा और बहस में शामिल होने की अनुमित मिले। भारत जैसे देश में बड़ी युवा आबादी के साथ प्रक्रियाओं का निर्माण करना है जो भविष्य की पीढ़ी को नीतियों को अच्छी तरह से समझने में मदद करती हो। अध्ययन नीत अभियान द मैटर ऑफ फैक्ट ने इस बात की समझ के स्तर को देखा कि सत्य की पहचान और स्रोतों की पुष्टि कैसे की जाती है। अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार जब तथ्यात्मक जानकारी की तलाश की बात आती है, तो 37 फीसदी लोग सोशल मीडिया का रुख करते हैं। मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के लोगों के मामले में यह 43 फीसदी और भारतीयों के मामले में 54 फीसदी है। वहीं ब्रिटेन के लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग करके तथ्यों की तलाश करने की संभावना कम होती है क्योंकि केवल 16 फीसदी लोग इसे एक पसंदीदा स्रोत बताते हैं जबकि अमेरिकियों के मामले में करीब 29 फीसदी इसका इस्तेमाल करते हैं। कुल मिलाकर, विश्व भर में लोग अधिकांश जानकारी के लिए गूगल और अन्य सर्च इंजन पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं, दुनिया भर में दो तिहाई (67 फीसदी) और ब्रिटेन में 62 फीसदी लोग इस तरह से तथ्य की तलाश करते हैं।

## रिलायंस जियो...

(आरआईएल) की अगुवाई वाली कंपनी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया अंबानी की तीन संतानें हैं जिनमें आकाश एवं ईशा जुड़वा भाई-बहन हैं जबकि अनंत अंबानी सबसे छोटे हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अंबानी अपने खुदरा कारोबार को बेटी ईशा को सौंप सकते हैं। ईशा की शादी पीरामल समूह के आनंद पीरामल से हुई है। आकाश और उनकी बहन ईशा रिलायंस की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में पहले से ही शामिल हैं। यह कंपनी सुपरमार्केट के अलावा जियोमार्ट और जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) का संचालन करती है। परिवार के छोटे बेटे अनंत को भी हाल ही में रिलायंस रिटेल में निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा वह जेपीएल में भी मई, 2020 से निदेशक बने हुए हैं। रिलायंस समूह मुख्य रूप से तीन तरह के कारोबार- तेल रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल, खुदरा कारोबार और डिजिटल सेवाओं में सक्रिय है। खुदरा और डिजिटल सेवा कारोबार के लिए अलग-अलग पूर्ण-स्वामित्व वाली कंपनियां बनाई गई हैं जबकि तेल एवं रसायन कारोबार आरआईएल के अधीन संचालित होता है। ऊर्जा कारोबार भी आरआईएल के मातहत ही रखा गया है। ये तीनों ही कारोबार आकार में लगभग समान हैं। जहां आकाश और ईशा पहले से ही नए दौर के खुदरा और दूरसंचार कारोबार में सक्रिय हैं, वहीं अनंत रिलायंस की तेल एवं रसायन इकाइयों के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार से जुड़े हुए हैं। रिलायंस जियो की कमान आकाश को सौंपने के साथ ही मुकेश अंबानी ने अपना विशाल कारोबार नई पीढ़ी को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खुद मुकेश अंबानी को वर्ष 2002 में उनके पिता एवं कंपनी के संस्थापक धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद अपने छोटे भाई अनिल अंबानी के साथ तीखे उत्तराधिकार विवाद का सामना करना पड़ा था।

# सीतलवाड़, जुबैर की गिरफ्तारी का विरोध करने जहरीला इकोसिस्टम आया सामनेः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और पत्रकार व ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए, विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस की मंगलवार को जमकर आलोचना की और आरोप लगाया कि ए सभी उस जहरीले इकोसिस्टम के हिस्से के रूप में काम कर रहे हैं, जिसमें यदि एक पकड़ा जाता है तो दूसरा अपराधी उसका बचाव करता है। सीतलवाड़ की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि ऐसे मामले में आरोपियों का समर्थन करना और सुविधानुसार न्यायिक कार्वाई का विरोध करना न्यायपालिका के प्रति विपक्षी पार्टी के विश्वास पर सवालिया निशान खड़े करता है।

भाटिया ने दावा किया कि सीतलवाड़ के खिलाफ गुजरात पुलिस की कार्वाई उच्चतम न्यायालय द्वारा उनकी और अन्य की कड़ी आलोचना के बाद की गई। उन्होंने कहा कि अदालत की टिप्पणी से मानवाधिकार की रक्षा करने का ठेका लेकर बैठे कुछ लोगों का असली चरित्र सामने आ गया। उन्होंने कहा, तीस्ता सीतलवाड़ के साथ रहे उनके एक साथी के बयानों से स्पष्ट हुआ है कि ए लोग पीड़ित परिवारों के न्याय की लड़ाई नहीं लड़ रहे। इनका निशाना तो गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक पारी को खत्म करना था। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि चैंपियन ऑफ ह्यूमन राइट्स होने का दावा करने वाली सीतलवाड़ तो केवल साम्प्रदायिक नफरत फैलाने की छोटी ब्रांच थीं, उसका हेडक्वार्टर कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा, इसकी अध्यक्ष सोनिया गांधी इसकी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) थीं।

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पूछताछ के दौरान कांग्रेस की ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों का उल्लेख करते हुए भाटिया ने कहा कि कुछ लोगों के लिए बगैर दोषी साबित किए जाने के बावजूद गांधी निर्दोष हैं लेकिन मोदी को लेकर उनकी राय अलग होती है और उनके निर्दोष साबित होने के बाद भी उन्हें दोषी मानते हैं। उन्होंने कहा, इस ढोंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो कि छात्रों, शिक्षकों और कार्यकर्ताओं के एक समूह ने सोमवार को जंतर मंतर पर सीतलवाड़ की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेता जयराम रमेश और अजय माकन भी शामिल हुए थे।

जुबैर की गिरफ्तारी और विपक्षी नेताओं के इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कोई स्वघोषित फैक्ट चेकर यानी तथ्य परीक्षक नहीं हो सकता है। भाटिया ने कहा कि जुबैर ने पूर्व में ऐसे कुछ ट्वीट किए हैं जिनसे बड़ी संख्या में हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, तेलंगाना राष्ट्र समिति, ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लमीन सहित कई विपक्षी दलों ने जुबैर की गिरफ्तारी की निंदा की है। कुछ मीडिया संगठनों ने भी जुबैर की गिरफ्तारी की आलोचना की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं ने जुबैर की गिरफ्तारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा की घृणा, कट्टरता और झूठ को बेनकाब करने वाला हर एक व्यक्ति उनके लिए खतरा है।

## चार को मुंबई की अदालत में पेश होंगी कंगना रनौत

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत, बॉलीवुड गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में चार जुलाई को यहां मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश होंगी। रनौत के वकील ने अभिनेत्री को पेशी से छूट प्रदान करने की अनुमति मांगी। अदालत ने रनौत के वकीलों को मामले से संबंधित लिखित दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि आरोपी को सुनवाई की अगली तारीख (चार जुलाई) को पेश होना पड़ेगा। रनौत के वकील द्वारा दस्तावेज सौंपने के बाद अदालत ने उस दिन के लिए पेशी से छूट प्रदान की। अगली सुनवाई तक रनौत के विरुद्ध वारंट जारी करने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई को लेकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अख्तर (76) ने नवंबर 2020 में अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि रनौत ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में उनके खिलाफ मानहानिकारक बयान दिए थे, जिससे कथित तौर पर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा था।



जम्मू में अमरनाथ यात्रा के लिए राम मन्दिर में बने कैम्प में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए साधुओं की लगी लाइन।

# राज्य सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक आयोजनों में शामिल लोगों को कोविड टीका लगा हुआ होः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सार्वजनिक आयोजनों में हिस्सा लेने और तीर्थयात्रा पर जाने वाले लोगों में कोविड-19 संक्रमण से मिलते-जुलते लक्षण न हों तथा उनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका हो। राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को मंगलवार को भेजे गए पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि आने वाले महीनों में यात्राएं एवं विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर देश के अलग-अलग हिस्सों में सार्वजनिक सभाएं होना संभव है तथा ऐसे आयोजन कोविड-19 सहित अन्य संक्रामक रोगों के प्रसार को बढ़ा सकते हैं।

भूषण ने कहा, ऐसे कई आयोजनों या यात्राओं के दौरान लाखों लोग स्वयंसेवकों और समुदाय-आधारित सामाजिक अथवा धार्मिक संगठनों द्वारा निर्धारित पड़ाव केन्द्रों पर ठहरते हुए सैकड़ों किलोमीटर लंबी अंतर-राज्ईय यात्रा करते हैं। ऐसी सभाएं कोविड-19 जैसे संक्रामक रोगों का प्रसार बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा, जिन राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में इस तरह के सामूहिक कार्यक्रमों या यात्राओं के आयोजन का प्रस्ताव है, उन्हें व्यापक रूप से प्रचारित करना चाहिए कि इस तरह की सभाओं अथवा कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की योजना बनाने रहे लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण से मिलते-जुलते लक्षण न हों और उन्होंने कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक ले रखी हो। भूषण ने कहा, यदि आवश्यक हो तो प्रशासन द्वारा ऐसे आयोजनों में शामिल होने की योजना बना रहे उन लोगों को प्राथमिक या एहतियाती खुराक देने के वास्ते कम से कम एक पखवाड़े पहले विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा सकता है, जो इसके लिए पात्र हैं।

## कैटरीना कैफ की फोन भूत अक्टूबर में होगी रिलीज

**मुंबई।** कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी अभिनीत फोन भूत सात अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वेब सीरीज मिर्जापुर के निर्देशक गुरमीत सिंह ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। इसका निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की कम्पनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। निर्माण कम्पनी ने मंगलवार को ट्विटर पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज तारीख की घोषणा की। उसने ट्वीट किया, फोन भूत की दुनिया में आपका स्वागत है। सात अक्टूबर 2022 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में। फिल्म में जैकी श्रॉफ, शीबा चड्ढा, निधि बिष्ट और सुरेंद्र ठाकुर भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने लिखी है। फिल्म पहले 15 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

# एमवीए के अल्पमत में होने की घोषणा का इंतजार कर रही भाजपाः भाजपा नेता मुनगंटीवार

**नागपुर।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में बने रहने के लिए संघर्ष करने के बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार द्वारा उसके अल्पमत में होने की घोषणा किए जाने का इंतजार कर रही है। मुनगंटीवार ने दोहराया कि भाजपा इस समय इंतजार करो और देखो का रुख अपनाए हुए है और उसे अभी सदन में अपना बहुमत साबित करने की आवश्यकता नहीं है।

महाराष्ट्र में शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे और कई अन्य विधायकों के बागी होने के बाद पैदा हुआ संकट सोमवार को उस समय और गहरा गया, जब उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष द्वारा जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ शिवसेना के बागी विधायकों को राहत प्रदान करते हुए सोमवार को कहा कि संबंधित विधायकों की अयोग्यता पर 11 जुलाई तक फैसला नहीं लिया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने अयोग्यता नोटिस की वैधानिकता को चुनौती देने वाले बागी विधायकों की याचिकाओं पर राज्य सरकार एवं अन्य से जवाब तलब किया। न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिसमें विधानसभा में शक्ति परीक्षण नहीं कराए जाने का अनुरोध किया गया था।

महाराष्ट्र के शिवसेना विधायक और मंत्री एकनाथ शिंदे ने उपाध्यक्ष द्वारा उन्हें और अन्य बागी विधायकों को जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। शिंदे और बड़ी संख्या में विधायकों ने 21 जून को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत की और वर्तमान में वे असम के गुवाहाटी में हैं। मुनगंटीवार ने नागपुर हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, हमने मौजूदा स्थिति के मद्देनजर इंतजार करो और देखो का रुख अपनाने का फैसला किया है। आगामी दिनों में एक मुख्य दल गठित किया जाएगा, जो इस मामले पर विचार-विमर्श करेगा और इसके बाद फैसला किया जाएगा।

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा को इस समय बहुमत साबित करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी अभी इंतजार कर रही है कि महा विकास आघाड़ी गठबंधन अपने अल्पमत में होने की घोषणा कब करता है। यह पूछे जाने पर कि क्या नागपुर में विधायकों की बैठक के बाद विदर्भ क्षेत्र के भाजपा विधायकों को मुंबई लाया जाएगा। इसके जवाब में मुनगंटीवार ने कहा कि वह विधायकों को मुंबई ले जाने नहीं आए और यह एक संगठनात्मक बैठक थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों के लिए शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## क्विक न्यूज

### जी7 नेताओं को प्रधानमंत्री ने दिए उपहार, किसी को गुलाबी मीनाकारी कलाकृति तो किसी को इत्र भेंट किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी मे आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन मे शिरकत करने वाले राष्ट्राध्यक्षों को विभिन्न उपहार भेंट किए, जिन्हें उन्होंने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मंगवाया था। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को वाराणसी से मंगाई गई गुलाबी मीनाकारी कलाकृति भेंट की। जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज को उन्होंने मुरादाबाद से मंगाए गए कफलिंक और ब्रोच दिए। मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को उत्तर प्रदेश के निजामाबाद से मंगाए गए काली मिट्टी के बर्तन भेंट किए, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को उपहार मे प्लेटिनम का टी-सेट दिया। प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को तोहफे मे जरदोजी के डिब्बे मे रखी इत्र की शीशियां दी। इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी को उन्होंने आगरा के संगमरमर का टेबल टॉप भेंट किया। सेनेगल मे हाथ से बुनाई की पुरानी परंपरा को देखते हुए मोदी ने देश के राष्ट्रपति के लिए तोहफे मे मूंज की टोकरियां और कपास की दरी चुनी। प्रधानमंत्री ने रामायण के साथ इंडोनेशियाई संस्कृति के स्थाई जुड़ाव को देखते हुए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो को राम दरबार से जुड़े बर्तन भेंट किए। इन बर्तनों को वाराणसी से मंगाया गया था, जो मोदी का संसदीय क्षेत्र है। मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कश्मीर का मशहूर उत्पाद रेशमी कालीन भेंट की। प्रधानमंत्री जी7 शिखर सम्मेलन मे हिस्सा लेने और विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपीय वार्ता करने के बाद मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) रवाना हो गए।

### वीआईपी सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों के लिए अतिरिक्त बुलेट प्रूफ जैकेट की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली मेट्रो, सरकारी प्रतिष्ठानों और वीआईपी सुरक्षा मे तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों के लिए 3,200 अतिरिक्त बुलेट प्रूफ जैकेट और हेलमेट की खरीद को मंजूरी दे दी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह खरीद 16.51 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत मे की जाएगी। सीआईएसएफ दिल्ली मेट्रो के स्टेशनों के अलावा राष्ट्रीय राजधानी मे सरकारी भवनों जैसे नॉर्थ ब्लॉक मे गृह तथा वित्त मंत्रालय, शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन की सुरक्षा का जिम्मा संभालती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली मेट्रो, सरकारी इमारतों की सुरक्षा (जीबीएस) और विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) मे तैनात सीआईएसएफ जवानों की संख्या बढ़ाने के लिए 3,180 बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट की खरीद को मंजूरी दी है। सीआईएसएफ की जीबीएस इकाई सरकारी भवनों को सुरक्षा प्रदान करती है, जबकि एसएसजी केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अनुशंसित शीर्ष गणमान्य लोगों की सुरक्षा का जिम्मा संभालता है। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क मे वर्तमान मे सीआईएसएफ के करीब 13,000 जवान तैनात है। वही, जीबीएस और एसएसजी मे तैनात इन जवानों की संख्या तीन-तीन हजार है।

### ईडी ने एबीआईएल समूह के अध्यक्ष अविनाश भोंसले को हिरासत में लिया

**मुंबई।** ईडी ने धन शोधन के एक कथित मामले मे एबीआईएल समूह के अध्यक्ष अविनाश भोंसले को हिरासत मे ले लिया है। भोंसले को इससे पहले यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर और डीएचएफएल के कपिल वधावन से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले मे सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। वह मुंबई की आर्थर रोड जेल मे बंद थे। उन्हे जेल से अपनी हिरासत मे ले लिया। यस बैंक-डीएचएफएल बैंक धोखाधड़ी मामले की सीबीआई जांच मे ऑटो चालक से रियल एस्टेट कारोबारी बने पुणे के अविनाश भोंसले की संलिप्तता सामने आई थी, जिन्होंने एक बिचौलिए के रूप मे कथित तौर पर एक अन्य रियल एस्टेट डेवलपर से 360 करोड़ रुपए से अधिक की रिश्वत ली थी। रेडियस डेवलपर्स ने भोंसले की कंपनियो को 68.8 करोड़ रुपए और 292 करोड़ रुपए से अधिक के दो भुगतान किए है। रेडियस डेवलपर्स के मालिक छाबड़िया को हाल ही मे इस मामले मे गिरफ्तार किया गया था।

### उदयपुर में दिन दहाड़े एक युवक की धारदार हथियार से हत्या

**उदयपुर।** राजस्थान मे उदयपुर जिले के धानमंडी थानाक्षेत्र मे एक युवक की दिनदहाड़े धारदार हथियार से हत्या कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस घटना के वीडियो मे एक बदमाश उस पर धारदार हथियार से हमला करते दिखाई दे रहा है। कन्हैयालाल साहू (40) की धान मंडी क्षेत्र मे टेलरिंग (कपड़े सिलाई) की दुकान है, वहां दो व्यक्ति हथियार के साथ आए थे और दो व्यक्तियो मे से एक ने धारदार हथियार से टेलर कन्हैयालाल साहू की हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय बाजार बंद हो गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हत्या की निंदा करते हुए घटना मे शामिल सभी अपराधियो पर कठोर कार्वाई का आश्वासन दिया। इस घटना मे शामिल सभी अपराधियो कठोर कार्वाई की जाएगी एवं पुलिस अपराध की तह तक जाएगी। मै सभी पक्षो से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। ऐसे जघन्य अपराध मे लिप्त हर व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने लिखा, मै सभी से अपील करता हूं कि इस घटना का वीडियो शेयर कर माहौल खराब करने का प्रयास न करें। वीडियो शेयर करने से अपराधी का समाज मे घृणा फैलाने का उद्देश्य सफल होगा।

# रोजगार में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरुद्धः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि रोजगार में स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षण उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरुद्ध है लेकिन यदि अन्य राज्यों में ऐसी स्थिति बनती है तो वह भी विचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम संविधान की भावना के विरूद्ध है। वह राजस्थान युवा बोर्ड (युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार) के अंतर्गत राजीव गांधी यूथ एक्सीलेंस सेंटर के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हालांकि गहलोत ने यह भी कहा कि वह इस संबंध में अन्य राज्यों द्वारा उठाए गए कदमों पर गौर कर रहे हैं और यदि देश में ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो वह नौकरियों में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण को लागू करेंगे।

निर्दलीय विधायक बलजीत यादव स्थानीय युवाओं के लिए नौकरियों में आरक्षण की मांग उठा रहे है। इस साल हरियाणा ने एक कानून अधिसूचित कर निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नौकरियों स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की है लेकिन 30,000 रूपए की आय सीमा तथा प्रदेश में न्यूनतम पांच साल रहने की शर्त लगाई है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि सभी को समान अवसर देना सरकार की जिम्मेदारी है और उनकी सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान अगले साल युवाओं द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर युवा केन्द्रित बजट पेश करने पर रहेगा। उन्होंने युवाओं से संवाद करने, चर्चा करने और अन्य राज्यों में युवा केंद्रित योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया लेने और राज्य सरकार को इस उद्देश्य के लिए सुझाव देने के लिए कहा।

हमारा प्रयास होगा कि आने वाले वक्त में प्रदेश अच्छे प्रतिबद्धता वाले नेतृत्व के हाथों में सुरक्षित रहे.. यह हम सब की भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वह तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि यह उनका कर्तव्य है कि जब तक वह मुख्यमंत्री है वह गरीबों, वंचितों की सेवा में अपना जीवन समर्पित करे। गहलोत ने कहा, मुझे उम्मीद है कि युवा नेतृत्व अनुशासित, प्रतिबद्ध, देश सेवा में जज्बा रखने वाला, संवेदनशील होगा। इस प्रकार की भावना के साथ अगर हम लोग राजनीतिक कार्यकर्ता तैयार करेंगे तो मैं समझता हूं हमारे प्रदेश का भला होगा। सरकार का दायित्व होना चाहिए कि अमीर हो या गरीब हो, सबको आगे बढने का समान अवसर मिले .. सरकार के फैसले ऐसे होने चाहिए कि जिससे कि उसमें भेदभाव नहीं हो। गहलोत ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को एक प्रयोग बताते हुए इसे लागू करने के लिए राजग सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि फैसले से पहले संसद में चर्चा होनी चाहिए थी।



पटना में बिहार उर्दू/बंगला स्पेशल टेट का विरोध करते हुए छात्र।

# देश में कोविड-19 के 11,793 नए मामले, 27 और लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 11,793 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 4,34,18,839 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 96,700 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 27 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,047 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 96,700 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.22 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,280 की बढ़ोतरी हुई है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.57 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.49 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 3.36 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,27,97,092 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 197.31 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 27 मामले सामने आए, जिनमें से केरल में 13, महाराष्ट्र में पांच, दिल्ली तथा पंजाब में तीन-तीन और मध्य प्रदेश, मिजोरम तथा उत्तराखंड में एक-एक मामला सामने आया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# पोप से मुलाकात को लेकर हुए विवाद के बाद पटनायक अबू धाबी में शेख जायद मस्जिद पहुंचे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में संभावित निवेशकों के साथ होने वाली बैठक से पहले अबू धाबी में शेख जायद मस्जिद पहुंचे। पटनायक 11 दिन की विदेश यात्रा पर हैं। 22 जून को उन्होंने वैटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी, जिस पर विपक्षी दल भाजपा ने सवाल उठाए हैं। पटनायक ने मस्जिद जाने का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, अबू धाबी की शेख जायद मस्जिद का गुंबद मुगल वास्तुकला से प्रेरित भव्य नक्काशी का प्रतीक है। मुझे बताया गया है कि इसके लिए कारीगर और संगमरमर भी राजस्थान के मकराना गांव से आए थे। थोड़ा सा भारत, हर जगह। तीन जून को ओडिशा लौटने के बाद पटनायक एक जुलाई को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में शामिल होने पुरी जाएंगे।

ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि पटनायक अपनी धर्मनिरपेक्ष साख को रेखांकित करने के लिए विभिन्न धर्मों के धार्मिक स्थलों का दौरा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक जयनारायण मिश्रा ने पटनायक की वैटिकन सिटी यात्रा पर सवाल उठाए हैं। मिश्रा ने कहा, जनता का पैसा खर्च करके मुख्यमंत्री वहां क्यों गए और बदले में उन्हें क्या मिला? कतार में खड़े होकर पोप से मिलने की क्या जरूरत थी? हमने उन्हें कभी पुरी में शंकराचार्य से मिलते नहीं देखा। पटनायक के मस्जिद जाने पर भाजपा ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भाजपा की आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजद के विधायक एस बी बेहरा ने कहा, पोप से मिलने में क्या गलत है? अगर इस बैठक से दुनिया में ओडिशा की सकारात्मक छवि बनती है तो मुख्यमंत्री ने सही फैसला लिया है। यह ओडिशा का मुख्यमंत्री बनने के बाद पिछले 22 साल में पटनायक की दूसरी आधिकारिक विदेश यात्रा है।

# राजौरी में हुए विस्फोटों के पीछे था लश्कर का हाथ, मामले में दो लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हाल में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था। पुलिस ने उसके दो सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ मामले सुलझाने का दावा करते हुए मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि मुख्य आरोपी की तलाश अब भी जारी है। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पांच आईईडी सहित विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया है। गौरतलब है कि राजौरी के कोटराना शहर में 26 मार्च और 19 अप्रैल को विस्फोट हुए थे, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे। 24 अप्रैल को राजौरी के शाहपुर-बुधल इलाके में हुए एक अन्य विस्फोट में भी दो लोग घायल हो गए थे।

एडीजीपी ने कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर कार्वाई करते हुए राजौरी पुलिस तथा 60 राष्ट्रीय राइफल्स (14 सेक्टर) के संयुक्त दलों ने राजौरी के लार्कोती, टार्गेन, जग्लानू और द्राज इलाकों में विभिन्न स्थानों पर कई छापे मारे और तलाशी अभियान चलाए। मामले में दो संदिग्धों मोहम्मद शबीर और मोहम्मद सादिक को गिरफ्तार किया गया है जो द्राज-बुधाल गांव के हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि इन धमाकों में द्राज-बुधाल गांव के तालिब शाह, शब्बीर और सादिक का हाथ था। सिंह ने कहा, ए तीनों पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं के इशारों पर काम कर रहे थे और इन्हें हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक दिए गए थे, जिनका इस्तेमाल इन्होंने धमाकों को अंजाम देने में किया। प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आया कि इस समूह का नेतृत्व शाह कर रहा था, जिसने जनवरी, मार्च और अप्रैल के महीनों में लांबेरी-कालाकोट क्षेत्र से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक की तीन खेप प्राप्त की थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, शबीर और सादिक को गिरफ्तार कर लिया गया है और तीसरे आरोपी शाह की तलाश जारी है। शाह राजौरी में लश्कर का कमांडर और पीर पंजाल क्षेत्र में सभी आतंकवादी गतिविधियों का मुख्य साजिशकर्ता है। उन्होंने बताया कि शाह ने कई युवकों को राजौरी में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए भड़काया।

जम्मू क्षेत्र के पुलिस प्रमुख ने कहा, शबीर और सादिक को भी आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए शाह ने ही भड़काया था। पीर पंजाल जिले में पिछले दो-तीन साल में हुई लगभग सभी आतंकवादी घटनाओं में शाह ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने शाह की गिरफ्तारी के लिए विश्वसनीय जानकारी साझा करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उपयुक्त इनाम देने की घोषणा भी की। सिंह ने कहा कि यह भी पता चला है कि इस समूह ने लश्कर-ए-तैयबा के कुछ सक्रिय आतंकवादियों को कंडी-बुधाल में पनाह दे रखी थी।

# जी-7 नेताओं का रूस को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का संकल्प

● शिखर सम्मेलन समाप्त

**भाषा।** एल्माउ (जर्मनी)

विश्व के सबसे धनी लोकतंत्रों के नेताओं ने रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन का समर्थन करने का मंगलवार को संकल्प लिया। नेताओं ने "जब तक आवश्यक हो, तब तक यूक्रेन का समर्थन करने के लिए एकजुट रुख अपनाया और कहा कि वे युद्ध को वित्तपोषित करने वाले तेल की बिक्री से रूस की आय को सीमित करने के लिए दूरगामी कदमों की संभावना का पता लगाएंगे। जर्मनी में जी 7 देशों के शिखर सम्मेलन के बाद जारी बयान में इस बात का विवरण नहीं है कि जीवाश्म ईंधन की कीमत पर लगी सीमा व्यावहारिक रूप से कैसे लागू होगी। समूह के सदस्य देश एक निश्चित स्तर से ऊपर रूसी तेल के आयात को रोकने के उपायों की तलाश करने के लिए आने वाले हफ्तों में और अधिक चर्चा करेंगे। इससे रूसी आय का एक प्रमुख स्रोत प्रभावित होगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही ऊर्जा की कीमतों से राहत दिलाएगा। नेताओं ने रूसी सोने के आयात पर प्रतिबंध लगाने और उन देशों को मदद देने पर सहमति जताई जो काला सागर के रास्ते यूक्रेनी अनाज का परिवहन रुकने से प्रभावित हैं।

### रूस ने देश में बाइडन की पत्नी, बेटी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को घोषणा की कि वह देश के खिलाफ बढ़ते प्रतिबंधों के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी और बेटी के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बाइडन की पत्नी जिल और बेटी एशले सहित देश की स्टॉप लिस्ट में 25 नाम जोड़े गए हैं। रूस ने चार सीनेटर के अपने यहां प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जिन्हें उसने रूस के खिलाफ काम करने वालों के रूप में चिह्नित किया। इनमें रिपब्लिकन मिच मैककोनेल, सुसान कॉलिन्स, बेन सासे और डेमोक्रेट कर्स्टन गिलिब्रैंड के नाम हैं। प्रतिबंध सूची में द एंड ऑफ हिस्ट्री एंड द लास्ट मैन के लेखक फ्रांसिस फुकुयामा का भी नाम है।

## यूक्रेन के शॉपिंग मॉल पर रूसी मिसाइल हमला

● सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपात बैठक



**क्रेमेनचुक।** यूक्रेन के क्रेमेनचुक स्थित भीड़भाड़ वाले शॉपिंग मॉल पर रूस के मिसाइल हमले के बाद बचाव दल मंगलवार को मलबे में लोगों को तलाश करता दिखा। इस हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए। यूक्रेन के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने हमले पर चर्चा के लिए मंगलवार को न्यूयॉर्क में एक आपात बैठक बुलाई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने इस हमले को यूरोपीय इतिहास के सबसे दुस्साहसपूर्ण हमलों में से एक बताया। राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि क्रेमेनचुक शहर में मॉल में दोपहर के वक्त 1,000 से अधिक खरीदार और कर्मचारी थे, लेकिन इसमें से अधिकतर भागने में सफल रहे। हालांकि, हमले के बाद मलबे से काले धुएं और धूल के गुबार के साथ नारंगी रंग की आग की लपटें उठीं। आग को बुझा दिया गया है, लेकिन इसके घंटों बाद भी मलबे से काले धुएं का उठना अब भी जारी है। बचावकर्मियों द्वारा सुलगते मलबे में छानबीन शुरू करने के बाद हताहतों की संख्या बढ़ गई। क्षेत्रीय गवर्नर दिमित्रो लुनिन ने कहा कि कम से कम 18 लोग मारे गए और 59 लोगों ने चिकित्सीय सहायता मांगी। सहायता मांगने वालों में से 25 को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के पीड़ितों के लिए इस क्षेत्र में मंगलवार को शोक दिवस घोषित किया गया।

### यूक्रेन की मदद करने का संकल्प लिया

**एल्माउ।** विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों के जी-7 समूह के सम्मेलन का मंगलवार को समापन हुआ जिसमें यूक्रेन के भविष्य के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता जताने का संकेत दिया गया और रूस को आक्रमण की भारी कीमत चुकाने के लिए मजबूर करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही सम्मेलन में वैश्विक भुखमरी के संकट को समाप्त करने और जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एकजुटता प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधन के बाद अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, कनाडा और जापान ने सोमवार को संकल्प लिया कि जब तक संभव होगा तब तक यूक्रेन का समर्थन किया जाएगा।

### अब होगा नाटो सम्मेलन

**एल्माउ।** प्रमुख लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं की वार्षिक बैठक (जी 7 शिखर सम्मेलन) इस वर्ष जर्मनी में आयोजित की गई और अब यह अपने समापन की ओर बढ़ रही है वहीं नेतागण नाटो शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को मैड्रिड में एकत्र होने वाले हैं। विश्व की सात विकसित अर्थव्यवस्थाओं के समूह का शिखर सम्मेलन समाप्त हो रहा है।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका के सैन एंटोनियो में गर्मी के कारण टैक्टर-ट्रेलर में कम से कम 46 लोगों की मौत

**सैन एंटोनियो (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम टेक्सास के सैन एंटोनियो में सोमवार को एक ट्रैक्टर-ट्रेलर के अंदर कम से कम 46 लोग मृत मिले और 16 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के प्रवासियों की तस्करी से जुड़े होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रमुख विलियम मैकमैनस ने बताया कि शाम करीब छह बजे मदद के लिए चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल पर मौजूद शहर के एक कर्मी को स्थिति का अंदाजा हुआ। अधिकारी ट्रैक्टर-ट्रेलर के पास पहुंचा, तो उसने उसके बाहर जमीन पर एक शव देखा। दमकल विभाग के प्रमुख चार्ल्स हुड ने बताया कि प्रचंड गर्मी की वजह से बीमार पड़े जिन 16 लोगों को अस्पतालों भर्ती कराया गया है, उनमें से 12 वयस्क और चार बच्चे हैं। मरीजों का शरीर तप रहा था और ट्रेलर में पानी बिल्कुल नहीं था।

### जर्मनी : हत्या में मदद मामले में 101 साल के पूर्व नाजी गार्ड को जेल

बर्लिन। जर्मनी में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजियों के साक्सेनहौसेन यातना शिविर में सेवा देने वाले एक गार्ड को हत्या में मदद करने से जुड़े 3,518 आरोपों में मंगलवार को दोषी करार दिया गया। न्यूरिप्पिन की एक अदालत ने इस 101 वर्षीय व्यक्ति को पांच साल कैद की सजा सुनाई। दोषी की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। बीते साल अक्तूबर में शुरू हुई सुनवाई के दौरान उसने यातना शिविर में नाजी गार्ड के तौर पर काम करने और हजारों कैदियों की हत्या में मदद देने के आरोपों से इनकार किया था। उसने कहा था कि उक्त अवधि में वह पूर्वोत्तर जर्मनी में पेसवॉक के पास एक खेत में मजदूरी करता था। हालांकि, जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की एक खबर के मुताबिक, अदालत ने कहा कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 1942 से 1945 के बीच संबंधित व्यक्ति बर्लिन के बाहरी इलाके में स्थित साक्सेनहौसेन यातना शिविर में नाजी पार्टी की संसदीय इकाई के सूचीबद्ध सदस्य के रूप में कार्यरत था।

### ईयू के देशों ने कोविड-19 प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल की अवधि एक साल बढ़ाई

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) के देशों ने कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल की अवधि को जून 2023 तक बढ़ाने को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यूरोप के 27 देशों के संगठन ईयू ने पिछले साल जुलाई में यात्रा के दौरान कोविड-19 प्रमाणपत्र साथ रखना अनिवार्य किया था ताकि ईयू के नागरिक महामारी के समय पृथकतावास जैसी पाबंदियों के बिना क्षेत्र में घूम सकें। इनमें टीकाकरण प्रमाण पत्र, हाल में कोविड-19 से संक्रमित नहीं होने का प्रमाण पत्र और संक्रमण से उबरने का प्रमाण पत्र शामिल है। यूरोपीय परिषद ने कहा कि यह नियम पहले ही वापस ले लिया जाना था, लेकिन हाल में कोरोना वायरस संक्रमण मामलों में वृद्धि को देखते हुए इसे जून 2023 तक बढ़ा दिया गया है।

### ब्रिटिश नियंत्रण से चीनी शासन में लौटने की 25वीं वर्षगांठ पर हांगकांग का दौरा करेंगे चिनफिंग

**हांगकांग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग हांगकांग के ब्रिटिश नियंत्रण से चीनी शासन में लौटने की 25वीं वर्षगांठ पर यहां का दौरा करेंगे। हांगकांग पुलिस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। सहायक पुलिस आयुक्त लुई काम-हो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शी शुक्रवार को कई आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कोरोना वायरस महामारी के करीब ढाई साल पहले सामने आने के बाद शी की मुख्य भूमि से बाहर यह पहली यात्रा होगी। उनकी यात्रा ऐसे समय होगी जब हांगकांग वायरस से संक्रमण के एक नए दौर का सामना कर रहा है। ब्रिटेन ने हांगकांग एक जुलाई, 1997 को चीन को लौटा दिया था।

## कतर में परमाणु समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे ईरान, अमेरिका

**भाषा।** दुबई

**ईरान और** अमेरिका मंगलवार को कतर में अप्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं, जिसका उद्देश्य वैश्विक शक्तियों के साथ तेहरान के परमाणु समझौते को पटरी पर लाने का रास्ता खोजना है। तेहरान टाइम्स ने ईरान के शीर्ष परमाणु वार्ताकार अली बघेरी कानी के, एक होटल में कतर में ईरानी राजदूत हमीद्रेजा देघानी के साथ मुलाकात की तस्वीर पोस्ट की। अखबार ने कहा है कि बघेरी कानी वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कतर की राजधानी दोहा आए हैं। ईरान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब माली वार्ता से पहले सोमवार रात कतर पहुंचे। कतर में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि माली ने कतर के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की और ईरान के साथ मुद्दों को सुलझाने के संयुक्त कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की।

### स्पेन के प्रधानमंत्री ने मेलिला सीमा पर प्रवासियों पर की गई कार्वाई को जायज ठहराया

**मेड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री ने उत्तरी अफ्रीका में स्थित मेलिला में घुसने का प्रयास कर रहे प्रवासियों पर मोरक्को और स्पेन की पुलिस द्वारा की गई कार्वाई का बचाव किया है। गत सप्ताह मेलिला में प्रवासियों को प्रवेश करने से रोकने के दौरान की गई कार्वाई में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने प्रवासियों के प्रयास को स्पेन की सीमाओं पर हमला करार दिया।

### कोलंबिया की जेल में दंगे के प्रयास के दौरान आग लगने से 49 लोगों की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया की एक जेल में आग लगने से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग झुलस गए। राष्ट्रीय जेल प्रणाली के निदेशक टिटो कैस्टेलानोस ने रेडियो काराकोल से कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि मरने वाले लोगों में सभी कैदी थे या नहीं। उन्होंने कहा कि आग सोमवार सुबह तुलुआ शहर की मध्यम सुरक्षा वाली जेल में दंगे के प्रयास के दौरान लगी।

### पोलियो रोधी टीकाकरण टीम पर हमला, तीन की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले में अज्ञात हमलावरों ने पोलियो रोधी टीकाकरण करने गई टीम पर हमला कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

## सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हजारों हथियार हर साल जब्त करती हैं एजेंसियां

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने कहा है** कि देश में छोटे तथा हल्के हथियारों के इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए कड़े कानून होने के बावजूद उसकी सुरक्षा एजेंसियां सीमा पार से अवैध रूप से तस्करी कर लाए गए हजारों हथियार हर साल जब्त करती हैं। विदेश मंत्रालय के निरस्त्रीकरण एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव संदीप आर्य ने कहा, आतंकवादियों, सशस्त्र समूहों और अन्य गैरकानूनी संगठनों को छोटे तथा हल्के अवैध हथियारों की आपूर्ति में जारी वृद्धि से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि संयुक्त राष्ट्र के प्रोग्राम ऑफ एक्शन के क्रियान्वयन के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। प्रोग्राम ऑफ एक्शन ऑन स्माल आर्म्स एंड लाइट वेपन्स छोटे हथियारों और हल्के हथियारों के खिलाफ कार्रवाई का कार्यक्रम की सोमवार को आयोजित आठवीं द्विवार्षिक बैठक में आर्य ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र के इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को छोटे तथा हल्के हथियारों के अवैध व्यापार को समाप्त करने के बहुपक्षीय प्रयासों के महत्वपूर्ण अंग के तौर पर देखता है। हम सशस्त्र संघर्ष और आतंकवाद से निपटने में यूएनपीओए की भूमिका के महत्व को विशेष रूप से अहमियत देते हैं।

### पश्चिमी तट, यरूशलम और गाजा में हो रहे घटनाक्रम पर भारत ने जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पश्चिमी तट (वेस्ट बैंक), यरुशलम और गाजा में हो रहे घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए इजराइल तथा फलस्तीन के बीच कायम शांति भंग करने के उद्देश्य से उठाए गए किसी भी कदम के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा कड़ा संदेश दिए जाने के महत्व को रेखांकित किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई उप प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने सुरक्षा परिषद में फलस्तीन पर आयोजित एक बैठक में कहा कि भारत मसाफर यत्ता में हो रहे घटनाक्रम को लेकर भी चिंतित है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी परिवारों को वैध तरीके से निष्कासित करने के मुद्दे पर तनाव बढ़ गया है।

### एमएसएमई को सहायता देने की मांग

मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की पूर्व संध्या पर वाधवानी फाउंडेशन और एसएमई पर केंद्रित इसकी इनीशिएटिव वाधवानी एडवांटेज ने एमएसएमई के लिए सुव्यवस्थित सहयोग की मांग की है। महामारी के बाद के कठिन दौर में छोटे व्यवसायों को बाजार की बदलती जरूरतों के अनुकूल बनने प्रोडक्ट लाइनों के प्रति आश्वस्त रहने और मूल्य की प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए इस मांग को पूरा करना जरूरी है। आज कम लागत पर वित्तीयन प्राप्त करने का मुख्य स्रोत डिजिटल माध्यम है। इसलिए एसएमई को डिजिटल कौशल प्राप्त करना होगा जिसके बिना कारोबार बढ़ने की संभावना समाप्त हो जाएगी। एमएसएमई को डिजिटल होने की दिशा में कार्मिकों का कौशल बढ़ाना और नया कौशल सीखने का अवसर देना जरूरी है ताकि वे अधिक से अधिक सप्लायरों और ग्राहकों से आसानी से संपर्क करें। कार्यकारी वीपी समीर साठे कहते हैं कि भारतीय एमएसएमई उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। उनमें 2 गुना,10 गुना तक बढ़ने की क्षमता है।

### रुचि सोया इंडस्ट्रीज अब पतंजलि फूड्स लिमिटेड

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल कंपनी रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड का नाम अब पतंजलि फूड्स लिमिटेड हो गया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बाबा रामदेव की अगुवाई वाली पतंजलि आयुर्वेद ने 2019 में रुचि सोया को एक समाधान प्रक्रिया के तहत 4,350 करोड़ रुपए में खरीद लिया था। शेयर बाजारों को बताया कि उसे कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से इस संबंध में 27 जून, 2022 को एकई-मेल प्राप्त हुआ है। इस ई-मेल में महाराष्ट में मुंबई के कंपनी पंजीयक ने नाम में परिवर्तन का प्रमाण पत्र जारी किया है।

## डिब्बा बंद दही, पनीर पर अब लगेगा जीएसटी

● क्षतिपूर्ति व्यवस्था जारी रखने की मांग

**भाषा।** चंडीगढ़




**अब दही, पनीर,** शहद, मांस और मछली जैसे डिब्बा बंद और लेबल-युक्त खाद्य पदार्थों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। साथ ही चेक जारी करने के एवज में बैंकों की तरफ से लिए जाने पर शुल्क पर भी जीएसटी देना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि माल एवं सेवा कर से जुड़े मुद्दों पर निर्णय लेने वाली शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने के मकसद से छूट वापस लेने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियो के समूह की ज्यादतातर सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। परिषद ने दो दिन की बैठक के पहले दिन मंगलवार को जीएसटी से छूट की समीक्षा को लेकर मंत्री समूह (जीओएम) की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। यह छूट फिलहाल डिब्बाबंद और लेबल युक्त खाद्य पदार्थों को मिलती है। इससे डिब्बा बंद मांस (फ्रोजन छोड़कर), मछली, दही, पनीर, शहद, सूखा मखाना, सोयाबीन, मटर जैसे उत्पाद, गेहूं और अन्य अनाज, गेहूं का आटा, मूरी, गुड़, सभी वस्तुएं और जैविक खाद जैसे उत्पादों पर अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसी प्रकार, चेक जारी करने पर बैंकों द्वारा लिए जाने वाले शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। एटलस समेत नक्शे और चार्ट पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं खुले में बिकने वाले बिना ब्रांड वाले उत्पादों पर जीएसटी छूट जारी रहेगी। इसके अलावा 1,000 रुपए प्रतिदिन से कम किराए वाले होटल कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से कर लगाने की बात कही गई है। अभी इसपर कोई कर नहीं लगता है। भारांश औसत जीएसटी को बढ़ाने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाना महत्वपूर्ण है। भारांश औसत जीएसटी घटकर 11.6 प्रतिशत पर आ गया है जो इस कर व्यवस्था के लागू होने के समय 14.4 प्रतिशत था। जीएसटी परिषद ने खाद्य तेल, कोयला, एलईडी लैंप, प्रिंटिंग/ड्राइंग इंक, तैयार चमड़ा और सौर बिजली हीटर समेत कई उत्पादों पर उलट शुल्क ढांचे (कच्चे माल और मध्यवर्ती वस्तुओं के मुकाबले तैयार उत्पादों पर अधिक कर) में सुधार की भी सिफारिश की है। परिषद बुधवार को राज्यों को राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति व्यवस्था जून, 2022 के बाद भी जारी रखने की मांग पर विचार कर सकती है। इसके अलावा कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ जैसे विपक्ष-शासित राज्य जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था को पांच साल के लिए बढ़ाने या राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70-80 प्रतिशत करने की मांग कर रहे हैं। जीएसटी प्रणाली में सुधार पर भी राज्यों के वित्त मंत्रियों की रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। इसमें उच्च जोखिम वाले करदाताओं के बॉयोमीट्रिक सत्यापन के साथ वास्तविक समय में बैंक खातों के सत्यापन का सुझाव दिया गया है।

## सहकारी बैंकों को भी जल्द सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की अनुमति मिलेगी : शाह

**भाषा।** अहमदाबाद

**केंद्रीय सहकारिता** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि सहकारी बैंकों को जल्द ही सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जिम्मा सौंपा जाएगा। शाह ने यहां एक कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लेते हुए कहा, बहुत जल्द सहकारिता क्षेत्र इन सरकारी योजनाओं से जुड़ेगा जिससे आम आदमी से हमारा सीधा संपर्क बढ़ेगा। अब तक सहकारिता क्षेत्र को जेएएम डीबीटी योजनाओं से दूर रखा गया है लेकिन अब सरकार ने सहकारी बैंकों को भी इन सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का हिस्सा बनाने का फैसला किया है। जन-धन खाता, आधार नंबर और मोबाइल नंबर के सम्मिलित इस्तेमाल (जेएएम) से लाभार्थियों के बैंक खातों में सरकार की तरफ से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) वाली रकम भेजी जाती है। सरकारी सब्सिडी से जुड़ी गड़बड़ियां दूर करने के लिए सरकार जेएएम अभियान की मदद से जनधन खाते, आधार और मोबाइल नंबर को एक-दूसरे से जोड़ना चाहती है। शाह ने कहा कि फिलहाल 52 मंत्रालय जेएएम की मदद से लाभार्थियों को मदद पहुंचाने के लिए डीबीटी का इस्तेमाल करते हैं। इस तरह करीब 300 सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में सीधी रकम भेजी जाती है। वह अहमदाबाद स्थित गुजरात राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (खेती बैंक) की 70वीं सालाना आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने चूककर्ताओं से 190 करोड़ रुपए की वसूली करने के लिए इस सहकारी बैंक के प्रबंधन की सराहना भी की। शाह ने कहा, खेती बैंक ने गुजरात में कृषि क्षेत्र के विकास में बड़ा योगदान दिया है।

### मई में क्रेडिट कार्ड के जरिए 1.13 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान

**मुंबई।** देश में मई के दौरान क्रेडिट कार्ड से भुगतान बढ़कर 1.13 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया, जो एक महीने पहले यानी अप्रैल में 1.05 लाख करोड़ रुपए था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, मासिक आधार पर क्रेडिट कार्ड से भुगतान में वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत है। रिजर्व बैंक ने बताया कि आलोच्य माह के दौरान 7.68 करोड़ क्रेडिट कार्डधारकों ने ऑनलाइन माध्यम से सामान खरीदने के लिए 71,429 करोड़ रुपए का भुगतान किया। जबकि पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के जरिए कार्ड स्वाइप करके 42,266 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। वहीं, क्रेडिट कार्ड के जरिए ऑनलाइन भुगतान के लेन-देन की मात्रा मई में 11.5 करोड़ रही, जो ऑफलाइन या पीओएस मशीने के जरिए 12.2 करोड़ थी। आंकड़ों के अनुसार, यह रुख दर्शाता है कि क्रेडिट कार्डधारक ऑफ़लाइन माध्यम की तुलना में ऑनलाइन मंचों के जरिए औसतन अधिक मूल्य के लेनदेन कर रहे हैं।

## इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति के तहत 38 परियोजनाएं चिह्नित कीं

**भाषा।** नई दिल्ली

इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति अभियान के तहत मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी विकसित करने एवं ढांचागत फासले को दूर करने के लिए 38 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाएं चिह्नित की हैं। मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, पीएम गतिशक्ति के पोर्टल पर अब इस्पात मंत्रालय की भी मौजूदगी हो गई है। ढांचागत विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर, 2021 में पीएम गतिशक्ति अभियान की शुरुआत की थी। इसके जरिए ढांचागत विकास से जुड़े सभी मंत्रालयों एवं विभागों को एक मंच पर लाकर एकीकृत योजना बनाने और समन्वय स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने को चीन की युआन पूलिंग योजना

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए युआन पूलिंग योजना बनाई है। इसके तहत स्विट्जरलैंड स्थित बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के साथ एक समझौता किया गया है। बीआईएस के साथ पिछले शनिवार को हुए समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने रिजर्व पूल बनाकर भविष्य में बाजार की अस्थिरता के दौरान सहभागी केंद्रीय बैंकों को नकदी सहायता देने का लक्ष्य रखा है। चीन के शीर्ष बैंक ने कहा कि यह व्यवस्था युआन की उचित अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए है और इससे क्षेत्रीय वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। पीबीओसी ने कहा कि इस व्यवस्था में शुरू में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के केंद्रीय बैंक शामिल हैं।

## सेंसेक्स व निफ्टी गिरावट से उबरे

● वैश्विक बाजार का लाभ, लगातार चौथे दिन लाभ में

**भाषा।** मुंबई

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में तेजी आने के साथ कारोबार समाप्त होने से पहले ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन शेयरों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लाभ में रहे। यह लगातार चौथा कारोबारी सत्र है, जब बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 16.17 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,177.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 390 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, एशियाई बाजारों में तेजी लौटने तथा यूरोपीय बाजारों में शुरुआती बढ़त से बाजार नुकसान से उबरने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.15 अंक यानी 0.11 प्रतिशत के लाभ के साथ 15,850.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 15,710.15 और ऊंचे में 15,892.10 अंक तक गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौटी। इसका कारण वैश्विक बाजारों का बढ़त में रहना था। हालांकि, आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण तेल के दाम बढ़े हैं। नायर ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट और बांड प्रतिफल बढ़ने से घरेलू निवेशकों की जोखिम क्षमता प्रभावित हुई है। जिंसों से जुड़े शेयरों में तेजी और चीन में कोविड महामारी की रोकथाम के लिए लगाई गई पाबंदियों से वैश्विक बाजार बढ़त में रहे।

### रुपया 48 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 78.85 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई। डॉलर के मुकाबले रुपया गिरावट के नए रिकॉर्ड बनाने में लगा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे औंधे मुंह गिरकर 78.85 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर तक लुढ़क गया। गिरावट का कारण विदेशी पूंजी की बाजार से सतत निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 78.53 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला और कारोबार के अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे गिरकर 78.85 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 78.8550 प्रति डॉलर के नए ऐतिहासिक निचले स्तर तक गया। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक, अनुज चौधरी ने कहा, कमजोर घरेलू शेयर बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अबतक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी रुपए पर दबाव डाला।

### बीते वित्त वर्ष में डिजिटल विज्ञापनों का बोलबाला, निगरानी के लिए एआई की मदद :एएससीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने डिजिटल मंचों पर भ्रामक सामग्री संबंधी विज्ञापनों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली स्थापित की है। एएससीआई इसके लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग कर रहा है। एएससीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट में यह जानकारी दी। नियामक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और व्यक्तिगत देखभाल जैसे क्षेत्रों को डिजिटल श्रेणी में शीर्ष तीन उल्लंघनकारी श्रेणियों के रूप में पाया गया है। एएससीआई ने कहा कि विज्ञापन अब मोबाइल जैसी व्यक्तिगत स्क्रीन पर तेजी से दर्शाए जा रहे है। इसके कारण नियामकों के लिए विज्ञापनों के पैमाने और प्रभाव को समझना मुश्किल हो गया है। विज्ञापन बनाने वाली इकाइयों की संख्या में जोरदार वृद्धि हुई है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Dhriti Sunder Sahu S/o Sh. Binay Bhusan Sahu R/o 62-A, Sai Complex, Chhattarpur Enclave, New Delhi-110074 hereby confirm that the correct name of me and my father is Dhriti Sunder Sahoo S/o Sh. Benoy Bhusan Sahoo.

PD(90116)A

PUBLIC NOTICE

Our clientess, Ms. Deepa Monga wife of Late Shri. Naresh Kumar Monga, resident of A-1/18, Rana Partap Bagh, Delhi-110007 hereby notifies that she had executed (i) Will duly registered as document no.1743 in Book NO.3, Volume no.897 on pages 50 to 61 dated 20.05.2022 with the Sub-Registrar-VIA, Delhi in favour of her daughter, Neha Gadi w/o. Shri. Nitin Gadi and (ii) Will duly registered as document no.1745 in Book NO.3. Volume no.897 on pages 65 to 68 dated 20.05.2022 with the Sub-Registrar-VIA, Delhi in favour of his son, Nitin Monga s/o. Late Shri. Naresh Kumar Monga as per his own volition without any pressure, undue influence or misrepresentation from any corner.

MITTAL & MITTAL CO.
Advocates 614, 6th Floor, R.G. Trade Tower, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi - 110 034. Ph.9891188839
E-mail : mittal782004@yahoo.co.in

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that I, MAHENDER KUMAR S/O SHRI KRISHAN KUMAR R/O A-17, NEW HEERA PARK, NEAR DICHAON CHOWK, NAJAFGARH, NEW DELHI-110043, is the owner of PROPERTY BEARING NO.17, AREA MEASURING 55 SQ. YRDS., OUT OF KHASRA NO.,67/11, SITUATED IN THE REVENUE ESTATE OF VILLAGE DICHAON KALAN, DELHI STATE, DELHI abadi known as NEW HIRA PARK, DICHAON ROAD, NAJAFGARH, NEW DELHI-110043. The original documents i.e. ALL GENERAL POWER OF ATTORNEY, AGREEMENT TO SELL, PAYMENT RECEIPTS, WILLS and OTHER RELATED DOCUMENTS of the above said property have been lost or misplaced by me and is not traceable inspite of my best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.537218/2022 dated 27.06.2022. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9773616203, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform to me.

MAHENDER KUMAR (M): 9773616203

# पड़ोसियों के हमले में पति-पत्नी की मौत

## ●नाली से जुड़े विवाद में हुई घटना से मची सनसनी

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के क्वार्सी थाना क्षेत्र में नाली से जुड़े विवाद को लेकर पड़ोसियों के हमले से अधेड़ उम्र के पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनके तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्वार्सी थाना क्षेत्र के देवसैनी गांव में सोमवार रात हुई हिंसा का तात्कालिक कारण दोनों पड़ोसियों के घरों के बीच खुले नाले को लेकर हुआ विवाद था। हालांकि, उनके बीच दुश्मनी दो साल पहले हुई एक घटना के बाद से ही चल रही थी। अधिकारी के मुताबिक, रॉड, पत्थरों और लाठियों से हमला करने के बाद आधा दर्जन से अधिक हमलावर पीड़ितों को छोड़कर मौके से फरार हो गए। हमले में एक दंपति की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कलानिधि नैथानी ने संवाददाताओं को बताया कि हमले में घायल जगेंद्र पाल (50) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी पत्नी सर्वेश देवी (45) की अस्पताल ले जाने के कुछ ही देर बाद मौत हो गई। नैथानी के अनुसार, माता-पिता को बचाने के लिए दौड़े उनके तीनों बच्चे-सोनू (22), विशाल (19) और डॉली (16) भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। नैथानी के मुताबिक, हमलावरों में से दो अजय और जितेंद्र को पकड़ लिया गया है, जबकि अन्य नामित आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने इस दोहरे हत्याकांड को दो साल पहले हुई एक हिंसा का बदला लेने की कार्वाई करार दिया है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2020 में दोनों पड़ोसी परिवारों के बीच एक विवाद को लेकर हुई हिंसा में अधेड़ उम्र की एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद जगेंद्र पाल अपने गांव से बाहर चले गए थे। पुलिस के अनुसार, सोमवार की घटना में मारी गई सर्वेश देवी दो साल पहले की हिंसा में अपने दो बेटों के साथ कई माह जेल में बिताने के बाद जमानत पर बाहर थी। उसका परिवार अलीगढ़ शहर में रह रहा था। अधिकारियों ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले स्थिति सामान्य समझकर सर्वेश देवी और जगेंद्र पाल ने गांव लौटने का फैसला किया, लेकिन सोमवार रात दोनों परिवारों के बीच एक बार फिर हिंसा हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर पीड़ितों को ईंटों और लाठियों से तब तक पीटते रहे, जब तक उन्हें यकीन नहीं हो गया कि वे मर चुके हैं। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो सभी हमलावर भाग चुके थे और हमलावर परिवार की केवल एक महिला घर में मिली थी।

**शामली में प्रेमी की मदद से पति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार:** मुजफ्फरनगर। पड़ोसी शामली जिले के आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के हरदेव नगर मोहल्ले में एक महिला द्वारा अपने नाबलिग प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला काटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महिला और उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि हरदेव नगर मोहल्ले में अमित (25) की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन के आधार पर अमित की पत्नी शिवांगी (22) और उसके 17 वर्षीय प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। चंडीगढ़ के सेक्टर 38 निवासी अमित की मां रेखा ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में यह आरोप लगाया है कि शिवांगी के 17 वर्षीय किशोर से प्रेम संबंध की जानकारी अमित को हुई तो उसने विरोध किया। इसके बाद शिवांगी 24 जून को अपने प्रेमी के साथ चंडीगढ़ से भागकर शामली आ गई और यहां किराए के मकान में रहने लगी। अमित की मां ने बताया, अमित, शिवांगी की तलाश में बीते दिनों शामली आया और इस दौरान हुए विवाद में शिवांगी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला काटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि अमित और शिवांगी का नौ माह का बेटा भी है जो पिता की हत्या और मां के गिरफ्तार होने से अकेला हो गया है। सीओ ने बताया कि पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर शिवांगी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक की टक्कर से दम्पत्ति की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के सिंगरामऊक्षेत्र में मंगलवार को ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक दंपति की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बदलापुर थाना क्षेत्र के बडेरी निवासी सुभाष सिंह (48) अपनी पत्नी नीलम सिंह (45) के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे, इसी बीच सिंगरामऊक्षेत्र के बहरा इलाके के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दंपति को बदलापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है तथा मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाए गए हैं।


## गैस पाइपलाइन की प्रेशर मशीन फटने से युवक की जान गई

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के भोपा मार्ग पर स्थित एक मिठाई की दुकान के पास गैस पाइप लाइन की प्रेशर मशीन फटने से एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नई मंडी थाना के प्रभारी सुशील कुमार सैनी ने बताया कि घटना सोमवार की रात उस समय हुई जब बच्चा सिंह कॉलोनी निवासी विष्णु (30) रात 12 बजे अपनी स्कूटी से गुजर रहा था तभी अचानक भोपा मार्ग पर स्थित एक मिठाई की दुकान के सामने गैस पाइप लाइन की प्रेशर मशीन फट गई और विष्णु की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आईजीएल गैस कंपनी पाइप लाइन से इलाके में सीएनजी गैस आपूर्ति करती है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और उसके निष्कर्षों के अनुसार कार्वाई की जाएगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से मान्धातेश्वर मंदिर के शिखर का कलश हुआ क्षतिग्रस्त

### श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में भारत माता की प्रतिमा के समीप हुआ हादसा





**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में भारत माता की प्रतिमा के समीप स्थित मांधातेश्वर महादेव मंदिर के शिखर का कलश मंगलवार की दोपहर में हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा कोई भी जनहानि नहीं हुई। मंदिर प्रशासन की ओर से तत्काल शिखर के कलश के छतिग्रस्त टुकड़े को हटवा दिया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि बारिश शुरू होने के बाद श्रद्धालु धाम के जलपान केंद्र और अन्य हॉल के अंदर चले गए थे। अकाशीय बिजली के गिरने के दौरान मंदिर के आसपास कोई श्रद्धालु उपस्थित नहीं था। तत्काल इस शिखर का मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

## सुलतानपुर में मिनी बस के खड्ड में गिरने से दो लोगों की मौत, नौ घायल

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक मिनी बस के खड्ड में गिरने से चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लखनऊसे एक शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए वाराणसी जा रही मिनी बस लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के पटखौली गांव के निकट रास्ते में अचानक सांड़ के आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने बताया कि बस में चालक समेत 11 लोग सवार थे, जिसमें लखनऊ के दीनदयाल नगर निवासी राजेंद्र अवस्थी (55) एवं बहराइच जिले के जरवल थाना अंतर्गत करमुल्लापुर निवासी चालक ओंकार नाथ यादव (45) की मौत हो गई। अन्य नौ लोग घायल हो गए। लंभुआ के थाना प्रभारी ए. के. सिंह ने बताया कि लखनऊ-वाराणसी मार्ग पर लंभुआ बाईपास के निकट अचानक सांड़ के आ जाने से मिनी बस पलट गई और इस हादसे में चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। घायल नौ लोगों में चार की हालत गंभीर है जिन्हें जिला अस्पताल सुलतानपुर में भर्ती किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ डी. के. त्रिपाठी ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग की टीम हादसे में घायलों का इलाज कर रही है।

**मेरठ पुलिस का दावा, अवैध रूप से पटाखा बनाने के कारण ध्वस्त हुआ मकान:** मेरठ,। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के लिसाड़ी थाना क्षेत्र में कथित तौर पर रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक मकान ढहने और हादसे में एक महिला की मौत होने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि मकान में अवैध रूप से पटाखा बनाए जाने के कारण यह हादसा हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सजवाण के मुताबिक, स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार आशंका जताई जा रही थी कि यह दुर्घटना केवल सिलेंडर फटने से नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की फील्ड यूनिट की स्थलीय जांच में मकान में पटाखे बनाए जाने के साक्ष्य मिले हैं और इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (गैर-इरादतन हत्या) और विस्फोटक अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सजवाण के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चला है कि मकान में रहने वाले परिवार के मुखिया इंतजार के निकट संबंधी मुस्तकीम द्वारा वहां अवैध रूप से पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मुस्तकीम को जल्द ही हिरासत में लेकर साक्ष्य के अनुसार वैधानिक कार्वाई की जाएगी। घटनास्थल पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने मौका मुआयना भी किया। एसएसपी के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को शाम करीब चार बजे पुलिस को फोन पर सूचना मिली थी कि लिसाड़ी थाना क्षेत्र की समर गार्डन कॉलोनी में 60 फुटा रोड पर इंतजार नामक व्यक्ति के 100 गज जमीन में बने मकान में सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ध्वस्त हुए मकान के मलबे से आठ लोगों को बाहर निकाला था। इनमें से एक-मायके आई इंतजार की बेटी शमीमा (33) की सोमवार को ही मौत हो गई थी, जबकि सात घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## दंगा आरोपी बाबा बिरयानी के तीन प्रतिष्ठानों समेत छह रेस्तरां सील

### मुख्तार बाबा, दो बेटों बेटी, मां और एक कथित पाकिस्तानी नागरिक और करीब एक दर्जन अन्य के खिलाफ तीन अलग-अलग आपराधिक मामले किए गए दर्ज

**कानपुर।** कानपुर जिला प्रशासन ने सोमवार को छह रेस्टोरेंट सील कर दिए जिनमें तीन जून की हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार मुख्तार उर्फ बाबा बिरयानी के स्वामित्व वाले तीन रेस्तरां भी शामिल हैं। प्रयोगशाला में खाद्य सामग्री के नमूनों के असुरक्षित पाए जाने के बाद यह कार्वाई की गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपूर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित विवादित टिप्पणी के विरोध में तीन जून, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा में मुख्तार आरोपी है और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाबा बिरयानी के नाम से चर्चित मुख्तार की शहर में कई रेस्तरां हैं।अधिकारियों के मुताबिक प्रयोगशाला में खाद्य सामग्री के नमूनों के असुरक्षित पाए जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने नवीन मार्केट, काकादेव के एक मॉल तथा एक अन्य रेस्तरां, स्वरूप नगर में एक तथा परेड में दो रेस्तरां को सील किया है। मुख्तार के स्वामित्व वाले नवीन मार्केट, काकादेव के एक मॉल और स्वरूप नगर में बाबा बिरयानी के बिक्री केंद्र हैं।एक अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने सोमवार को जाजमऊ, यशोदा नगर, बेकनगंज और किदवई नगर के एक मॉल में मुख्तार बाबा के पांच और प्रतिष्ठानों पर भी छापा मारा और 18 नमूने एकत्र किए, जिन्हें जांच के लिए आगरा में एक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। जिलाधिकारी (डीएम) विशाख जी अय्यर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जेल में बंद मुख्तार उर्फ बाबा बिरयानी के आठ खाद्य प्रतिष्ठानों से तीन में से आठ जून को 24 नमूने लिए गए और नमूने जांच के लिए आगरा में एफएसडीए की प्रयोगशाला भेजे गए थे। जिलाधिकारी ने कहा, "हमें नौ नमूनों के निष्कर्ष मिले हैं और उनमें से आठ नमूने मानव स्वास्थ्य और उपभोग के लिए असुरक्षित पाए गए" उन्होंने कहा कि सभी दोषी खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को एफएसडीए अधिकारियों के साथ और सभी छह खाद्य प्रतिष्ठानों को सील करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। एफएसडीए के अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि मुख्तार बाबा के तीन खाद्य प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि मुख्तार बाबा को बेकनगंज में घातक हथियारों के साथ दंगा और हिंसा के तीन मामलों में नामित किया गया था और बाद में 22 जून को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्तार की गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले मुख्तार बाबा, उनके दो बेटों, बेटी, उनकी मां और एक कथित पाकिस्तानी नागरिक और करीब एक दर्जन अन्य के खिलाफ तीन अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा कि दो प्राथमिकी बजरिया थाने में, जबकि एक चमनगंज थाने में दर्ज हुई है।

## उदयपुर घटना के दोषियों पर हो तत्काल कड़ी कार्रवाई: देवेन्द्र मिश्र

**प्रयागराज।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र निवर्तमान संयोजक देवेन्द्र नाथ मिश्र ने उदयपुर की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना पर नाराजगी जताते हुए पंडित देवेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि दो दरिंदों मो रियाज एवं गौस मोहम्मद ने उदयपुर में एक टेलर को सिर्फ इसलिए गला काटकर मार डाला क्योंकि उसने नूपुर शर्मा की बातों का समर्थन किया था। कांग्रेस के मुस्लिम तुष्टिकरण ने जेहादियों का दुस्साहस इतना बढ़ा दिया है कि वह खुलेआम हिन्दुओं की हत्याएँ कर रहें हैं। इतना ही नही एक वीडियो वायरल कर टेलर का गर्दन धड़ से अलग करने के साथ प्रधानमंत्री का नाम लेकर उनके साथ भी ऐसा करने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं। यह अराजकता गहलोत सरकार द्वारा मजहब विशेष के उपद्रवियों को ढील देने का परिणाम है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए देवेंद्र नाथ मिश्र ने केन्द्र सरकार और न्यायपालिका से अपील की है कि तत्काल दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही हो ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

## नेपाली किशोरियों से सामूहिक बलात्कार: अदालत में बयान दर्ज

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के हरैय्या क्षेत्र में रविवार को हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को पीड़ित नेपाली किशोरियों को अदालत में पेश कर उनके बयान दर्ज कराए गए। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि कथित बलात्कार पीड़ित दो किशोरियों को विशेष पाक्सो अदालत में पेश किया गया, जहाँ उनके बयान दर्ज किए गए। इस दौरान हरैय्या थाने की पुलिस के साथ-साथ नेपाल की पुलिस भी मौजूद रही। गौरतलब है कि नेपाल के दांग जिले की ए दो किशोरियां सीमावर्ती क्षेत्र मणिपुर के साप्ताहिक बाजार में सामान लेने आ रही थीं तभी बलरामपुर के हरैय्या क्षेत्र स्थित जंगल में चार लोगों ने उनके साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरियों ने वापस अपने घर जाकर परिजनों से पूरी घटना बताई। परिजन नेपाल पुलिस के पास गए और नेपाल पुलिस दोनों किशोरियों को लेकर हरैय्या थाने पहुँची थी। हरैय्या पुलिस ने चारों आरोपियों रामचंद्र, राजेंद्र, राकेश और पिंटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## शाहजहांपुर में बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में लुका-छुपी खेल रही साढ़े पांच साल की बच्ची को गांव के ही दो किशोर बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गए और उससे कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव वाजपेई ने मंगलवार को बताया कि घटना थाना बंडा अंतर्गत एक गांव की है। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम बच्चे लुका-छुपी खेल रहे थे, लेकिन इसी दौरान खेल में शामिल कक्षा दो का सात वर्षीय छात्र 11 वर्षीय एक अन्य लड़के के साथ बच्ची को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और उससे बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वाजपेई ने बताया कि घटना के बाद बच्ची किसी तरह रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई।

## प्रेमी-प्रेमिका ने की खुदकुशी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के सोनहा थानाक्षेत्र के एक गांव के दो समुदायों के किशोरवय प्रेमी-प्रेमिका ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबिका राम ने बताया कि पुलिस ने गांव के पोखरे के पास से 16 वर्षीय लड़की और 17 वर्षीय लड़के का शव सोमवार की सुबह पेड़ के फंदे से बरामद किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार दोनों के बीच काफी समय से प्रेम चल रहा था।उन्होंने बताया कि पड़ोसियों के अनुसार लड़की की मां नहीं है और पिता मुंबई कमाते हैं। उन्होंने बताया कि मृतक लड़के के भाई ने कहा कि रविवार को उसका भाई घर से निकला था और देर तक नहीं लौटा तो फोन पर संपर्क किया तो उसने फोन काट कर एक मैसेज भेजा जिसमें लिखा था, मैं कभी वापस नहीं आऊंगा बहुत दूर जा रहा हूं। राम ने बताया कि ग्रामीणों का कहना है कि ए दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते थे और इनका प्रेम प्रसंग वर्ष भर पुराना था। उन्होंने बताया कि चार माह पहले इन दोनों को साथ देखा गया तो लड़की के घरवालों ने उसे अपनी नानी के गांव भेज दिया था। उन्होंने बताया कि रविवार को दोनों ही नानी के गांव में मिले तथा सुबह इनकी शव पेड़ के फंदे से लटकते मिले।प्रभारी निरीक्षक थाना (सोनहा) शशांक शेखर राय ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान मृतक लड़की और लड़के के परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि फंदे पर लटकने की वजह से मौत हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि अलग से किसी चोट का निशान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं है। उन्होंने दावा किया कि दोनों ने आत्महत्या की है।

**सचिव से अभद्रता में मेठ समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज:** कमालगंज फर्रूखाबाद। ग्राम पंचायत में बन रही पानी की टंकी की गलियों में पड़ रही पाइप लाइन का निरीक्षण करने पहुंचे सचिव से अभद्रता कर रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मेठ व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। ग्राम पंचायत अमानाबाद के ग्राम विकास अधिकारी आदित्य कुमार सिंह ने मेठ चमन खान व एक अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा कि ग्राम पंचायत में पानी की टंकी की पाइप लाइन डाली जा रही है। सोमवार को वह गदनपुर देवराजपुर प्रधान के पति जयसिंह के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। वहां काम कर रहे श्रमिकों से कहा कि पाइप लाइन डालने के बाद सड़क ठीक करते चलो।

## महराजगंज में आकाशीय बिजली गिरने से किशोरी समेत दो की मौत, दो अन्य लोग घायल

**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के एक धान के खेत में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी समेत दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि घटना आज सुबह निचलौल थाना क्षेत्र के डिगही गांव की है। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि खेत में बिजली गिरने से रघुवर नायक (45) और खुशी (16) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य दो घायलों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

## दहशत का पर्याय बनी बाघिन पकड़ी गई



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी जिले में दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) बफर जोन के मांझरा पूरब इलाके में पिछले कुछ दिनों से दहशत का पर्याय बनी दो बाघिनों में एक को पकड़ लिया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कतर्नियाघाट के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार ने बताया कि बाघिन को सोमवार देर रात वन विभाग द्वारा बनाए गए पिंजरे में कैद कर लिया गया। कुमार के मुताबिक, पकड़ी गई बाघिन को कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य ले जाया गया है और आगे की कार्वाई अधिकारियों के निर्देशानुसार की जाएगी। गौरतलब है कि बाघिन 18 से 27 जून के बीच दुधवा बफर जोन में मांझरा पूरब के जंगलों के करीब खैरतिया क्षेत्र में चार लोगों की जान ले चुकी है। बाघिन ने 18 जून को स्थानीय पुजारी मोहन दास को खैरतिया-मांझरा मार्ग स्थित मंदिर परिसर में मार डाला था, जबकि 23 जून को उसने खैरतिया गांव के पास 14 वर्षीय सूरज सिंह की जान ले ली थी। 27 जून को बाघिन ने नरेंद्रनगर बेली गांव में 33 वर्षीय युवक नागेंद्र सिंह और 43 वर्षीय महिला मिंदर कौर को मार डाला था। एक के बाद एक चार लोगों की मौत ने ग्रामीणों के साथ-साथ वन अधिकारियों को भी झंकझोर कर रख दिया था।दुधवा के फील्ड निदेशक संजय कुमार पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया, उत्तर प्रदेश के मुख्य वन्यजीव संरक्षक को एक रिपोर्ट भेजी गई थी, जिन्होंने मानव जीवन पर मंडराते खतरे को देखते हुए बाघिन को पकड़ने की अनुमति दी थी। पाठक के मुताबिक, सघन तलाशी, गश्ती और ड्रोन व कैमरों से की गई निगरानी के दौरान क्षेत्र में दो बाघिनों की आवाजाही देखी गई थी, जिनमें एक को पकड़ लिया गया है।

## फास्ट फूड बेचने वाले किशोर को दिल दे बैठी किशोरी, पकड़े जाने पर खाया जहर, गंभीर

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**मिर्जामुराद** क्षेत्र के राजातालाब बाजार में ठेले पर फास्टफूड बेचने वाले किशोर को एक किशोरी अपना दिल दे बैठी। सोमवार की देर रात दोनों घर से भाग निकले। खोजबीन कर रहे परिजनों ने उन्हें भदोही में पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद युवक ने जहर निगल लिया। उसका उपचार एक निजी हॉस्पिटल में करवाया गया। मिर्जामुराद क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय लड़का राजातालाब बाजार में फास्टफूड की दुकान चलाता है। दुकान पर आते जाते ही उसकी जान पहचान पड़ोस की एक नाबालिग लड़की के साथ हो गई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा। सोमवार की रात दोनों एक साथ राजातालाब से फरार हो गए। इस घटना के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। भदोही जिले के बभनौटी क्षेत्र में दोनों को देखने की सूचना रिश्तेदार द्वारा युवक के पिता को मिली। दोपहर बाद दोनों को लड़के के पिता ने पकड़ लिया। इसी दौरान युवक ने जहर निगल लिया। परिजनों ने युवक को राजातालाब में ईलाज के लिए भर्ती कराया। सूचना मिलने पर लड़की के परिजन अस्पताल पहुंचे जहां लड़के के पिता ने उनकी बेटी को सौंप दिया। वहीं उपचार के बाद नाबालिग प्रेमी भी अपने परिजनों के साथ घर चला गया। दोनों लड़के लड़की अंतरजातीय बताए जा रहे हैं

## छोटे बच्चों के स्वास्थ के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** बच्चों के आराम पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसमें अनेक नई खूबियां हैंए जैसे 12 घंटे तक सोखने की क्षमता और गीलेपन का संकेत प्रदान करना। इन खूबियों के कारण माता.पिता को अपने बच्चों की स्वच्छता सुनिश्चित करने में मदद मिलती है ये ऐसे अभिभावक हैंए जो अपने बच्चे को हर समय सहज और आरामदेह स्थिति में रखने की भरसक कोशिश करते हैं ।ष्इस प्रकार कंपनी ने इसे नए माता.पिताओं के लिए किफायती और सुलभ बनाने का प्रयास किया है। एसए एम और एल आकार के लिए सिंगल्स पैक की कीमत क्रमशः 9ए 10ए 12 रुपए रखी गई है।

## वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी की

**वाराणसी।** एडवर्टाइज़िंग स्टैंडर्ड्सकाउन्सिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने 21 अप्रैल से 22 मार्च कीअवधि के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी की, जिसके दौरान कंपनी ने प्रिंट, डिजिटल औरटेलीविजन सहित सभी माध्यमों में 5,532 विज्ञापनों को संसाधित किया। डिजिटल डोमेन पर विशेषतौर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, एएससीआई द्वारा 94 प्रतिशत समग्रअनुपालन दर देखी गई। वार्षिक रिपोर्ट के बारे में बात करते हुए, सुभाष कामथ, चेयरमैन, एएससीआई,ने कहा, जिस तरह से यह विज्ञापन परिदृश्य पर हावी है, वर्ष 2021-22 एक ऐसा वर्ष था, जब हमने डिजिटल मीडिया की निगरानी में तेजी लाने के अपने वादे का पालन किया। हमने प्रौद्योगिकी में भारी निवेश किया है और यह काफी अच्छा परिणाम हमारे सामने लेकर आया है।

# हुड्डा का शानदार शतक, विशाल स्कोर

## ● आयरलैंड के खिलाफ भारत ने सात विकेट पर 227 रन बनाए

**भाषा।** मालाहाइड




**दीपक हुड्डा** के शानदार शतक से भारत ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे और आखिरी टी20 मैच में मंगलवार को सात विकेट पर 227 रन बनाए। हुड्डा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ने वाले चौथे भारतीय बन गए। उन्होंने 57 गेंद में 104 रन बनाए जिसमें नौ चौके और छह छक्के शामिल थे। संजू सैमसन ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 42 गेंद में नौ चौकों और चार छक्कों के साथ 77 रन की पारी खेली। सैमसन को रूतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण इस मैच में मौका मिला जिसे उन्होंने बखूबी भुनाया। हुड्डा और सैमसन दोनों ने अपनी पारियों में दर्शनीय स्ट्रोक्स लगाए। भारत की शुरूआत हालांकि अच्छी नहीं रही और ईशान किशन तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे ओवर में मार्क एडेयर की गेंद पर विकेट के पीछे लोरकान टकर को कैच थमाकर उन्होंने अपना विकेट गंवाया। इसके बाद हुड्डा और सैमसन ने 85 गेंद में 176 रन की साझेदारी करके भारत के विशाल स्कोर की नींव रखी। आयरलैंड के अनुभवहीन गेंदबाजों पर दोनों ने दबाव बनाते हुए मनचाहे शॉट्स खेले। सैमसन को नौवें ओवर में जीवनदान मिला जब लेग स्पिनर जेरेथ डेलानी ने उनका कठिन रिटर्न कैच टपकाया। इससे पहले आठवें ओवर में पॉल स्टर्लिंग ने हुड्डा का कैच छोड़ा था। सैमसन 17वें ओवर में एडेयर की गेंद पर आउट हुए। हुड्डा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला शतक 55 गेंद में पूरा किया। उनसे पहले रोहित शर्मा, केएल राहुल और सुरेश रैना ही इस प्रारूप में भारत के लिए शतक बना सके हैं। हुड्डा का विकेट गिरने के समय भारत का स्कोर 212 रन था। दिनेश कार्तिक, हर्षल पटेल और अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके।भारत ने आखिरी दो ओवर में 14 रन के भीतर तीन विकेट गंवाए। सूर्य कुमार यादव 15 रन बनाकर आउट हुए जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** सैमसन बो एडेयर 77,किशन का टकर बो एडेयर 3, हुड्डा का मैकब्रायन बो लिटिल 104,सूर्यकुमार का टकर बो लिटिल 15, पंड्या नाबाद 13,कार्तिक का टकर बो यंग 0,पटेल का डॉकरेल बो यंग 0,हर्षल बो एडेयर 0, भुवनेश्वर नाबाद 1, **अतिरिक्त** : 12 रन, **कुल योग** : 20 ओवर में सात विकेट पर 225 रन, **विकेट पतन** : 1-13 ,2-189 3-206,4-212, 5-217, 6-217, 7-226 , **गेंदबाजी** : एडेयर 4-0-42-3, लिटिल 4-0-38-2,यंग 4-0 - 35 - 2 डेलानी 4- 0- 43 -0 कोनोर 3-0- 47-0 मैकब्रायन 1 -0 -16- 0

## भारतीय स्पिनर राधा यादव की महिला टी20 रैंकिंग में सुधार

**दुबई।** श्रीलंका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग के मुताबिक श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में चार विकेट हासिल करने के बाद राधा गेंदबाजों की सूची में सात पायदान आगे बढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों की तालिका में श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू तीन मैचों में 139 रन बनाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने दाम्बुला में अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 80 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। वह हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी दो स्थान के सुधार के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की स्मृति मंधाना (चौथे), जेमिमा रोड्रिग्स (14वें) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (18वें) ने बल्लेबाजी सूची में अपने स्थान बरकरार रखे हैं। रैंकिंग में आगे बढ़ने वाली अन्य भारतीय गेंदबाज पूजा वस्त्राकर हैं, जो 30 पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# मोर्गन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**भाषा।** लंदन



**अपने शानदार** नेतृत्व कौशल से सीमित ओवरों के प्रारूप में इंग्लैंड को शिखर पर पहुंचने वाले कप्तान इयोन मोर्गन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इंग्लैंड के 2015 क्रिकेट विश्व कप में निराशाजनक विफलता के बाद मोर्गन टीम की कमान संभालते हुए सफेद गेंद के प्रारूप में बेखौफ और आक्रामक दृष्टिकोण अपनाकर टीम को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले गए। उनके नेतृत्व में इंग्लैंड 2019 पहली बार एकदिवसीय विश्व कप का चैम्पियन बना और उन्होंने हर बड़ी टीम के खिलाफ श्रृंखला में जीत का स्वाद चखा। उनकी सफलता का प्रतिशत 60 के आसपास है। इंग्लैंड क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, जैसा कि सभी महान खिलाड़ियों और कप्तानों के साथ होता है उसने अपनी और और आने वाली पीढ़ियों के लिए खेलने के तरीके को बदल दिया। खेल में उनकी विरासत को आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। मोर्गन के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम के नाम एकदिवसीय मैचों के तीन बड़े स्कोर है। टीम ने पिछले सप्ताह ही नीदरलैंड के खिलाफ चार विकेट पर रिकॉर्ड 498 रन बनाए थे। वह हालांकि पिछले कुछ समय से बल्ले से दमदार प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। नीदरलैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में वह खाता नहीं खोल सके जबकि तीसरे मैच में चोट के कारण टीम से बाहर रहे। इस 35 साल के खिलाड़ी ने पिछले डेढ़ साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय की 48 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक जड़ है। यह निस्संदेह मेरे करियर का सबसे सुखद अध्याय रहा। संन्यास का फैसला करना आसान नहीं था लेकिन मेरा मानना है कि मेरे लिए ऐसा करने का यही सही समय है। मोर्गन के साथ 2019 विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली भी कप्तान के इस फैसले से हैरान नहीं थे

## लियोन और भूटिया के अनुबंध बढ़ाए

**बेंगलुरू।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल फ्रेंचाइजी बेंगलुरू एफसी ने मंगलवार को युवा विंगर लियोन आगस्टीन और विंग बैक नामग्याल भूटिया के मौजूदा अनुबंधों में विस्तार की घोषणा की। लियोन के अनुबंध में दो सत्र का विस्तार किया गया है जबकि भूटिया नए करार के बाद 2025-26 सत्र के अंत तक बेंगलुरू की टीम से जुड़े रहेंगे। लियोन 2016 में ट्रायल के जरिए क्लब से जुड़े थे और बेंगलुरू एफसी की पहली रिहायशी अकादमी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 2018 एएफसी कप में सीनियर टीम की ओर से पदार्पण किया।

## 36वीं शिवानी कप संडे ओपन चेस टूर्नामेंट 3 जुलाई को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 36वीं शिवानी कप संडे ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 3 जुलाई 2022 को मानसरोवर योजना शहीद पथ स्थित शिवानी पब्लिक स्कूल के परिसर में होगा।लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि कुल 21ए100 रूपए की ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में ओपनए अंडर.11ए वेटरन आयु वर्ग एवं महिला वर्ग में स्विस सिस्टम और फिडे नियमों के तहत मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नः 9559999158 पर सम्पर्क कर सकते है।

## एएफआई ने राष्ट्रीय स्तर के एथलीट को शिविर से निकाला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्तर के एथलीट आयुष डबास को मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एनआईएस पटियाला के राष्ट्रीय शिविर से उनके कमरे में सीरिंज और सुइयां (इंजेक्शन) मिलने के बाद बाहर कर दिया। एएफआई ने डबास को नो नीडल पॉलिसी का उल्लंघन करने की सजा दी है। यह नियम 2018 से प्रभावी है। एएफआई ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बताया, एएफआई की नो नीडल पॉलिसी के तहत आयुष डबास को राष्ट्रीय कोचिंग कैंप से हटा दिया गया है क्योंकि उनके कमरे में सीरिंज और सुइयां पाई गई थी।

## मुंबई इंडियन्स ब्रिटेन दौरा आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 15 में लचर प्रदर्शन के बाद मुंबई इंडियन्स ने अगले सत्र की तैयारी अभी से शुरू कर दी है और फ्रेंचाइजी अंतरराष्ट्रीय पदार्पण नही करने वाले अपने भारतीय खिलाड़ियों को जुलाई में तीन महीने के अनुभव दौरे पर इंग्लैंड लेकर जाएगी। विभिन्न आधुनिक केंद्रो ट्रेनिंग के अलावा कई काउंटी की शीर्ष क्लब टीम के खिलाफ कम से कम 10 टी20 मैच खेलने का मौका मिलेगा।

## विल्सन डोपिंग मामले में चार साल के लिए प्रतिबंधित

**बर्न (स्विट्जरलैंड)।** स्विट्जरलैंड के फर्राटा धावक एलेक्स विल्सन को एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल के लिए मंगलवार को चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। स्विट्जरलैंड के डोपिंग रोधी न्यायाधिकरण ने अपने फैसला में कहा कि उन्होंने जानबूझकर एनाबॉलिक स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया था।

## स्पिन की चुनौती से निपटने के लिए तैयार : कमिंस

**गॉल।** श्रीलंका से अप्रत्याशित हार झेलने वाली ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि टीम स्पिनरों की मददगार पिचों पर बुधवार से शुरू हो रही दो मैचों की श्रृंखला में बेहतर बल्लेबाजी करेगी।

# आक्रामकता के साथ भारत के खिलाफ उतरेगा इंग्लैंड : बेन




**भाषा।** लीड्स

**न्यूजीलैंड के** खिलाफ 3-0 के क्लीनस्वीप के दौरान आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि भारत के खिलाफ होने वाले आगामी पांचवें टेस्ट में उनकी टीम के जज्बे में कोई कमी नहीं आएगी। नए कप्तान स्टोक्स और नए कोच ब्रैंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने गत विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट पिछले साल की पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ टेस्ट है जिसे मेहमान टीम के खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। यह टेस्ट शुक्रवार से खेला जाएगा। स्टोक्स ने सोमवार को कहा, जब मैं यह बोल रहा हूं तो मुझ पर विश्वास कीजिए। हम इसी (आक्रामक) मानसिकता के साथ उतरेंगे, हालांकि यह अलग विरोधी बेशक, यह पूरी तरह से अलग होगा... अलग विरोधी, उनका आक्रमण और खिलाड़ी भी अलग। हम इस पर ध्यान लगा रहे हैं कि इन पिछले तीन मैच में हमने क्या अच्छा किया है और शुक्रवार को भारत के खिलाफ भी इसे जारी रखने का प्रयास करेंगे। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2- । से आगे चल रहा है लेकिन इंग्लैंड की तरोताजा टीम से भिड़ेगा जिसमें पिछले साल भारत के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने वाली टीम के सिर्फ चार सदस्य (ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन) शामिल हैं। पिछले साल स्टोक्स भी श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व पिछले कुछ महीनों में इंग्लैंड की टीम मुश्किल दौर से गुजर रही थी और इस दौरान 17 टेस्ट में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई। टीम के अपने साथियों की सराहना करते हुए स्टोक्स ने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ 3-0 से श्रृंखला जीतना काफी विशेष शुरुआत है। अप्रैल में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के 0- । से टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद रूट ने कप्तानी छोड़ दी और स्टोक्स को यह जिम्मेदारी दी गई।

## टी-20 विश्व कप के बाद सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा भारत

**वेलिंगटन।** आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के बाद भारत तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचो की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रृंखला का आयोजन 18 से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। इसके बाद अगले साल जनवरी में न्यूजीलैंड की टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारत आएगी। एनजेडसी ने विज्ञप्ति मे कहा, भारत विश्व कप के खत्म होने के बाद ब्लैककैप्स (न्यूजीलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का चर्चित नाम) के खिलाफ वेलिंगटन, तौरंगा और नेपियर मे तीन टी20 और आक्लैंड मे तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड आएगा। ब्लैककैप्स इसके बाद पाकिस्तान दौरे और भारत मे संक्षिप्त श्रृंखला के लिए उपमहाद्वीप के दौरे पर जाएंगे और फिर फरवरी की शुरुआत मे टीम स्वदेश लौटेगी और तौरंगा (दिन-रात्रि) तथा वेलिंगटन मे इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट की तैयारी करेगी। भारत शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट खेलेगा जो पिछले साल आयोजित होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ एक टेस्ट है। इसके बाद दोनों टीम के बीच तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला भी होगी। भारतीय टीम इसके बाद तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय की श्रृंखला के लिए जुलाई-अगस्त मे वेस्टइंडीज का दौरा करेगी जो टी20 विश्व कप से पहले होगा। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बीच न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ दिन-रात का टेस्ट भी खेलेगी जबकि 2022-23 के घरेलू सत्र मे छह टीम देश का दौरा करेंगी। भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड और श्रीलंका की पुरुष टीम तथा बांग्लादेश की महिला टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेंगी। न्यूजीलैंड की महिला टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों मे हिस्सा लेने के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी और वहां से लौटने के बाद टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला मे बांग्लादेश की मेजबानी करेगी। इसके बाद टीम जनवरी मे दक्षिण अफ्रीका रवाना होगी जहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खेला जाएगा।

# स्वियातेक ने लगातार 36वां मैच जीता

## ● गॉ भी विम्बलडन के दूसरे दौर में पहुंची

**भाषा।** विम्बलडन



**विश्व रैंकिंग** में पहले स्थान पर काबिज महिला एकल खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मंगलवार को यहां ऑल इंग्लैंड क्लब पर साल के तीसरे ग्रैंडस्लैम विम्बलडन में एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। पोलैंड की खिलाड़ी ने सेंटर कोर्ट में खेले गए मुकाबल में क्रोएशिया की क्वालीफायर जाना फेट को 6-0, 6-3 से शिकस्त देकर लगातार 36वीं जीत दर्ज की, जिसमें फ्रेंच ओपन के सभी मैच भी शामिल है। यह 1997 में मार्टिना हिंगिस (लगातार 37 जीत) के बाद से महिला वर्ग में पर सबसे लंबी जीत का सिलसिला है। फ्रेंच ओपन के फाइनल में स्वियातेक से हार झेलने वाली कोको गॉ ने भी सफर जीत से शुरू की। अमेरिका की 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने रोमानिया की एलेना-गैब्रिएला रुसे 2-6, 6-3, 7-5 से हराया। फ्रेंच ओपन खिताब को 2021 में जीतने वाली चेक गणराज्य की 13वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेइसिकोवा ने बेल्जियम की मैरीना ज़ानेवस्का को 7-6, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। अन्य प्रमुख महिला खिलाड़ियों में पाउला बडोसा, मारिया सक्कारी, एलेना ओस्टापेंको और चीन की शुआई झांग भी जीत के साथ आगे बढ़ने में सफल रहे। ओलंपिक चैंपियन बेलिंडा बेनसिच को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। स्विट्जरलैंड की 14वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को चीन की कियांग वांग से 4-6, 7-5, 2-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हारने वाली वरीयता प्राप्त खिलाड़ी में स्विट्जरलैंड की जिल टेचमैन,अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा और कजाकिस्तान यूलिया पुतिनत्सेवा शामिल है।

### माटियो बेरेटिनी बाहर

**विंबलडन।** विबलडन मे पिछले साल के उप विजेता माटियो बेरेटिनी कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। बेरेटिनी पहले दौर का मुकाबला खेलने से कुछ घंटे पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए। आल इंग्लैंड क्लब ने बेरेटिनी के हटने की घोषणा की। बेरेटिनी ने इस बारे मे इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके जानकारी दी। बेरेटिनी ने कहा फ्लू जैसे लक्षण दिखने के बाद वह पिछले कुछ दिनों से पृथकवास पर है और उनका दिल टूट गया है।

## भावना विश्व चैम्पियनशिप से हटीं, सीमा के भाग लेने पर संशय

**नई दिल्ली।** पैदल चाल खिलाड़ी भावना जाट अगले महीने अमेरिका में होने वाले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गई है। जबकि अनुभवी चक्का फेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया के इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में भाग लेने को लेकर संशय बना हुआ है। इस प्रतियोगिता में अभी कुछ और भारतीय विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से क्वालीफाई कर सकते है। प्रतियोगिता के लिए क्वालिफिकेशन समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई और विश्व एथलेटिक्स बुधवार को 15 से 24 जुलाई तक होने वाले आयोजन के लिए प्रतिभागियों की सूची प्रकाशित करेगा।

# वेस्टइंडीज ने टेस्ट श्रृंखला पर किया कब्जा

## ● बांग्लादेश को 10 विकेट से हरा

**भाषा।** ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)



**वेस्टइंडीज** ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में सोमवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली। मेजबान वेस्टइंडीज ने दोनों टेस्ट चार दिन के अंदर जीते। मैदान गीला होने के कारण सोमवार को पहले दो सत्र का खेल नहीं हो पाया। बांग्लादेश की टीम हालांकि जब छह विकेट पर 132 रन से आगे खेलने उतरी तो सिर्फ 12 ओवर में ही मैच का नतीजा आ गया। बांग्लादेश ने जब दिन का खेल शुरू किया तो वह वेस्टइंडीज के पहली पारी के स्कोर से 42 रन पीछे थी। बांग्लादेश ने नौ ओवर में 54 रन जोड़े और पूरी टीम 186 रन पर सिमट गई। नुरूल हसन 50 गेंद में 60 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 13 रन की दरकार थी जिस लक्ष्य को सलामी बल्लेबाजों जॉन कैंपबेल (नाबाद 09) और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (नाबाद 04) ने 17 गेंद में ही हासिल कर लिया।

## साइ के सोनीपत केन्द्र में अभ्यास और खाने की बेहतर सुविधा से संतुष्ट हुए पहलवान

**सोनीपत।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सोनीपत केन्द्र में पिछले कुछ दिनों में खाने की गुणवत्ता में सुधार और अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मुहैया होने से यहां प्रशिक्षण ले रहे पहलवान काफी संतुष्ट हैं। अभी कुछ दिन पहले की ही बात है जब पहलवानों को एक ऐसे हॉल के अंदर प्रशिक्षण के लिए मजबूर होना पड़ता था जहां एयर-कंडीशनर के सही से काम नहीं करने के कारण तापमान 39 डिग्री तक बढ़ जाता था, जिससे एथलीटों को चोट और स्वास्थ्य जोखिम होता था।

## मप्र ने चार गेंदबाजों के साथ रणजी फाइनल में उतरने का जुआ खेला और खिताब जीता : कोच



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के पहले रणजी खिताब के प्रमुख शिल्पकार कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि उनकी टीम ने फाइनल में दिग्गज मुंबई के खिलाफ चार गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरने का जुआ खेला और आखिरकार ट्रॉफी जीतने में सफल रही। पंडित सोमवार रात इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा विजेता टीम के भव्य स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई वाली टीम ने 41 बार की रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी दी और मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब अपने नाम किया।

## डाइमंड लीग में टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर उत्साहित था: एम श्रीशंकर

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वीजा संबंधित मुद्दों के कारण आगामी डाइमंड लीग से हटने का मलाल है क्योंकि वह स्टॉकहोम में ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर बेहद उत्साहित थे। श्रीशंकर को 30 जून से स्वीडन में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा क्योंकि अगले महीने ओरेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का वीजा तैयार करने के लिए उनका पासपोर्ट नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक श्रीशंकर ने कहा कि डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से वह विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारी को बेहतर कर पाते लेकिन वहां नहीं खेलने से जरूरी नहीं कि उन पर असर पड़े क्योंकि उनकी पहली प्राथमिकता विश्व चैंपियनशिप है।

# प्रणय, सात्विक-चिराग जीते, प्रणीत व समीर बाहर

## ● मलेशिया ओपन बैडमिंटन

**भाषा।** कुआलालंपुर




**भारत के एचएस** प्रणय ने कड़े मुकाबले में स्थानीय दावेदार डेरेन ल्यू को हराकर मंगलवार को यहां मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। इस महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले और दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल रह चुके प्रणय ने 62 मिनट चले मुकाबले में मलेशियाई खिलाड़ी को 21-14 17-21 21-18 से हराया। दुनिया के 21 नंबर के खिलाड़ी प्रणय इस सुपर 750 टूर्नामेंट के अगले दौर में चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन से भिड़ेंगे। प्रणय की जीत से भारतीय खेमे को खुशी का मौका मिला क्योंकि इससे पहले बी साई प्रणीत और समीर वर्मा को कड़े मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत को दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग ने हराया जबकि समीर को इंडोनेशिया के ही दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी 30 साल के प्रणीत को गिनटिंग के खिलाफ 50 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में 15-21 21-19 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने प्रणीत के खिलाफ चार मुकाबले जीते हैं जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दोनों पिछली बार 2020 एशियाई टीम चैंपियनशिप के दौरान भिड़े थे और तब प्रणीत के चोट के कारण हटने पर गिनटिंग ने मैच जीता था। चोट के बाद वापसी कर रहे समीर को भी 49 मिनट चले मैच में क्रिस्टी के खिलाफ 14-21 21-13 7-21 से हार झेलनी पड़ी। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के ची लिन वांग और यांग ली की जोड़ी को शुरुआती दौर में 21-18, 21-11 से शिकस्त दी। महिला युगल में हालांकि भारतीय जोड़ी को निराशा हाथ लगी।

अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला जोड़ी पहले दौर में नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की छठी वरीय जोड़ी से 15-21 11-21 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। प्रणय ने धीमी शुरूआत की लेकिन ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। ल्यू ने कुछ गलतियां भी की जिससे भारतीय खिलाड़ी लगातार बढ़त बनाए रखने में सफल रहा और पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ल्यू ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7-4 की बढ़त बनाई। प्रणय ने नेट पर आकर खेलने का प्रयास किया लेकिन कुछ सहज गलतियां की जिससे ल्यू ने चार गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर मलेशियाई खिलाड़ी ने स्मैश के साथ बराबरी हासिल कर ली।

## ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का निधन

**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व कप पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का मंगलवार सुबह जालंधर में निधन हो गया। वर्ष 1970 के दशक में भारत की कई यादगार जीत का हिस्सा रहे वरिंदर 75 साल के थे। वरिंदर 1975 में कुआलालंपुर में पुरुष हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का अब तक का एकमात्र स्वर्ण पदक है। भारत ने तब फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2- । से हराया था। वरिंदर 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक और एम्सटरडम में 1973 विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। वरिंदर की मौजूदगी वाली टीम ने 1974 और 1978 एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता। वह 1975 मांट्रियल ओलंपिक में भी भारतीय टीम में शामिल थे।

## कोच्चि फ्रेंचाइजी के दस्तावेजों में हस्ताक्षर में विलंब का हर संभव प्रयास किया ललित मोदी ने: किताब



**नई दिल्ली।** नई किताब में खुलासा किया गया है कि इंडियन प्रीमयर लीग के संस्थापक ललित मोदी ने अब भंग हो चुकी फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के दस्तावेजों में हस्ताक्षर के लिए 2010 में अंत तक विलंब किया था और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्कालीन अध्यक्ष शशांक मनोहर के आधी रात के बाद आए फोन के बाद ही वह झुके थे। लेखक-पत्रकार बोरिया मजूमदार की किताब मैवरिक कमिश्नर: द आईपीएल-ललित मोदी सागा के अनुसार कई बैठक हुई लेकिन हर बार ललित कागजातों में बदलाव के लिए कहते या आईपीएल मैच के लिए बेंगलुरू चले जाते। मजूमदार ने संस्थान बनाम व्यक्ति शीर्षक के अध्याय में लिखा, मुझे बताया गया था कि कोच्चि प्रतिनिधिमंडल फ्रेंचाइजी करार पर हस्ताक्षर लेने के लिए 10 अप्रैल 2010 को मुंबई के फोर सीजन्स होटल में ललित से मिला जहां वह रुके हुए थे।